नई दिल्ली
शनिवार, 19 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 04
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

मौसम
अधि. 40
न्यून. 22

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### भारत की सांस्कृतिक विरासत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम

# यूनेस्को के मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में भगवद् गीता नाट्यशास्त्र शामिल, पीएम मोदी ने बताया गर्व का क्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



यूनेस्को ने भगवद गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया है। यह भारत की सांस्कृतिक विरासत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारत के लिए गर्व का क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि यह हमारी प्राचीन ज्ञान और संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान है। यूनेस्को का मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर दुनिया की महत्वपूर्ण दस्तावेजी धरोहरों को बचाने और उन्हें हमेशा के लिए उपलब्ध कराने की एक कोशिश है। इस लिस्ट में शामिल होने से अतीत के इन धरोहर ग्रंथों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। भगवद गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' रजिस्टर में शामिल किए जाने पर पीएम मोदी ने खुशी जताते हुए एक्स पर लिखा कि भगवद गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल करना, 'हमारी कालातीत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक मान्यता' है। यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्मग्रंथों ने सदियों से सभ्यता और चेतना को पोषित करने का काम किया है।

### इस लिस्ट में शामिल होने से अतीत के इन धरोहर ग्रंथों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी



#### 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' रजिस्टर क्या है?

*यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो दुनिया की दस्तावेजी विरासत को बचाने और उसके संरक्षण के लिए बनाया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह विरासत हमेशा के लिए उपलब्ध रहे। इसे 1992 में शुरू किया गया था। इसका मकसद ऐतिहासिक लिखित धरोहरों को विस्मृति से बचाना और दुनिया भर में मूल्यवान अभिलेखीय होल्डिंग्स और पुस्तकालय संग्रहों को संरक्षित करना है। यूनेस्को की वेबसाइट पर बताया गया है, 'दुनिया की दस्तावेजी विरासत सभी की है, इसे पूरी तरह से संरक्षित और सभी के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए। सांस्कृतिक मूल्यों और व्यवहारिकताओं को ध्यान में रखते हुए, यह बिना किसी बाधा के सभी के लिए हमेशा उपलब्ध होनी चाहिए।' इस* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### संसदीय स्थायी समिति ने जताई थी चिंता

## दिल्ली हवाई अड्डों से फ्लाइट्स लेट हुई तो जिम्मेदारी तय की जाएगी, मंत्रालय की कड़ी नजर



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद की स्थायी समिति ने दिल्ली हवाई अड्डों से उड़ानों की लेटलतीफी पर गंभीर चिंता जताई है। प्रतिदिन दिल्ली से उड़ने वाली 240 फ्लाइट देरी से उड़ रही हैं। जिससे हवाई परिचालन में औसतन 320 घंटे की दर से देरी रिकार्ड की गई है। दिल्ली हवाई अड्डे से प्रतिदिन 1200 फ्लाइट्स विभिन्न डेस्टिनेशन्स के लिए उड़ान भरती है। हर घंटे 46 हवाई जहाज लैंड करते हैं। इन सब ऑपरेशन्स के लिए चार रनवे में से एक 28 नंबर रनवे बंद होने से पूरी व्यवस्था पर कुप्रभाव पड़ा है। संसदीय समिति ने मामले में कड़ाई बरतने की समझाइश नागर विमानन मंत्रालय को दी है।

सूत्रों ने बताया कि समिति की सिफारिशों के आधार पर मंत्रालय ने विभिन्न एर्जेसियों से हवाई जहाज परिचालन में हो रही देरी पर लिखित सफाई मांगी है। सूत्रों ने बताया कि यात्रियों की समय कीमती मानते हुए किसी भी तरह की हीलाहवाली पर जिम्मेदारी तय कर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा पर भारत की चिंताओं से समानता करना 'बांग्लादेश का ढोंग'

# बांग्लादेश को खुद के अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर ध्यान देने की जरूरत

### भारत ने बांग्लादेश की टिप्पणी को अनुचित कहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लंबी चर्चा के बाद संसद से पारित और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद देश में क्रियान्वित किए गए वक्फ संशोधन कानून-2025 को लेकर पश्चिम-बंगाल के मुर्शिदाबाद में मुस्लिम समुदाय के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा पर बांग्लादेश की टिप्पणी को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि पश्चिम-बंगाल की घटनाओं को लेकर बांग्लादेश द्वारा की गई टिप्पणी को हम अस्वीकार करते हैं। अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा और उत्पीड़न पर भारत की चिंताओं से समानता करना पड़ोसी देश एक छिपा हुआ और कपटपूर्ण प्रयास है।

जहां ऐसे अपराधों से जुड़े अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। भारत ने बांग्लादेश की टिप्पणी को अनुचित और उसके सदाचार के संकेतों को नकारते हुए खुद उसे अपने देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी है। रणधीर ने मीडिया द्वारा इस मामले पर पूछे गए प्रश्नों के जवाब में बयान के जरिए यह जानकारी दी।



वक्फ कानून को लेकर पश्चिम-बंगाल में हुई हिंसा पर बांग्लादेश की टिप्पणी पर भारत की सख्त प्रतिक्रिया।

#### ये है बांग्लादेश की गलत टिप्पणी

अप्रैल की शुरुआत में पश्चिम-बंगाल के मुर्शिदाबाद समेत कुछ अन्य जगहों पर वक्फ कानून को लेकर जारी विरोध-प्रदर्शनों के बीच हिंसा हुई थी। जिसमें बांग्लादेश की भूमिका का तथ्य भी सामने आया था। इसके बाद बांग्लादेश के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने कहा था कि हम भारत से पश्चिम-बंगाल में रहने वाली सारी मुस्लिम आबादी की सुरक्षा के लिए तमाम जरूरी कदम उठाने की अपील करते हैं।

#### *बांग्लादेश में भी वक्फ बोर्ड की मौजूदगी*

*भारत की तरह ही उसके पड़ोसी देश बांग्लादेश में भी वक्फ बोर्ड मौजूद है। वहां पर इससे जुड़ी हुई तमाम संपत्तियों की देखभाल धार्मिक मामलों का मंत्रालय करता है। बोर्ड के तहत मस्जिदें, कब्रिस्तान और दरगाह आती हैं। जो कि दान और चंदे से मिली रकम का इस्तेमाल परोपकार के कार्यों के लिए करता है।*

#### 2 हजार के पार पहुंचा अत्याचारों का आंकड़ा

वहीं, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने संसद के अप्रैल महीने में संपन्न हुए बजट सत्र में कहा था कि ढाका में अल्पसंख्यकों पर जारी हमलों, हिंसा और अत्याचार की घटनाओं को रोकने के लिए बांग्लादेश की सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा बांग्लादेश की सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संसद के समक्ष एक आंकड़ा साझा करते हुए बताया था कि बीते साल 2024 में बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के कुल करीब 2 हजार 400 मामले सामने आए हैं। जबकि मौजूदा साल 2025 में अब तक इनकी संख्या 72 है।

#### सत्ता परिवर्तन के बाद बिगड़े संबंध

गौरतलब है कि बांग्लादेश में पिछले साल 2024 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से अपदस्थ किए जाने और उसके बाद उनके भारत पहुंचने के साथ ही दोनों देशों के संबंध बुरी तरह से खराब हुए हैं। इसमें आग में घी डालने का काम ढाका की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस के सत्ता संभालने के बाद हुआ है। बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यकों पर हिंसा और अत्याचार के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। लेकिन यूनुस सरकार न केवल इन कुकृत्यों को रोकने में असफल साबित हुई है। बल्कि उसने अभी तक इनके लिए जिम्मेदार अपराधियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई भी नहीं की है।

### एजेंसी की वेबसाइट पर परिणाम देख सकेंगे छात्र

## जेईई-मेन परीक्षा के दूसरे सत्र का आज जारी होगा परिणाम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

काफी हो हंगामे के बाद आखिरकार राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई-मेन 2025 परीक्षा के दूसरे सत्र का परिणाम शनिवार को जारी करने की घोषणा कर दी है।

एक्स पर पोस्ट के जरिए यह जानकारी देते हुए एजेंसी ने बताया कि परीक्षा की अंतिम उत्तर कुंजी 18 अप्रैल को एनटीए की वेबसाइट पर दोपहर करीब दो बजे अपलोड की जाएगी। जबकि परिणाम इसके अगले दिन 19 अप्रैल को जारी किया जाएगा। छात्र एनटीए की वेबसाइट jeemain.nta.nic.in पर जाकर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। यहां बता दें कि देश के तमाम इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए 2 से 9 अप्रैल 2025 तक परीक्षा हुई थी। जिसके लिए लगभग 9 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। पूर्व में जेईई-मेन परीक्षा के प्रश्न पत्र में गड़बड़ी का मामला भी सामने आ चुका है। जिस पर काफी विवाद हुआ और फिर एनटीए ने अपनी सफाई देते हुए कहा था कि एजेंसी ने हमेशा पारदर्शी प्रक्रिया का पालन किया है।

उसके जरिए एनटीए अंतिम उत्तर कुंजी जारी होते ही उम्मीदवारों को अपने रिकॉर्ड किए गए उत्तर देखने की अनुमति देती है। एजेंसी उत्तर कुंजी के लिए हर चुनौती पर बेहद गंभीरता से विचार करती है। स्कोर केवल अंतिम उत्तर कुंजी से ही निर्धारित किया जाता है। एनटीए ने कहा, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अनुसूचित जाति आरक्षण में सब-कोटा लागू

## आरक्षण के अंदर एससी कोटा देने वाला तीसरा राज्य बना आंध्र प्रदेश

*14 अप्रैल को तीन ग्रुप बनाकर एससी आरक्षण का पुनर्वितरण किया था*

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना और हरियाणा के बाद अब आंध्र प्रदेश ने भी अनुसूचित जातियों (एससी) कोटे में सब-कोटा लागू कर दिया है। राज्य सरकार ने गुरुवार को एक अध्यादेश जारी किया, जिसके तहत एससी समुदाय की 59 जातियों को तीन ग्रुप में बांटकर अलग-अलग आरक्षण दिया जाएगा।

यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद आया है जिसमें राज्यों को एससी-एसटी आरक्षण में आंतरिक वर्गीकरण की अनुमति दी गई थी। इस ▶▶ शेष पेज 5 पर




#### तीन ग्रुप बनाए गए अलग-अलग प्रतिशत में मिलेगा आरक्षण

आंध्र प्रदेश सरकार ने सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के लिए अनुसूचित जातियों को तीन समूहों में बांटा है। ग्रुप-1 में चंढाला, पाकी, रेल्ली, डोम जैसी 12 जातियों को रखा गया है जिन्हें 1% आरक्षण मिलेगा। ग्रुप-2 में चमार, मादिगा, सिंधोला, मातंगी जैसी जातियों को रखा गया है, जिन्हें 6.5% आरक्षण ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366




### गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में वारदात

## एयर होस्टेस का डिजिटल रेप करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में बंगाल की एयर होस्टेस का डिजिटल रेप करने वाले आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित मेदांता अस्पताल में आईसीयू मशीन का टेक्नीशियन है। वह पिछले 5 महीने से मेदांता में नौकरी कर रहा था। एयर होस्टेस की शिकायत पर केस दर्ज होने के बावजूद वह बेखौफ होकर गुरुग्राम में ही घूम रहा था। पुलिस के मुताबिक आरोपित टेक्नीशियन दीपक (25) मूल रूप से बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के बधौली गांव का रहने वाला है। उसे पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरों की 800 फुटेज खंगाली गई। इसके अलावा मेदांता अस्पताल के डॉक्टर्स और कर्मचारियों मिलाकर 60 लोगों से पूछताछ की गई। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### खिलाड़ी को 20 लाख का बीमा कवर

## खेल को केवल करियर ही नहीं जीवन शैली बनाने को अग्रसर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि राज्य सरकार खेल को केवल एक करियर ही नहीं, बल्कि जीवन शैली बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश में स्कूल स्तर से ही खेलों को अनिवार्य किया जा रहा है, ताकि बचपन से ही शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन बना रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर खिलाड़ी को 20 लाख रुपये का मेडिकल बीमा कवर देने का संकल्प लिया गया है। सैनी रोहतक जिला के गांव किलोई स्थित ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नेशनल हेराल्ड घोटाला कांग्रेस के मॉडल ऑफ करप्शन का नया अध्याय

# कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम नेशनल हेराल्ड को चंदा नहीं, बल्कि विज्ञापन के रूप में पैसा देते हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कहा है कि नेशनल हेराल्ड घोटाला कांग्रेस के "मॉडल ऑफ करप्शन" का एक नया अध्याय है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए नेशनल हेराल्ड घोटाले को कांग्रेस के "मॉडल ऑफ करप्शन" का एक और नया अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री नेशनल हेराल्ड को चंदा नहीं, बल्कि विज्ञापन के रूप में पैसा देते हैं।



सवाल यह उठता है कि आख़िर ये विज्ञापन किस आधार पर दिए जाते हैं, जबकि अख़बार नहीं छाप रहे हैं? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एजेएल के 1000 शेयरधारकों का ऋणमाफ करने की बजाय एक नई कंपनी बनाई, जिसके शेयरधारक कांग्रेस के दो पूर्व अध्यक्ष थे और उस कंपनी ने मात्र 50 लाख रुपये देकर 90 करोड़ रुपये का ऋण माफ कर दिया गया, ताकि 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति हड़पी जा सके।

ठाकुर ने कहा कि " नेशनल हेराल्ड का नाम सामने आते ही कांग्रेस के पूरे तंत्र में एकतरह की घबराहट, बेचैनी और असहजता दिखाई देने लगती है, क्योंकि कांग्रेस के नेता चोरी करते हुए पकड़े गए हैं। आजादी के बाद से अब तक कांग्रेस पार्टी से जुड़े अनेक घोटाले सामने आ चुके हैं, लेकिन नेशनल हेराल्ड का मामला अपने आप में एक ▶▶ शेष पेज 5 पर



## सीलमपुर में गुरुवार को हुई थी 17 वर्षीय किशोर की चाकू मारकर हत्या

# किशोर की हत्या के बाद विरोध प्रदर्शन, पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में गुरुवार को 17 वर्षीय एक लड़के की चाकू घोंपकर हत्या की घटना के बाद राजनैतिक दलों में भी आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। इसके साथ ही पुलिस ने इलाके की सुरक्षा बढ़ा दी है। संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार यह घटना गुरुवार शाम 7:38 बजे न्यू सीलमपुर के जे ब्लॉक इलाके में हुई। हमले के बाद कुणाल को जेपीसी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हत्या की साजिश 'लेडी डॉन' जिकरा ने रची थी, जो अपने भाई की हत्या का बदला लेना चाहती थी। वह अपने भाई की चाकू घोंपकर हत्या किए जाने का बदला लेना चाहती थी और उसने अपना गिरोह बना लिया था। वह हाल में एक मामले में जेल भी गई थी। हत्या के बाद इलाके में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए है, जिसके बाद एहतियातन पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, कि हमने सुरक्षा बढ़ा दी है और लोगों को सड़कों से हटा दिया है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कानून व्यवस्था बनी रहे। लड़के की मौत की सूचना मिलने पर गुरुवार को सीलमपुर थाने की एक टीम अस्पताल पहुंची थी। घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए क्राइम टीम को बुलाया गया था। पुलिस ने बताया कि सीलमपुर पुलिस थाने में हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए कई टीम तैनात की गई हैं।

### दिल्ली में अपराध बढ़ रहा है और आंकड़ों में हो रही है छेड़छाड़ : सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली।** सीलमपुर में नाबालिग की हत्या से साफ है, दिल्ली में अपराध बढ़ रहा है और आंकड़ों में छेड़छाड़ कर दिल्लीवालों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने आप मुख्यालय में भाजपा पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार दिल्ली की कानून-व्यवस्था संभालने में पूरी तरह से फेल है। सीलमपुर में नाबालिग बच्चे की हत्या से साफ होता है कि दिल्ली में अपराध बढ़ रहा है और दिल्ली पुलिस द्वारा अपराध के आंकड़ों में छेड़छाड़ करके दिल्लीवालों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब आम आदमी पार्टी सरकार में थी, तब भी और अब जब विपक्ष में है, तब भी दिल्ली की ध्वस्त कानून व्यवस्था को लेकर आवाज उठाती रही है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में अपराध इतना बढ़ गया है कि कई बार स्कूल के बच्चे अपने सहपाठी की हत्या कर देते हैं, बुजुर्ग दंपति की दिन-दहाड़े 11 बजे उनके ही घर में हत्या हो जा रही है। फिरौती की मांग के लिए पांच करोड़ की धमकी भरे कॉल आ रहे हैं। यदि फिरौती नहीं देते, तो रास्ते में ट्रैक करके उसकी की दी जा रही है। यह बहुत ज्यादा शर्मसार है और भाजपा पूरी तरह से कानून-व्यवस्था के मामले में फेल रही है। अगर दिल्ली से हिन्दुओं के पलायन की बात सामने आ रही हैं तो यह भाजपा की डबल इंजन के लिए बेहद शर्म की बात है।

### अब कहां है गृह मंत्री शाह : आतिशी

'आप' की वरिष्ठ नेता व नेता विपक्ष आतिशी ने भी दिल्ली की चरमराई कानून व्यवस्था को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि सीलमपुर में 17 साल के युवक की हत्या दिल्ली में बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था का एक और उदाहरण है। दिल्ली पुलिस क्या कर रही है, गृह मंत्री अमित शाह क्या कर रहे हैं और डबल इंजन की सरकार क्या कर रही है?

### पर्यावरण मंत्री ने दिए अवैध ढाबों पर कार्रवाई के आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजधानी में संचालित अवैध ढाबों को ध्वस्त कर दिया जाए और उनके पानी और बिजली के कनेक्शन काट दिए जाएं। विभिन्न नागरिक मुद्दों की समीक्षा के लिए पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन के दौरे पर आए सिरसा ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा कि एक विशेष क्षेत्र में 40-50 से अधिक ढाबे और मांस की दुकानें बिना अनुमति के संचालित हो रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी अवैध प्रतिष्ठान को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, "कई अवैध ढाबे और मीट की दुकानें हैं... एक ही गली में 40-50 ऐसे ढाबे बिना अनुमति के संचालित हो रहे हैं। दिल्ली या किसी भी इलाके में यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज मैंने जिला आयुक्त और अतिरिक्त आयुक्त को निर्देश दिया है कि वे कार्रवाई करें और इन सभी अवैध ढाबों को ध्वस्त करें। उन्हें सील किया जाएगा और उनके पानी और बिजली के कनेक्शन बंद कर दिए जाएंगे। सिरसा ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए कि राष्ट्रीय राजधानी में ऐसी गैरकानूनी गतिविधियां पूरी तरह से बंद हों। प्रदूषण से निपटने के उपायों पर उन्होंने कहा कि सरकार प्रदूषण वाले क्षेत्रों में जीपीएस युक्त पानी के टैंकर तैनात करेगी।

## डंकी रूट से अमेरिका में प्रवेश कराने में शामिल एजेंट पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आईजीआई पुलिस ने पंजाब के 36 वर्षीय एक एजेंट को गिरफ्तार किया है, जो जाली यात्रा दस्तावेजों के जरिये 'डंकी रूट' के सहारे भारतीय लोगों का अमेरिका में अवैध प्रवेश कराने में शामिल था। आरोपी एजेंट का नाम पंजाब के पटियाला स्थित मटौली गांव निवासी नरेश कुमार है। इसे अमेरिका से एक भारतीय यात्री को वापस भेजे जाने के बाद गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार नरेश कुमार ने कथित तौर पर अन्य एजेंट के साथ मिलकर फर्जी 'शेंगेन वीजा' का प्रबंध किया था और बाद में जालसाजी को छिपाने के लिए यात्री के पासपोर्ट के साथ छेड़छाड़ की थी। यह मामला चार और पांच अप्रैल की दरमियानी रात को तब प्रकाश में आया जब गुरसाहिब सिंह (39) अमेरिका से आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा। उसे अमेरिका से वापस भेज दिया गया था। उसके यात्रा दस्तावेजों की जांच के दौरान आव्रजन अधिकारियों ने उसके पासपोर्ट के एक पन्ने पर गोंद के निशान देखे, जिससे छेड़छाड़ का संकेत मिला। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पंजाब के तरनतारन जिले के निवासी सिंह पर बाद में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता और पासपोर्ट अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया। यात्री से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि 2024 में सिंगापुर से भारत लौटने के बाद वह गुरदेव सिंह उर्फ 'गुर्री' नामक एक एजेंट के संपर्क में आया था। उसने 20 लाख रुपये के बदले उसे अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने में मदद करने का वादा किया था।

सिंह ने 17 लाख रुपये नकद दिये और शेष तीन लाख रुपये एक बैंक खाते में ट्रांसफर किए, जो बाद में नरेश कुमार का निकला। पुलिस ने बताया कि साजिश के अनुसार सिंह को ब्रिटेन, स्पेन, ग्वाटेमाला, मैक्सिको और अंत में तिजुआना सहित कई देशों से होकर भेजा गया, जहां से वह 'डंकी रूट' के जरिये अवैध रूप से अमेरिका में घुस गया। पुलिस के अनुसार अमेरिका में प्रवेश करने से पहले एजेंट के एक सहयोगी ने जाली शेंगेन वीजा हासिल किया और उसे सिंह के पासपोर्ट पर चिपका दिया। इसके बाद नकली वीजा को छिपाने के लिए छेड़छाड़ की गई। पुलिस के अनुसार हालांकि सिंह को अमेरिकी अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया और तीन महीने हिरासत में रखने के बाद उसे भारत भेज दिया गया। नरेश कुमार ने जालसाजी में अहम भूमिका निभाई थी। वह अपने भाई के साथ मिलकर कई सालों से ट्रैवल एजेंट के तौर पर काम कर रहा है। उसने कमीशन के आधार पर गुरदेव सिंह के साथ मिलकर काम करने की बात स्वीकार की और यात्री से तीन लाख रुपये प्राप्त करने की पुष्टि की। गुरदेव सिंह का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

**तिनसुकिया मंडल पर मरम्मत का कार्य**

**ई-निविदा सूचना संख्या. M-TSK-2025-20 तारीखः** 17-04-2025। नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी -द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **निविदा संख्या. M-TSK-2025-20। कार्य का नामः** तिनसुकिया मंडल के कोचिंग डिपो, डिब्रुगढ़, कोचिंग डिपो, तिनसुकिया एवं आरओएच डिपो, न्यू तिनसुकिया स्थित एयर कम्प्रेसर की मरम्मत (मैकः किर्लोस्कार)। **निविदा राशिः** ₹27,84,864.72/-। **धरोहर राशिः** ₹55,700/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 09-05-2025 तारीख के 13.00 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्र-पत्र के साथ संपूर्ण विवरण **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

डीआरएम (एम), तिनसुकिया मंडल

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

## पुलिस के साथ मुठभेड़ में वांछित अपराधी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- 13 मामलों में पाया गया शामिल
- नजफगढ़ इलाके की घटना

द्वारका जिले के नजफगढ़ इलाके में शुक्रवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक वांछित अपराधी घायल हो गया। इसका नाम नजफगढ़ के धरमपुरा निवासी अक्षय उर्फ गोलू (30) बताया गया है। 17 अप्रैल को हुई एक डकैती के मामले में यह वांछित था। इसके अलावा बदमाश पर डकैती, छीना झपटी, चोरी और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन के 13 मामले दर्ज पाये गये हैं।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को तड़के करीब पांच बजे उसे जय विहार नाला रोड के पास चोरी की मोटरसाइकिल के साथ बदमाश के आने की सूचना मिली थी। जब पुलिस ने बदमाश को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा तो उसने गोलियां चला दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और एक गोली उसके बाएं पैर पर मारकर उसे दबोच लिया। पुलिस के अनुसार अक्षय ने दो राउंड गोलियां चलाई, जबकि पुलिस टीम ने तीन राउंड गोलियां चलाई। अक्षय के पास से एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किये गये हैं। फिलहाल उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

**आग**



**नई दिल्ली।** विकासपुरी के एच ब्लॉक स्थित एक बैंक्वेट हॉल में शुक्रवार शाम चार बजकर 10 मिनट पर आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। दमकल विभाग की 13 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी के हताहत या जख्मी होने की सूचना नहीं है।

## लाखों की ई सिगरेट बरामद पान बीड़ी विक्रेता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आईएससी क्राइम ब्रांच ने अवैध ई-सिगरेट व्यापार के खिलाफ कार्रवाई करते हुये 78 एल्फबार वेप्स (चीन में निर्मित) बरामद की है। इनकी बाजार कीमत लगभग 1.6 लाख रुपये बताई गई है। इस सिलसिले में एक स्मगलर को भी पकड़ा गया है। आरोपी का नाम गुरुचरण (33) निवासी शालीमार बाग है। एडिशनल सीपी संजय कुमार सेन के अनुसार 17/18 अप्रैल की मध्य रात्रि शालीमार बाग थाना अंतर्गत भगवान महावीर रोड पर एक पिकेट पॉइंट लगाया गया था। रात लगभग दो बजे वाहनों की जांच के दौरान पुलिसकर्मियों ने आजादपुर रोड से आ रही एक संदिग्ध स्कूटी को रोकने का प्रयास किया। लेकिन स्कूटी सवार रुकने के संकेत का पालन करने के बजाय तेज गति से फरार हो गया। कुछ देर पीछा करने के बाद सतर्क पुलिसकर्मियों ने उसे रोककर पकड़ लिया। स्कूटी से एक प्लास्टिक बैग (कट्टा) बरामद किया गया, जिसकी जांच करने पर पता चला कि उसमें 78 ई-सिगरेट बरामद हुई। एक सिगरेट की कीमत दो हजार है। आरोपी अशोक विहार में चौरसिया नाम से एक पान की दुकान चलाता है। वहीं पर प्रतिबंधित ई-सिगरेट बेचता था। गुरुचरण ने खुलासा किया कि चीन में बनी ई-सिगरेट ने युवाओं में खासी लोकप्रिय है। वह हर ई-सिगरेट पर 800 रुपये बचा रहा था।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **साहिल पुत्रः** मोहम्मद नसीम **पताः** बी–25 भूमिहीन कैंप, गोविंदपुरी, नई दिल्ली, ने **FIR No. 162/25, U/s 137(2)/64(2) BNS & 4/6/21 POCSO Act थानाः गोविंदपुरी, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साहिल,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साहिल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 162/25, U/s 137(2)/64(2) BNS & 4/6/21 POCSO Act** थानाः गोविंदपुरी, नई **दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **साहिल,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री अंकिता लाल**
एलडी. एएसजे (पॉक्सो) कोर्ट, कमरा नंबर 607
साकेत कोर्ट, दक्षिण पूर्व जिला, नई दिल्ली

**DP/4877/SE//2025 (Court Matter)**

## पड़ोसियों के साथ हुये झगड़े में बुजुर्ग फाइनेंसर की मौत



- पुलिस मामले की जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।

गांधी नगर थाना अंगर्तत एक बुजुर्ग फाइनेंसर की कथित तौर पर पड़ोसियों के साथ हुये झगड़े व पिटाई से मौत का मामला प्रकाश में आया है। मृतक का नाम सतीश गुप्ता (67) बताया गया है। पुलिस गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर आगे तफ्तीश कर रही है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर 12:30 कैलाश नगर, गांधी नगर निवासी सतीश गुप्ता पुत्र कंवर पाल गुप्ता को जगप्रवेश चंद्र अस्पताल लाया गया था। उनका बेटा विशाल गुप्ता ही उन्हें अस्पताल लेकर आया था। डॉक्टरों सतीश गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। उक्त सूचना प्राप्त होने पर एसआई शुभम भी अस्पताल पहुंचे, जहां उचित प्रक्रियाओं के बाद शव को आगे की कार्रवाई के लिए सब्जी मंडी मोर्चरी भिजवाया। पुलिस का कहना है कि एमएलसी के अनुसार मृतक के शरीर पर कोई बाहरी चोट नहीं पाई गई। बेटे विशाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग 10-10:30 बजे राजीव कुमार जैन तथा उनके परिवार के सदस्यों दीपक जैन, राहुल जैन तथा रवि जैन के बीच मामूली बात पर झगड़ा हुआ था। विशाल के बयान पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। मामले में आगे तफ्तीश जारी है।

## आगामी अर्थ डे पर 'एक पौधा एक वादा' के लिए एलजी कर रहे है असिता में लोगों को आमंत्रित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पर्यावरण संरक्षण के लिए मनाए जाने वाले अर्थ डे (भूमि दिवस) को लेकर इस बार उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने लोगों को आह्वान कया है कि वह एक पौधा एक वादा कार्यक्रम का हिस्सा बने। जानकारी अनुसार आने वाली 22 अप्रैल मंगलवार को अर्थ डे मनाया जाएगा। ऐसे में उपराज्यपाल ने दिल्ली वालों से आह्वान किया है कि वह आगे आए और पर्यावरण का बचाने के लिए एक वादा जरूर करें। जल्द ही इसका प्रचार प्रसार किया जाएगा। यह कार्यक्रम दिल्ली विकास प्राधिकरण की तरफ से आयोजित किया जाएगा। जानकारी अनुसार यमुना किनारे बनाए गए असिता में अर्थ डे पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा ले और एक पौधा लगाए और भूमि को बचाने के लिए एक वादा करें। सक्सेना ने जब से उपराज्यपाल का पद संभाला है तब से लगातार दिल्ली को हरा भरा बनाने के लिए कटिबद्धता के साथ कार्य कर रहे है। इसमें एलजी के लिए असिता भी एक बड़ा प्रोजेक्ट रहा है। जानकारी अनुसार यमुना के किनारे करीब 225 एकड़ में असिता फैली हुई है। जिसमें 35 लाख नदी घास, 6000 देशी पेड़ और 6 एकड़ का जल निकाय बनाया गया है। असिता जहां दिल्ली वालों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है वहीं यह स्थल आजा पक्षियों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। यहां का वातावरण व माहौल इतना अनुकुल है कि असिता में लगभग 63 पक्षी प्रजातियों का घर है, यह वह जगह है जहां प्रकृति फिर से अपनी लय पाती है। एलजी के दिशा निर्देश में डीडीए असिता फल फूल रहा है जिसकी वजह से आज दिल्ली की एक मात्र यमुना नदी विरासत को बहाल कर रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करण सिंह नेगी, पुत्रः हरमीत सिंह नेगी, पताः 129, पुरानी अनारकली, बालाजी मंदिर के पास, कृष्णा नगर, जगतपुरी, दिल्ली और म.नं. 21, ब्लॉक संख्या–06, द्वितीय तल, मेन रोड गीता कॉलोनी, दिल्ली** ने **FIR No. 196/18, पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **करण सिंह नेगी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **करण सिंह नेगी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 196/18, पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **करण सिंह नेगी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आयुषी सक्सेना**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05**
**कमरा नं. 07**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4869/SHD/2025**

#### पारा गिरा, आज भी हल्की बूंदाबांदी की संभावना

## भीषण गर्मी के बीच हुई झमाझम बारिश ने दी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में लगातार भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार रात हुई झमाझम बारिश ने लोगों को काफी हद तक राहत देने का कार्य किया है। अनुमान है कि शनिवार को भी दिल्ली में हलकी बारिश देखने को मिल सकती है। दिल्ली में सुबह से ही सूरज के तेवर तीखे रहे जिसके चलते अधिकतम पारा दूसरे दिन भ्ज्ञी 41 डिग्री को पार कर गया। जो इस मौसम में सामान्य से 4.2 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम में सामान्य से 4.1 डिग्री ऊपर रहा। लेकिन शाम के समय धीरे धीरे मौसम ने करवट लेनी शुरू की और बाद में हलकी बूंदाबांदी शुरू हुई। जिसके बाद दिल्ली के अधिकांश हिस्सों में अच्छी बारिश देखने को मिली। बारिश आने से जहां शहरी लोगों ने गमी से राहत महसूस की। वहीं दूसरी तरफ बारिश ने किसानों के लिए परेशानी पैदा कर दी। हालांकि दिल्ली के अधिकतर किसानों ने गेंहू की फसल काट ली है लेकिन अब भी सैकड़ों किसानों के खेतों में कटाई का कार्य चल रहा है। ऐसे में अगर बारिश ज्यादा हुई तो किसानों की फसल बर्बाद होने का खतरा बढ़ जाएगा। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि शनिवार को भी दिल्ली में हल्की बूंदाबांदी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हवा 40-50 किमी प्रति घंटा की गति से तेज व धूल भरी हवाएं चल सकती है जिसका लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी का कहना है कि फिलहाल अगले चार पांच दिन मौसम कुछ राहत दे सकता है। तापमान 36-40 डिग्री के बीच ऊपर नीचे रह सकता है। वही दूसरी तरफ निजी मौसम अनुमान विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत का कहना है कि इस समय सिंध बलूचिस्तान से गर्म हवाएं आ रही है। शनिवार को दिल्ली में पारा कुछ कम रहेगा, तेज हवाएं चल सकती है, आसमान पर बादल दिखाई देंगे, बारिश भी हो सकती है। इनके अलावा मौसम विज्ञानी एस के मनचंदा का कहना है कि दिल्ली वालों को अभी आने वाले दस पंद्रह दिन बहुत ज्यादा गर्मी की मार शायद न सहनी पड़े। लेकिन मई के पहले सप्ताह के दौरान राजधानी में पारा बढ़कर 42-44 डिग्री के बीच दर्ज हो सकता है। सीमा पार से आने वाली तेज हवाएं दिल्ली एनसीआर में लू का कारण बनेगी और लोगों को झुलसा देने वाली लू की मार सहनी पड़ सकती है। जैसे जैसे मई का महीनो आगे बढ़ेगा, सूरज का सितम भी बढ़ता जाएगा।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडी डिवीजन सिरसा | खैशेरगढ़ माइनर के वाटरकोर्स आउटलेट आरडी 8000/आर की अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाने हेतु आकलन + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 23.04.2025 | 1.86 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9781899554 xensirsacad@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34020/I/88/7 दि. 18.04.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हारट्रोन | 1. विभिन्न राजकीय विभागों/संगठनों की ओर से वीडियो कांफ्रैसिंग सिस्टम/सोल्यूशंस का दर अनुबंध, 2. हरियाणा राज्य/चण्डीगढ़/दिल्ली एनसीआर में विभिन्न स्थानों पर स्ट्रक्चर्ड लोकल एरिया नेटवर्क की आपूर्ति, स्थापना, कन्फीगरेशन, परीक्षण और प्रचालन हेतु दर अनुबंध। | 21.04.2025 21.05.2025 | 130 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722584386 sandeep.hartron-hry@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/34027/I/88/7 दि. 18.04.25

## 110 अस्पतालों को जल्द आयुष्मान भारत योजना लागू करने के निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने 100 से अधिक अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना को जल्द से जल्द लागू करने का निर्देश दिया है। एक आधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य सेवा योजना को लागू नहीं किया था। सूत्र ने बताया कि विभाग ने 110 अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना के कार्यान्वयन के लिए परामर्श जारी किया है। इस पहल के तहत, दिल्ली सरकार के साथ समझौता करने के वास्ते इन अस्पतालों को अनुबंध पत्र की एक प्रति भेजी गई है। सूत्र ने बताया कि अस्पतालों को जल्द से जल्द समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया है ताकि आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने राजधानी में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) को लागू करने के लिए पांच अप्रैल को केंद्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। इसके साथ ही दिल्ली इस स्वास्थ्य योजना को लागू करने वाला 35वां राज्य/केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत, 27 विशेषज्ञताओं में 1,961 चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मुफ्त इलाज मिलता है।

### वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में दिए निर्देश

# दिल्ली में जलभराव हुआ तो सम्बंधित अधिकारी होंगे जिम्मेदार : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के किसी भी क्षेत्र में जलभराव होगा, तो सम्बंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए। जलभराव को लेकर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को जलभराव के हर पॉइंट पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश भी दिए गए है। बैठक के दौरान दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मुख्य सचिव धर्मेंद्र सहित पीडब्ल्यूडी, शहरी विकास, नगर निगम, एनडीएमसी, ट्रैफिक पुलिस, डीडीए, एनएचएआई, डीएमआरसी सहित सभी सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से जलभराव, यातायात समस्याओं, डार्क स्पॉट्स, और नालों की सफाई पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार राजधानी में जलभराव, डार्क स्पॉट्स और यातायात की समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में तीव्र गति से कार्य कर रही है।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि आज की बैठक में मुख्य रूप से दिल्ली के जलभराव, यातायात की समस्याओं, डार्क स्पॉट्स और नालों की सफाई जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। हमारा उद्देश्य केवल अस्थायी समाधान नहीं, बल्कि दिल्ली के बुनियादी ढांचे में दीर्घकालिक और ठोस सुधार लाना है। प्रत्येक विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे इन विषयों पर मिशन मोड में काम करें और परिणाम देने वाली कार्यप्रणाली अपनाएं।



### अब फाइलों में नहीं, जमीन पर काम दिखना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब फाइलों में नहीं, जमीन पर काम दिखना चाहिए। हर एजेंसी को जवाबदेह बनाना और सिस्टम में पारदर्शिता लाना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि यह कोई मौसमी तैयारी नहीं है, बल्कि एक निरंतर प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य राजधानी की बुनियादी नागरिक सुविधाओं को मजबूत बनाना है।

### यातायात व्यवस्था पर शीघ्र कार्य करने के निर्देश

राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए चिन्हित 233 ट्रैफिक कंजेशन पॉइंट्स पर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इन सभी कार्यों के बेहतर समन्वय और निगरानी के लिए एक इंटीग्रेटेड कंट्रोल पॉइंट रूम बनाया जाएगा, जिससे सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य कर सकें। इसके साथ ही एमसीडी और पीडब्ल्यूडी को रिंग रोड एवं अन्य रोड की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए है। सभी सरकारी संपत्तियों से अवैध बैनर और पोस्टर को भी हटाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ प्रॉपर्टी डिफेसमेंट एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### संभावित जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा

सीएम ने कहा कि सभी संभावित जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है ताकि समय रहते सभी तैयारियां पूरी की जा सकें। इस समय दिल्ली में 194 जलभराव वाले इलाकों को चिन्हित किया गया है, जो विभिन्न विभागों जैसे पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, डीएमआरसी, डीडीए, एमसीडी, एनडीएमसी, और डूसिब के अधीन आते हैं। इन 194 चिन्हित क्षेत्रों में से 129 में लघु अवधि के कार्य पहले ही पूर्ण कर लिए गए हैं और शेष बचे हुए क्षेत्रों पर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है।

### विभागों की रिपोर्ट्स का थर्ड पार्टी ऑडिट किया जाएगा

पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण करें और समय रहते समाधान सुनिश्चित करें। इसके साथ ही, पीडब्ल्यूडी को नालों की सफाई के बाद उनकी फ़ोटोग्राफ्स अपलोड करने का आदेश दिया गया है। सभी सम्बंधित विभागों की रिपोर्ट्स का थर्ड पार्टी ऑडिट किया जाएगा, ताकि कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

## एलजी, सीएम व लोक निर्माण मंत्री ने जलभराव स्थलों और नालों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ मानसून में नहीं होगा जलभराव, मिशन मोड़ में दिल्ली सरकार : प्रवेश

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुक्रवार को राजधानी के जलभराव स्थलों और नालों का निरीक्षण किया। इस दौरान दिल्ली के मिंटो ब्रिज, आईटीओ और डब्लूएचओ के पास रिंग रोड का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। इसे लेकर लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने बताया कि दिल्ली सरकार इस बार पूरी तैयारी के साथ मॉनसून का सामना करने को तैयार है और मानसून में जलभराव की समस्या नहीं होगी, इसे लेकर दिल्ली सरकार मिशन मोड़ में कार्य कर रही है। कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि हमारा स्पष्ट लक्ष्य है कि राजधानी के किसी भी हिस्से में जलभराव, ट्रैफिक जाम या डार्क स्पॉट्स जैसी समस्याएं नज़र न आएं। हमने सभी विभागों को समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, और हर बारीकी पर निगरानी रखी जा रही है। जहां ड्रेनों का निर्माण अभी चल रहा है, वहां भी पंप सेट और वैकल्पिक इंतज़ाम किए जा रहे हैं ताकि एक भी नागरिक को परेशानी न हो। मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल खुद ग्राउंड पर जाकर निरीक्षण कर रहे हैं और यह दिखाता है कि सरकार की नीयत और नीतियों दोनों में कोई कमी नहीं है।

### सभी विभाग एक साथ मिलकर कर रहें हैं कार्य

लोक निर्माण विभाग, एमसीडी, एनडीएमसी, डीडीए, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और दिल्ली पुलिस जैसे सभी विभाग एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं, और हम पूरी मुस्तैदी से हर समस्या का स्थायी समाधान देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हम दिल्ली को जलभराव और अव्यवस्था से मुक्त देखना चाहते हैं कृ और यही हमारी प्राथमिकता है। दिल्ली सरकार संकल्पबद्ध है। इस मॉनसून में एक भी गली, सड़क या चौराहा जलभराव से प्रभावित नहीं होगा।

# जब तक हिसाब नहीं, तब तक जारी रहेगा हमारा संघर्ष : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ नेशनल हेराल्ड मामला : कांग्रेस मुख्यालय के बाहर भाजपा ने किया प्रदर्शन

आज देश राहुल गांधी से हिसाब मांग रहा है तो उन्हें तकलीफ़ हो रही है इसलिए जब तक वह हिसाब नहीं दे देते तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय के बाहर दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा द्वारा राहुल गांधी के इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने यह बयान जारी किया। बता दें कि सचदेवा के नेतृत्व में यह जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा ने नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी का नाम आने के बाद उनके इस्तीफे की मांग को लेकर किए गए विरोध प्रदर्शन में प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी को पार्टी से बाहर निकालने की मांग की। युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर त्यागी की उपस्थिति में हुए इस विरोध प्रदर्शन में राष्ट्रीय भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री रोहित चहल, प्रदेश महामंत्री अरुण दराल, गौरव जोरासिया और पुनीत शर्मा आदि सहित युवा मोर्चा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। सचदेवा ने कहा कि 2012 में जब कांग्रेस की सरकार थी तब का यह मामला है तो आज जब जांच एजेंसी जांच कर रही है तो फिर उन्हें क्यों तकलीफ है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि जनता के पैसे को जवाहरलाल नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक सबने लूटने का काम किया है। युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर त्यागी ने कहा कि देश को लूटने और बांटने वाली कांग्रेस को नेशनल हेराल्ड केस में जवाब देना पड़ेगा। वहीं, मोर्चा के महामंत्री रोहित चहल ने कहा कि कांग्रेस में माता जी, भैया जी से लेकर जीजा जी तीनों बैलगाड़ी पर नहीं 'बेल' गाड़ी पर सवार है।




## कांग्रेस नेताओं ने दी गुरु तेग बहादुर जयंती पर सिख संगत को बधाई

**नई दिल्ली।** सिख समुदाय के नौवें गुरु तेग बहादुर साहब की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित अन्य नेताओं उन्हें महान संत बताया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष यादव ने नौवें गुरु को नमन करते हुए कहा कि वह एक महान संत थे। उन्होंने कहा कि देश व समाज के लिए लड़ने वाले ऐसे गुरु को आज भी पूरा देश हिंद दी चादर के नाम से याद करते है। नवम गुरु केवल सिखों के ही नहीं पूरे मानव जाति के गुरू हैं। ऐसे गुरु तेग बहादुर महाराज के प्रकाश पर्व पर हम उन्हें सादर कोटिशः नमन करते है। महिला प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर जी ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। इसलिए उनके बारे में कहा गया है कि सिर दिया पर, सार न दिया। उन्होंने कहा कि उनका सर्वोच्च बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता, सदैव याद किया जाएगा।

# हम स्मारकों और ऐतिहासिक स्थलों के आसपास छायेदार क्षेत्र बनाने की योजना बना रहे: कपिल मिश्रा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार शहर के कई ऐतिहासिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने वाले वाहन (फूड ट्रक) तैनात करने और स्मारकों के आसपास छायेदार क्षेत्र बनाने से लेकर फिल्म महोत्सव के आयोजन और डिजिटल अभियान चलाने तक कई पहल कर रही है। दिल्ली के कला, संस्कृति, भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि आगंतुकों के अनुभव को बदलने और पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से इन प्रयासों का उद्देश्य दिल्ली को एक अधिक आकर्षक और पर्यटक-अनुकूल गंतव्य बनाना है। कपिल मिश्रा ने कहा कि हम स्मारकों और ऐतिहासिक स्थलों के आसपास छायेदार क्षेत्र बनाने की योजना बना रहे हैं, ताकि पर्यटक धूप से राहत पा सकें। फिलहाल इन स्थलों पर उनके बैठने और आराम करने के लिए बहुत अधिक स्थान नहीं हैं। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पर्यटकों की संतुष्टि में सुधार के लिए पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं को बढ़ाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अगर पर्यटकों के लिए खाने-पीने के विकल्प उपलब्ध हों, तो वे अधिक समय तक रुकेंगे। जल्द ही कई स्मारक स्थलों पर विविध प्रकार के व्यंजन उपलब्ध कराने वाले 'फूड ट्रक' तैनात किए जाएंगे। इन प्रयासों के अलावा, सरकार दिल्ली के विभिन्न पर्यटन स्थलों के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिए एक डिजिटल प्रचार अभियान भी शुरू करेगी। लोकप्रिय 'खुशबू गुजरात की' अभियान का उदाहरण देते हुए मिश्रा ने कहा कि आने वाले महीनों में दिल्ली में भी इसी तरह के ब्रांडिंग प्रयास शुरू किए जाने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि विपणन प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए, व्यापक सांस्कृतिक सहभागिता पहल के तहत पर्यटन स्थलों पर संगीत समारोहों और फिल्म समारोहों जैसे कार्यक्रमों के आयोजन की श्रृंखला की योजना बनाई जा रही है। जामा मस्जिद के निकट उर्दू बाजार क्षेत्र से उर्दू भाषा के धीरे-धीरे 'गायब' होने के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने कहा कि भाषा को संरक्षित करने के प्रयासों के तहत उर्दू में पुस्तकों के लिए समर्पित पुस्तकालय खोलने की योजना बनाई जा रही है। मिश्रा ने कहा कि एक अन्य प्रमुख सांस्कृतिक कदम के तहत दिल्ली सरकार एक गैर सरकारी संगठन संस्कृत भारती के साथ मिलकर संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाएगी।



# प्रदर्शन के बाद भी जारी है निगम शिक्षा विभाग में मनमाने स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग में मनमाने तरीके से शिक्षकों के स्थानांतरण का मामला फिर सामने आया है और इसे लेकर शिक्षकों ने निगमायुक्त व शिक्षा निदेशक को भी पत्र लिखे हैं। वहीं, शिक्षक न्याय मंच नगर निगम के अध्यक्ष कुलदीप खत्री ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है और कहा है कि निगम शिक्षा विभाग में शिक्षा निदेशक द्वारा पूर्व शिक्षा मंत्री आतिशी के पीए और कुछ अधिकारियों और शिक्षकों के साथ मिलकर शिक्षक स्थानांतरण प्रक्रिया में धांधली की जा रही है और उन्हें तत्काल हटाए जाने के लिए मांग की है। इसके साथ ही बताया गया है कि सिविक सेंटर पर धरना प्रदर्शन के बावजूद शिक्षा निदेशक ने इस 17 अप्रैल को 46 शिक्षकों की स्थानांतरण लिस्ट जारी की जिसमें ऐसे शिक्षकों का स्थानांतरण कर दिया गया है जिन्होंने ना तो स्थानांतरण मांगा है ना कोई स्थानांतरण के लिए आवेदन दिया है और ना ही वे सरप्लस है और ना ही उनके स्कूल में और ना ही उनके खिलाफ कोई विभागीय कार्यवाही की जा रही थी और शिक्षकों में भय का माहौल बना रहे हैं। इन शिक्षकों के स्थानांतरण मामले में भ्रष्टाचार हो सकता है। शिक्षकों के बरन स्थानांतरण करके निगम शिक्षा निदेशक शिक्षकों के साथ अन्याय कर रहे हैं। वहीं, निगम प्रशासन ने शिक्षा विभाग के हवाले से जानकारी दी है कि विभाग द्वारा प्राप्त अधिकतम आवेदन चार जोन जैसे नजफगढ़ जोन, नरेला जोन, वेस्ट जोन और रोहिणी जोन के लिए हैं। ये जोन सरप्लस हैं। इसलिए, स्थानांतरण अनुरोध को समायोजित करने के लिए शिक्षक जो 8 साल या उससे अधिक समय से एक स्कूल में तैनात हैं, उन्हें आम तौर पर मुख्य पीटीआर / युक्तिकरण में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन बेड़े में जल्द शामिल हो सकता हैं 250 नई इलेक्ट्रिक बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में आगामी सोमवार को दिल्ली परिवहन विभाग के अंतर्गत करीब 250 नई इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतारी जाने की तैयारी अंतिम चरण में बताई जा रही है। खबर है कि साउथ दिल्ली स्थित कुशक नाला डिपो पर 250 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी देकर सड़कों पर उतरने की तैयारी लगभग हो चुकी है। दिल्ली परिवहन विभाग के एक आला अधिकारी ने बताया कि दिल्ली सरकार की तैयारी है कि आगामी 22 अप्रैल को दिल्ली परिवहन बेड़े में 250 या इससे भी ज्यादा इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी देकर सड़क पर उतर दिया जाए। इसके लिए बाकायदा सरकारी कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही है। इन बसों को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता हरी झंडी दिखाकर रवाना करेगी और इस अवसर पर परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह सहित अन्य मंत्री व आला अधिकारी मौजूद होंगे। अधिकारी ने बताया कि सड़कों पर उतारी जाने वाली नई 250 बसों में से 100 बसें बड़ी यानी 12 मीटर लंबी होगी, जबकि 150 से अधिक बसें छोटी यानी 9 मीटर वाली मिनी होगी। इन छोटी बसों को लाने के पीछे सरकार की मंशा है कि इन्हें संकरी सड़कों वाले इलाकों में आसानी से चलाया जा सकेगा। इनमें से अधिकांश बसों का संचालन दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल ट्रांजिट सिस्टम (डिम्ट्स) करेगा। जबकि कुछ बस दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन यानी डीटीसी के अधीन चलेगी। बता दें कि अनुबंध समाप्त होने के बाद गत बुधवार को कुशक नाला डिपो से क्लस्टर योजना की 464 बसों का हटा दिया गया था। जबकि अभी 533 और बसें हटानी है। ऐसे में बसें हटने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब राहत की बात हो सकती है कि नई भाजपा सरकार अपने वादे के अनुसार नई इलेक्ट्रिक बसों को लाने जा रही है।






### शिक्षा मंत्री ने स्कूलों को लेकर बोला झूठ

# प्राइवेट स्कूलों पर कार्यवाही करने का ढोंग कर रही है दिल्ली सरकार : सौरभ भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा शासित दिल्ली सरकार प्राइवेट स्कूलों पर कार्यवाही करने का ढोंग कर रही है और दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद दिल्ली की जनता से झूठ बोल रहे हैं। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा और दिल्ली सरकार पर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री ने गुरूवार को एक प्रेस वार्ता कर मीडिया के सामने कई ऐसी बातें कहीं जो कि बिल्कुल झूठ हैं और साथ ही साथ उन्होंने हाईकोर्ट की कार्यवाही को भी अपनी मर्जी के मुताबिक तोड़ मरोड़ कर मीडिया के समक्ष प्रस्तुत किया जो कि अदालत की अवमानना है और कानूनन अपराध है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली सरकार की ओर से कोई मदद नहीं मिली तो मजबूर होकर अभिभावकों को हाई कोर्ट जाना पड़ा है। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने झूठ बोला कि 650 स्कूलों का ऑडिट कर लिया गया है। सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्राइवेट स्कूलों की संस्था के अध्यक्ष भरत अरोरा भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता हैं और भरत अरोरा दिल्ली भाजपा में बड़े पद पर आसीन हैं और भारतीय जनता पार्टी अपनी ही पार्टी के नेता पर कभी कोई कार्यवाही नहीं करेगी।



### फीस के संबंध में डीएम की ओर से कोई भी रिपोर्ट कोर्ट में पेश नहीं की

सौरभ भारद्वाज ने बताया कि डीएम ने अपनी रिपोर्ट में इस बात को लिखा कि बच्चों के साथ यह प्रताड़ना की जा रही है, परंतु दिल्ली की जनता को इस बात पर गुमराह किया जा रहा है कि स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से बढ़ाई गई फीस का ऑडिट किया जाएगा, क्योंकि हाई कोर्ट की कार्यवाही में जो डीएम की रिपोर्ट है उसमें डीएम द्वारा इस बात की जानकारी तो दी गई है कि बच्चों को क्लास अटेंड नहीं करने दी जा रही है, लाइब्रेरी में बैठाया जा रहा है, प्रताड़ित किया जा रहा है। परंतु मनमाने तरीके से स्कूल द्वारा बढ़ाई गई फीस के संबंध में डीएम की ओर से कोई भी रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत नहीं की गई है।

**खबर संक्षेप**

### चोरी के मामले में आरोपी पकड़ाया



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में आरोपी समीर को गिरफ्तार किया है। ईस्माईलपुर फरीदाबाद में रहने वाले प्रदीप ने पुलिस चौकी नवीन नगर में अपनी दी शिकायत में आरोप लगाया कि 25 सितबंर 2024 की रात मकान से अलमारी में रखे सोने व चांदी के आभूषण, लेपटाप व एटीएम कार्ड कोई चोरी करके ले गया था।

### दो महिलाओं ने जेवरात व नकदी चुराई, जांच शुरू



**गुरुग्राम।** ई-रिक्शा में सवार दो महिलाओं द्वारा सीआरपीएफ कैंप जा रही महिला के बैग से लाखों के जेवरात व नगदी साफ करने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। राजीव नगर में रहने वाली 62 वर्षीया कमलेश ने कहा कि वह 16 अप्रैल की सुबह दस बजे बस स्टैंड से ई-रिक्शा में सवार होकर किसी काम से सीआरपीएफ कैंप जा रही थी।

### बैंक कर्मी बनकर लगाई ढाई लाख की चपत



**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में जालसाज ने बैंक कर्मी बनकर एक युवक को ढ़ाई लाख रुपए की चपत लगा दी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गुरुग्राम के सेक्टर-89 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि बीती 10 अप्रैल की सुबह करीब साढ़े नौ बजे उसके पास एक कॉल आई। कॉलर ने खुद को बैंक कर्मी बताया और उससे अकाउंट की जानकारी मांगी। विनोद कुमार ने जानकारी नहीं दी तो उससे अकाउंट ब्लॉक होने की बात कही गई।

# सफाई एक वर्ग की जिम्मेदारी नहीं, यह पूरे समाज का नैतिक कर्तव्यः राज्यमंत्री गुर्जर

**केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने डॉ. आंबेडकर के जन्मोत्सव से चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा की सहभागिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शुक्रवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाते हुए सेक्टर.28 की मार्किट में स्वयं झाड़ू लगाकर सफाई की शुरुआत की। उन्होंने सड़क पर फैली गंदगी को एकत्र कर रिक्शा के माध्यम से कचरा स्थानांतरण केंद्र तक भिजवाया, जिससे उन्होंने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया।



**स्वच्छता एक सांझा राष्ट्रीय उत्तरदायित्व**

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देशभर में डॉ. आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई जा रही है। जहां उन्हें संविधान निर्माता के रूप में पहचाना जाता है, वहीं यह जानना जरूरी है कि वे स्वच्छता के भी सशक्त प्रवक्ता थे। उनका मानना था कि सफाई केवल शरीर या वातावरण तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि सामाजिक सोच और व्यवस्था की भी शुद्धता आवश्यक है। उन्होंने यह महसूस किया कि समाज में सफाई का काम एक वर्ग विशेष तक सीमित कर दिया गया है, जो कि एक अन्यायपूर्ण परंपरा है। उनका विचार था कि जब तक स्वच्छता की जिम्मेदारी समान रूप से नहीं निभाई जाएगीए तब तक समाज में बराबरी संभव नहीं। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने स्वच्छता कर्मियों को समाज की रीढ़ की हड्डी माना और कहा कि जो कार्य सभी के लिए जरूरी है, उसे हेय दृष्टि से देखना एक सामाजिक भूल है। उन्होंने बार-बार जोर दिया कि स्वच्छता एक सांझा राष्ट्रीय उत्तरदायित्व है और इसमें हर नागरिक को भागीदार बनना चाहिए।

**स्वच्छ भारत अभियान बाबा साहेब की प्रेरणा से आरंभ हुआ**

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई मौकों पर बाबा साहेब के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा है कि स्वच्छ भारत अभियान उन्हीं की प्रेरणा से आरंभ हुआ। इस अभियान के तहत रक्तदान शिविर, विचार गोष्ठियों और जनजागरूकता भी आयोजन जारी रहेंगे। आज जब हम स्वच्छता की बात करते हैं, तो यह ध्यान रखना आवश्यक है कि डॉ. आंबेडकर का दृष्टिकोण केवल शारीरिक सफाई तक सीमित नहीं था, बल्कि उनका सपना एक ऐसा समाज था जो समता, न्याय और स्वच्छता के आदर्शों पर आधारित हो। स्वच्छता अभियान के दौरान एनआईटी विधायक सतीश फागना, पार्षद अनिल नागर सहित एमसीएफ के अधिकारी व कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## समाजसेविका पल्लवी गोयल ने किया बैसाखी मेले का उद्घाटन

# कहा- सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है हस्तशिल्प कला, करें प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बैसाखी के पावन अवसर पर फरीदाबाद के सेक्टर-15 स्थित सामुदायिक भवन में भव्य बैसाखी मेले का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन समाजसेविका एवं भाजपा नेत्री पल्लवी गोयल ने किया। पल्लवी गोयल हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल की धर्मपत्नी हैं और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। इस वार्षिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आयोजित बैसाखी मेले में स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेले में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प और व्यंजनों की स्टाल भी लगाई गईं।

**हस्तनिर्मित रामदरबार फ्रेम को विशेष रूप से सराहा**



उद्घाटन के पश्चात पल्लवी गोयल ने मेले में भ्रमण कर सभी स्टॉलों का अवलोकन किया और हस्तशिल्प कला की विशेष सराहना की। उन्होंने राम नाम पर आधारित हस्तनिर्मित राम दरबार फ्रेम को विशेष रूप से सराहा और कहा कि इस प्रकार की कलाएं हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक हैं, जिन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। उन्होंने आयोजक टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय कलाकारों और हस्तशिल्पियों को न केवल मंच मिलता है बल्कि उनकी प्रतिभा को भी नई पहचान मिलती है। इस अवसर पर पल्लवी गोयल ने कहा कि बैसाखी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का उत्सव है। ऐसे मेलों के माध्यम से समाज के सभी वर्ग एकजुट होते हैं और हमारी लोककलाएं, परंपराएं एवं हस्तशिल्प जीवंत होती हैं।

**नागरिकों ने मेले की भव्यता की खूब सराहना की**

कार्यक्रम के आयोजक साहिल जयसिंह, मानसी जयसिंह, सुनीता वर्मा, शशि गोयल एवं प्रकृति गोयल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने मेले की भव्यता और सांस्कृतिक समरसता की खूब सराहना की।

**मरीज ने ट्रांसप्लांट करने वाली टीम का धन्यवाद किया**

# पापा की 18 वर्षीय परी ने लीवर दान कर पिता को दी नई जिंदगी

- लिवर फेलियर के कारण मरीज को पीलिया, पेट में पानी, पैरों में सूजन की समस्या के साथ मांसपेशियां भी कम हो रही थीं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बेटियां अपने पापा के दिल के बहुत करीब होती हैं। अगर बेटी पर किसी प्रकार का संकट आ जाए तो पिता बड़ी से बड़ी चुनौती से लड़ने के लिए तैयार हो जाता है। हाल ही में मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में एक ऐसा मामला आया जहां भूटान देश की मात्र 18 वर्षीय बालिका ने अपने बीमार पिता को बचाने के लिए लिवर दान कर साबित कर दिया है कि जरूरत पड़ने पर बेटियां भी अपने पिता के लिए जिंदगी तक न्योछावर कर सकती हैं।

डॉ. पुनीत सिंगला प्रोग्राम क्लिनिकल डायरेक्टर एवं एचओडी-लिवर ट्रांसप्लांट एवं एचपीबी, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने बताया कि हमारे पास भूटान देश से लिवर फेलियर की समस्या के साथ रमेश (बदला हुआ नाम) नाम का मरीज आया। लिवर फेलियर के कारण मरीज को पीलिया, पेट में पानी, पैरों में सूजन, कमजोरी और मांसपेशियां कम होना शुरू हो गया था। इस कारण मरीज सामान्य जिंदगी व्यतीत नहीं कर पा रहा था। परेशान होकर मरीज के परिजन ने हमसे लिवर ट्रांसप्लांट के बारे में सलाह ली। ठीक से काउंसलिंग के बाद, परिजन मरीज का ट्रांसप्लांट कराने के लिए तैयार हो गए।

डोनर न मिलने पर पिता की जान बचाने के लिए 18 वर्षीय बेटी लिवर दान करने के लिए आगे आई। फिर बेटी के लिवर का एक छोटा सा हिस्सा लेकर पिता का लिवर ट्रांसप्लांट किया गया। ट्रांसप्लांट सफल रहा। डोनर को पहले ही डिस्चार्ज कर दिया। पूरी तरह से स्वस्थ होने पर फिर मरीज को भी जल्दी डिस्चार्ज कर दिया गया। ट्रांसप्लांट के बाद मरीज सामान्य जीवन जी रहा है। ठीक होने पर मरीज को पता चला कि उनकी बेटी ने लिवर देकर उनकी जान बचाई है तो मरीज की आंखों में आंसू आ गए थे। मरीज ने बेटी पर गर्व करने के साथ मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स एवं लिवर ट्रांसप्लांट टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।

## बच्चों की मुस्कान बनी जन्मदिन की पहचान, विक्टोरा लाइफ फाउंडेशन का प्रेरणादायक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जन्मदिन का असली अर्थ केवल मोमबत्तियां बुझाना और केक काटना नहीं होता, बल्कि अगर वही दिन किसी जरूरतमंद के जीवन में उम्मीद और मुस्कान भर दे, तो वह दिन प्रेरणा और परिवर्तन का प्रतीक बन जाता है। यही उदाहरण पेश किया विक्टोरा इंडस्ट्रीज के युवा और संवेदनशील निदेशक सतबीर सिंह बांगा ने, जिन्होंने अपना जन्मदिन फरीदाबाद की झुग्गियों में रहने वाले वंचित बच्चों के साथ मनाकर एक मिसाल कायम की।

**खास बातें**

- निदेशक सतबीर सिंह बांगा ने अपना जन्मदिन समाज सेवा को समर्पित किया
- झुग्गी-बस्ती में रह रहे लगभग 50 बच्चों के साथ केक काटा गया और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया

**बांगा ने कहा-हर जन्मदिन एक समाज को बदलने वाला उत्सव बन सकता है**



यह आयोजन विक्टोरा लाइफ फाउंडेशन की समाजसेवी पहल बटरफ्लाई प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया गया। जिसका उद्देश्य झुग्गी-बस्ती के बच्चों को शिक्षा, जीवन कौशल और मूलभूत सहारा प्रदान करना है। इस अवसर पर बच्चों के साथ केक काटने काटी गई, जिसके बाद सभी ने मिलकर प्रेम और आनंद के साथ सामूहिक भोज किया। बच्चों को इमरजेंसी लाइट वितरित की गईं ताकि उनके अंधेरे घरों में रोशनी का संचार हो सके। साथ ही, उनके लिए खेल, ड्रॉइंग, नृत्य और अन्य रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिससे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और मन में उत्साह उमड़ पड़ा। इस अवसर पर विक्टोरा इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर एसएस बांगा ने बताया किए विक्टोरा परिवार का हर सदस्य अपने खास दिनों को समाजसेवा के साथ जोड़ने की परंपरा निभाता है, चाहे वह पौधारोपण हो, रक्तदान शिविर हो या पुस्तक वितरण। सतबीर सिंह बांगा ने कहा कि इन बच्चों के साथ बिताया गया यह दिन मेरे लिए सबसे अनमोल उपहार है। जब जन्मदिन सेवा के रूप में मनाया जाए, तो वह केवल उत्सव नहीं आत्मिक शांति बन जाता है। फाउंडेशन की वाइस प्रेसिडेंट दमन बांगा ने बताया कि नीलम फ्लाईओवर के नीचे रहने वाले बच्चों के लिए लक्ष्यम एनजीओ के साथ मिल कर बटरफ्लाई प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है, जो वर्तमान में लगभग 50 बच्चों को शिक्षित करने और उन्हें बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करने में सक्रिय है। यह आयोजन एक सशक्त संदेश देता है कि अगर व्यक्तिगत खुशी को सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ा जाए, तो हर जन्मदिन एक समाज बदलने वाला उत्सव बन सकता है।

**उपाध्यक्ष ने लिया मानचित्र स्वीकृति में आ रही परेशानियों का जायजा**

# जीडीए में मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन अधिकारियों को त्वरित समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

ग़ाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण में आयोजित मानचित्र समाधान दिवस में उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने विभिन्न अनुभागों से लगाई गई आपत्तियों के आधार पर निरस्त किए गए मानचित्रों की समीक्षा की। उपाध्यक्ष के पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुरूप, प्राधिकरण में मानचित्रों की डिटेल गूगल शीट पर तैयार की जाती है। इस गूगल शीट में अंकित नक्शों पर कब, किस अनुभाग द्वारा, क्या आपत्ति की गई है, इसकी केस टू केस समीक्षा की गई। इस संबंध में कुछ मामलों में आवेदकों एवं वास्तुविदों से दूरभाष पर स्वयं उपाध्यक्ष महोदय ने वार्ता की और मानचित्र स्वीकृति में आ रही कठिनाइयों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जो निराकरण प्राधिकरण स्तर पर हो सकते थे, उनके लिए मुख्य नगर नियोजक को निर्देशित किया गया। इन नक्शों में मुख्य रूप से होटल, पेट्रोल पंप, गेस्ट हाउस, ग्रुप हाउसिंग आदि के मानचित्र सम्मिलित थे। वास्तुविदों को आपत्तियों का त्वरित निस्तारण करने के लिए भी निर्देशित किया गया। जीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि जिन आवेदकों / आर्किटेक्ट द्वारा प्रस्तावित निर्माण के मानचित्र ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किए गए हैं, और स्वीकृति में या आपत्ति निस्तारण में कोई परेशानी आ रही हो, तो वे प्रत्येक गुरुवार (अवकाश छोड़कर) आयोजित मानचित्र समाधान दिवस में उपस्थित होकर अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।



## विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया डॉ. त्यागी के 111 नि:शुल्क ऑपरेशन कैंप का समापन



**गाजियाबाद।** आरडीसी राजनगर स्थित हर्ष ईएनटी हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ बृजपाल त्यागी ने 111 गरीबों के कान के पर्दों के निःशुल्क ऑपरेशन किए। डॉ बृजपाल त्यागी के 111 निःशुल्क ऑपरेशन कैंप का समापन मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया। डॉ बृजपाल त्यागी ने हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ की ओर से मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी का स्वागत व अभिनंदन किया। भाजपा पार्षद अमित त्यागी, भाजयुमो महानगर उपाध्यक्ष मोनू त्यागी, पूर्व महानगर उपाध्यक्ष अंकुश अरोड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, जिला प्रतिनिधि विनीत शर्मा, वैभव त्यागी एडवोकेट, हर्ष ईएनटी हॉस्पिटल के निदेशक गौरव त्यागी, ललित चौधरी, सचिन त्यागी एवँ अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अजित सिंह की कोठी ख़ाली करने के विरोध में मुरादनगर गंग नहर पर विरोध प्रदर्शन मामले में 25 पर आरोप तय

*राकेश टिकैत, बागपत विधायक योगेश धामा, पूर्व मंत्री व पूर्व विधायकों समेत 25 पर चलेगा मुकदमा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

वर्ष 2014 मे किसानों, रालोद कार्यकर्ताओं व भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं द्वारा स्व चौधरी अजित सिंह की दिल्ली मे कोठी ख़ाली करने के विरोध में मुरादनगर गंग नहर पर किए गए विरोध प्रदर्शन के मामले में विशेष एमपी,एमएलए न्यायालय में शुक्रवार को 25आरोपियों पर आरोप तय हो गए। जिसके बाद अब इन सभी आरोपियों पर मुकदमा चलेगा। आरोपियों में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, बागपत के विधायक योगेश धामा, पूर्व मंत्री दलवीर सिंह, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा,वीर पाल राठी, विधायक भगवती प्रसाद,चेयरमैन अमरजीत सिंह बिडडी, पूर्व प्रमुख अजय पाल

**25 आरोपी अदालत में पेश हुए, अगली सुनवाई 30 को**



शुक्रवार को ये सभी अदालत में पेश हुए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता चौधरी अजय वीर सिंह ने बताया कि इस प्रकरण में पुलिस की ओर से कुल 36 लोगों को नामजद किया गया था। जिनमें से कई की मृत्यु हो चुकी है, जबकि कई अन्य अदालत में पेश नहीं हो रहे हैं। आज कुल 25 आरोपी अदालत में पेश हुए। अजय वीर ने पुलिस द्वारा लगाए गये आरोपों पर विस्तृत बहस की। उन्होंने कहा कि आरोपियों पर पुलिस द्वारा झूठे आरोप नेताओं व कार्यकर्ताओं पर लगाये गए हैं, कोई साक्ष्य पुलिस उपस्थित व्यक्तियों के खिलाफ प्रस्तुत नहीं कर सकी है। इसलिए न्यायालय द्वारा उन्हें आरोपों से मुक्त किया जाए। मुकदमे में परिक्षण के बाद ही तय हो सकेगा कि उपस्थित व्यक्तियों के खिलाफ साक्ष्य है या नही ,इसलिए इस स्तर पर आरोप मुक्त नहीं किया जा सकता । विशेष न्यायाधीश एमपी,एमएलए निशांत मान ने सभी लोगों पर आरोप तय कर साक्ष्य के लिए अगली तारीख़ 30 अप्रैल नियत की है ।

**पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की**

# बीडीएस की छात्रा से छेड़छाड़ कर मारने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सोहना शहर थाना एरिया में एक युवक द्वारा बीडीएस की छात्रा से छेड़छाड़ करने व मारने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक रेंट ब्रोकर है, उसने छात्रा को एक फ्लैट रेंट पर दिलाया था और अब उसको अश्लील मैसेज करता है और शराब पीकर उसके फ्लैट में आकर छेड़छाड़ करता है। छात्रा के विरोध करने पर आरोपी ने अपनी कार से उसकी बाइक में टक्कर मारने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के गाजियाबाद निवासी छात्रा ने कहा कि वह सोहना एरिया स्थित एक यूनिवर्सिटी से बीडीएस कर रही है। जिसके लिए उसने एक रेंट ब्रोकर लोकेश सैनी को कमिशन देकर एक फ्लैट लिया था। उसके बाद से ही लोकेश सैनी शराब पीकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। वह उसे फोन करके परेशान करने लगा और गंदे मैसेज भेज रहा है। लोकेश सैनी कई बार छात्रा के फ्लैट के अंदर आ जाता और छेड़छाड़ करने की कोशिश करता। यही नहीं वह फ्लैट में सोने के लिए कहता तो छात्रा ने मना कर दिया। बीती 27 दिसंबर को लोकेश सैनी ने शराब पीकर कई फोन किए और गंदी बातें करने लगा। अश्लील मैसेज कर छात्रा को परेशान किया।



सीएम विंडो पर लगाई कार्रवाई किए जाने की गुहार

# एमजी रोड पर हो रहा कार शोरुम का अवैध निर्माण, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम के एमजी रोड स्थित सिकंदरपुर घोसी में करोड़ों रुपए की जमीन पर बिना किसी भवन योजना के कार शोरुम का निर्माण कार्य किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि प्रदेश के भाजपा नेता की शह पर वहां निर्माण कार्य भी शुरु हो गया है। समाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट दिनेश यादव ने जब इसकी शिकायत निगम कार्यालय में की तो निगमाधिकारियों ने भी कोई एक्शन नहीं लिया। जिसके बाद शिकायत कर्ता ने अब सीएम विंडो पर अपनी शिकायत कर कार्रवाई कराए जाने की गुहार लगाई तो निगम के अधिकारी भी नींद से जागे और भाजपा नेता के पिता को नोटिस देकर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। सीएम विंडो में लगाई शिकायत में दिनेश यादव ने कहा कि उन्होंने नगर निगम कमिश्नर के समक्ष बीती 11 मार्च 2025 में आरोपियों पर कार्रवाई करने व अवैध रूप से चल रहे निर्माण कार्य को रोकने की शिकायत की थी। जिसके बाद निगम की ओर से भाजपा नेता के पिता को नोटिस तो दिया गया लेकिन अवैध रूप से चल रहे निर्माण कार्य को नहीं रोका गया।

**21 अप्रैल को स्थिति स्पष्ट करने को कहा**

निगम कमिश्नर व सीएम विंडो में दायर शिकायत में एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि एमजी रोड पर सिकंदरपुर घोषी में खेवट/नंबर 13 और खसरा नंबर 90 जमाबंदी में स्वीकृत भूमि पर बिना किसी भवन योजना के कार शोरूम के अनधिकृत निर्माण किया जा रहा है। वह भूमि खेवट/जमाबंदी खसरा संख्या 90 (25-0), ग्राम संख्या 127/121, खतौनी संख्या 13 और सिकंदरपुर घोसी स्थित है। इस कृषि भूमि पर नये शोरूम का निर्माण किया जा रहा है। बिना किसी विभाग की अनुमति के कार शोरूम को लीज पर दिया जाना है। इस भूमि पर अन्य अवैध मार्केट/दुकानें भी बिना किसी विभाग की अनुमति के निर्मित हैं। दिनेश यादव का आरोप है कि यह सब बादशाहपुर विधानसभा से चुनाव लड़ चुके भाजपा नेता की शह पर हो रहा है। दिनेश यादव ने अपनी शिकायत के माध्यम से इस तरह के अवैध निर्माण को रोकने, अनधिकृत दुकानों को सील करने और बिना किसी अनुमोदित भवन योजना के इस भूमि पर बनी अवैध संरचनाओं को ध्वस्त कराए जाने को कहा है। दिनेश यादव ने कहा कि निगम ने जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं की तो उन्होंने सीएम विंडो का सहारा लिया। जिसके बाद निगम ने अब बीती तीन अप्रैल को भाजपा नेता के पिता रामानंद को नोटिस भेजकर आगामी 21 अप्रैल को इस बारे में स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार डिजिटल रेडियोग्राफी सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 18.04.2025 08.05.2025 | 33 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34028/I/88/7 दि. 18.04.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | जिला यमुनानगर में कि.मी. 81.90 पर कलानौर से कैल रोड पर आरओबी के नीचे अंडरपास का निर्माण। | 16.04.2025 24.04.2025 | 106.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प कैथल | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कॉलेज, जगदीशपुरा कैथल के शौचालयों का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 24.04.2025 | 37.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज हिसार | खारिया, हिसार2, खारिया से पुराना खारिया प्राथमिक विद्यालय रास्ता तक आईपीबी रास्ता का निर्माण। (वीएएनजीवाई) + 9 कार्य। | 17.04.2025 29.04.2025 | 83.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज झज्जर | 49.15 - गांव खुडन ब्लॉक माछरौली में दादा वाला मोड़ के निकट ओक्सीवन की स्थापना। | 16.04.2025 22.04.2025 | 41.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/80/34035/I/88/7 दि. 18.04.25

## खबर संक्षेप

### रांची में गिरे ओले 6 जिलों में ऑरेंज अलर्ट



**रांची।** रांची में शुक्रवार को तेज हवा के साथ कई इलाकों में जोरदार बारिश देखी गई। कुछ जगहों से ओले गिरने की भी खबर मिलीं। दुमका और आसपास के जिलों में अच्छी बारिश देखी गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान सूबे के 6 जिलों में तेज हवाओं, गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। झारखंड में 22 अप्रैल तक मौसम कमोबेश ऐसा ही रहने का अनुमान है।

### 2 भाइयों पर टूट पड़ा कुत्तों का झुंड, 1 की गई जान



**समस्तीपुर।** यहां विजय साह के बड़े पुत्र अभिषेक कुमार (8) व छोटे पुत्र विवेक कुमार (6) को 6:30 बजे पढ़ाई करने जाने के क्रम में कुत्ते ने काटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. धीरज कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में बड़े भाई अभिषेक कुमार की मौत हो गई।

### रामपुर में मंदबुद्धि किशोरी के साथ दरिंदगी



**रामपुर।** दलित मंदबुद्धि किशोरी के साथ शख्स ने रेप किया। मंगलवार को बच्ची एक खेत में पड़ी मिली। जानकारी मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई और मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया तो उसके शरीर पर आठ जगह जख्म के निशान मिले। साथ ही प्राइवेट पार्ट भी सिगरेट से जलाया गया था। किशोरी की हालत गंभीर बनी हुई है।

# योगी सरकार ने लिया बड़ा फैसला, नगर विकास विभाग ने तैयारी की शुरू

योगी सरकार अब अयोध्या, काशी के बाद नैमिषारण्य, देवीपाटन, महादेवा, शाकंभरी देवी जैसे छोटे धार्मिक स्थलों का कायाकल्प करेगी। श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सड़क, पार्क और अन्य सुविधाएं।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार छोटे धार्मिक स्थलों वाले शहरों का कायाकल्प करने की तैयारी में है। इन शहरों में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित की जाएंगी जिससे उन्हें सुखद अनुभव मिले। नगर विकास विभाग ने उच्च स्तरीय सहमति के बाद इस पर कार्य करना शुरू कर दिया है। अमृत-दो और अन्य योजनाओं के तहत निकायों को विकास कार्यों के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए निकायों से भी जल्द प्रस्ताव मांगे जाएंगे।

**यूपी में धार्मिक शहरों का होगा कायाकल्प**



### श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि दर्ज हुई

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अयोध्या, काशी, मथुरा और विंध्यधाम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों का विकास होने के बाद से यहां पर श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि दर्ज हुई है। इसी के चलते छोटे धार्मिक स्थलों, जैसे सीतापुर का नैमिषारण्य, बलरामपुर का देवीपाटन, कानपुर का भीतरगांव मंदिर, सहारनपुर का शाकंभरी देवी, बांदा का बामदेवेश्वर, गाजीपुर के गहमर में मां कामाख्या देवी और बाराबंकी का महादेवा, पर भी श्रद्धालुओं का आवागमन बढ़ रहा है। जिसके चलते इन स्थलों के आसपास सड़क, नाली, पार्क और अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

### निकायों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

इसके लिए निकायों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें स्पष्ट करना होगा कि कौन-से कार्य किए जाएंगे, उनकी लागत कितनी होगी और किस योजना से धनराशि चाहिए। प्रस्ताव को निकाय बोर्ड से पारित कराना होगा। शासन स्तर पर प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद धनराशि आवंटित की जाएगी। निकायों को कार्य प्रगति की नियमित रिपोर्ट शासन को देनी होगी। इसके लिए वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी जैसे साक्ष्य भी प्रस्तुत करने होंगे, जिनके आधार पर अगली किस्त जारी होगी। इस पहल से छोटे धार्मिक स्थलों की सांस्कृतिक और धार्मिक महत्ता बढ़ेगी, साथ ही श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

## महागठबंधन में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला सेट

# दो फैक्टर पर रहेगा जोर, उम्मीदवारों की जीत की संभावना व उसकी साख

एजेंसी ⏭ पटना

महागठबंधन में सीट बंटवारे का फॉर्मूला लगभग तय हो गया है। जिसमें उम्मीदवारों की जीत की संभावना और साख को मापदंड बनाया गया है। 24 अप्रैल को एक बार दूसरी बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में होगी। यहां पर मंथन के बाद फायनली तय होने की संभावना।

बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए महागठबंधन के सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे का फॉर्मूला लगभग तय हो गया है। जिसके लिए दो फैक्टर्स पर जोर रहेगा। जिसमें उम्मीदवारों की जीत की संभावना और साख को मापदंड बनाया गया है। जिस पर महागठबंधन के छह दलों की सहमति बनी है। सूत्रों के मुताबिक महागठबंधन की दूसरी बैठक 24-25 अप्रैल को पटना में होगी। जिसका आयोजन प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में होगा। जिसमें औपचारिक रूप से सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू हो सकती है। इससे पहले गुरूवार को हुई पहली बैठक में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को गठबंधन की समन्वय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

**खास बातें**

- महागठबंधन की दूसरी बैठक 24-25 अप्रैल को पटना में होगी
- प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में होगा दूसरी बैठक का आयोजन

### आरजेडी 150 सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छुक



सूत्रों के मुताबिक महागठबंधन के सबसे वरिष्ठ सहयोगी होने के नाते आरजेडी कम से कम 150 सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छुक है। 2020 के चुनावों में राजद ने करीब 145 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जबकि कांग्रेस ने पिछले 2020 के चुनावों में 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उसकी भी सीटों पर नजर है।

वामपंथी दलों में खासकर बिहार की सबसे बड़ी वामपंथी पार्टी सीपीआई-एमएल (लिबरेशन) 30 से अधिक सीटों पर नजर गड़ाए हुए है। और सीट सौदे में बड़ा हिस्सा चाहती है, जबकि सीपीआई और सीपीएम बिहार में पिछले कुछ चुनावों में अपने प्रदर्शन के आधार पर लगभग 10-12 सीटें पाने की इच्छुक हैं। सूत्रों ने बताया कि वीआईपी भी एक दर्जन से अधिक सीटें चाहती है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा ने कहा कि सीटों के तालमेल और बंटवारे पर अंतिम फैसला पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा सहयोगियों के परामर्श से किया जाएगा। वहीं सीपीआई माले के राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि सीट बंटवारे के मानदंड कई कारकों पर तय किए जा सकते हैं, लेकिन पिछले 2020 के विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टियों के प्रदर्शन को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 2020 के चुनावों और 2024 के आम चुनावों में माले का प्रदर्शन शानदार रहा है।

**दूसरी बैठक में हर सहयोगी दल से दो सदस्यों का प्रतिनिधित्व रहेगा**

तेजस्वी की अध्यक्षता में नए समन्वय पैनल द्वारा बैठक का दूसरा दौर आयोजित किया जाएगा। जिसमें हर गठबंधन सहयोगी दल से दो सदस्यों का प्रतिनिधित्व होगा। सीट बंटवारे की प्रक्रिया पर बातचीत इस बैठक से शुरू होगी, साथ ही चुनाव संबंधी अन्य मामलों पर भी चर्चा होगी। महागठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि सीटों की 'जीतने की क्षमता' अन्य फैक्टरों के अलावा सीट बंटवारे का मुख्य मानदंड होगा।

## सरकार हाथ पर हाथ रखकर बैठी

# मंडियों के बाहर सड़कों पर खुले में पड़ा है अधिकतर गेहूं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि गेहूं खरीद को लेकर सरकार द्वारा किए गए सारे के सारे प्रबंध धरे के धरे रह गए, खुले आसमान के नीचे पड़ा गेहूं सरकार के दावों की पोल खोल रहा है। उन्होंने कहा कि न तिरपाल का कोई प्रबंध है और न ही उठान की ओर कोई ध्यान दिया जा रहा है। एक अप्रैल से शुरू हुई गेहूं की खरीद में अभी तक प्रदेश की मंडियों में गेहूं की आधी ही आवक हुई है उसमें भी मंडिया हांफने लगी है। सच तो यह है कि भाजपा सरकार दिखावे के लिए ही किसानों की बात करती है वर्ना को सरकार हाथ पर हाथ रखकर किसान की बर्बादी देख रही है। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने एक अप्रैल से मंडियों में गेहूं की खरीद शुरू की। 417 मंडियों में 38.93 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) गेहूं पहुंच गया जिसमें से केवल 8.59 एलएमटी (22 फीसदी) टन की ही उठान हो पाई है। हालांकि 31.52 एलएमटी गेहूं खरीदा तो जा चुका है पर उसे बोरियों में भरकर गोदामों में भेजने की प्रकिया धीमी है। एक ओर सरकार दावे कर रहर थी कि मंडियों और खरीद केंद्रों में इस बार समुचित प्रबंध किए गए है पर मंडियां इस बात की गवाही दे रही है कि खरीद और उठान की व्यवस्था सही न होने पर मंडी के अंदर और मंडी के बाहर सड़को पर गेहूं की ढेरिया लगी हुई है। मंडियों में अभी तय लक्ष्य 75 लाख मीट्रिक टन के मुकाबले में आधा गेहूं ही पहुंचा है। उठान समय पर न होने के कारण कई मंडियों में शेड और खाली जमीन पर फसल रखने की जगह तक नहीं बची और आवक लगातार जारी है। प्रदेश की अधिकतर मंडियों के बाहर सड़को पर ढेरियां लगाने को किसान मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से खरीद शुरू होने के बावजूद उठान के लिए मंडी लेबर कांट्रेक्टर (एमएलसी) और मंडी ट्रांसपोर्ट कांट्रेक्टर (एमटीसी) की व्यवस्था नहीं हुई थी। बहाना बनाया गया कि एमएलसी और एमटीसी की दरें ज्यादा थी। इस वजह से भंडारण होता गया। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की मंडियों में खरीदी गई गेहूं में से 31 प्रतिशत का ही उठान हो पाया है।

## पेज एक का शेष

### 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' ...

कार्यक्रम की योजना और इसकी देखरेख एक अंतरराष्ट्रीय सलाहकार समिति (आईएसी) करती है। आईएसी में 14 सदस्य होते हैं। इनकी नियुक्ति यूनेस्को के महानिदेशक करते हैं।

**गीता और नाट्यशास्त्र को क्यों चुना?:** भगवद गीता के 18 अध्यायों में 700 श्लोक हैं। यह महाभारत काल का एक अनुपम हिंदू धर्मग्रंथ है। यह वैदिक, बौद्ध, जैन और चार्वाक जैसे प्राचीन भारतीय धार्मिक विचारों का मिश्रण है। यह कर्तव्य, ज्ञान और भक्ति के महत्त्व पर आधारित है। भगवद गीता को सदियों से पूरी दुनिया में पढ़ा गया है और कई भाषाओं में अनुवाद किया जा चुका है। यूं कह लें कि यूनेस्को ने अभूतपूर्व देरी से ही सही, एक बहुत ही उचित दिशा में पहल की है। दूसरी ओर, भरत मुनि का नाट्यशास्त्र प्रदर्शन कलाओं का वर्णन करने वाले संस्कृत काव्य छंदों का संग्रह है। इसमें नाट्य (नाटक), अभिनय, रस (सौंदर्य अनुभव), भाव (भावना), संगीत आदि को परिभाषित करने वाले नियमों का एक व्यापक दृष्टिकोण हैं। यह कलाओं पर एक प्राचीन विश्वकोश ग्रंथ है। यह भारतीय रंगमंच, काव्यशास्त्र, सौंदर्यशास्त्र, नृत्य और संगीत को प्रेरित करता है। ये दोनों ग्रंथ लंबे समय से भारत की सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत के मूल आधार रहे हैं।

### दिल्ली हवाई अड्डों से...

उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली हवाई अड्डे पर रनवे 28 के रखरखाव या अन्य कारणों से बंद होने के कारण उड़ानों में देरी की समस्या बढ़ी। इसने न केवल दिल्ली, बल्कि देश के अन्य हवाई अड्डों पर भी असर डाला, क्योंकि दिल्ली एक प्रमुख विमानन केंद्र है। इस रनवे की अनुपलब्धता ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को उड़ानों के प्रबंधन में कठिनाई पैदा की, जिसके परिणामस्वरूप कई उड़ानें अपने निर्धारित समय से घंटों देर से चलीं। गत 12 अप्रैल को दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में मौसम में अचानक बदलाव (धूल भरी आंधी और खराब दृश्यता) के कारण 205 उड़ानें देरी से चलीं और 15 उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। इसने स्थिति को और जटिल बना दिया। इसके अलावा, 18 अप्रैल, 2025 को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने हवा के पैटर्न में बदलाव के कारण संभावित उड़ान देरी की चेतावनी जारी की, और दोपहर 12:30 से 4:30 बजे तक एयर ट्रैफिक प्रबंधन लागू किया गया। उड़ानों में देरी के कारण यात्रियों को लंबे समय तक हवाई अड्डों पर इंतजार करना पड़ रहा है। समिति में शामिल एक सांसद ने बताया कि 13 अप्रैल को बाबतपुर हवाई अड्डे (वाराणसी) पर एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान 12 घंटे देरी से चली, जिसके कारण 150 यात्रियों ने हंगामा किया। सांसदों और जनप्रतिनिधियों ने भी इस मुद्दे पर नाराजगी जताई है। उदाहरण के लिए, एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने 22 मार्च को एयर इंडिया की उड़ान में 1 घंटे 19 मिनट की देरी पर सवाल उठाए और इसे निरंतर प्रवृत्ति करार दिया।

### जेईई-मेन परीक्षा ...

अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर निष्कर्ष निकालना वांछनीय नहीं है। एजेंसी उम्मीदवारों को सलाह के साथ यह सूचित करना चाहती है कि वह अनावश्यक संदेह और चिंता उत्पन्न करने वाली रिपोर्टों से गुमराह न हों।

### आरक्षण के अंदर...

सब-कोटा की सिफारिश पिछले साल बनाए गए एक सदस्यीय आयोग ने की थी। दिसंबर 2023 में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राजीव रंजन मिश्रा को इस उद्देश्य के लिए नियुक्त किया गया था। आयोग ने 2011 की जनगणना के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर केंद्र को भेजी थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर अब यह फैसला लिया गया है। तेलंगाना ने इसी साल 14 अप्रैल को तीन ग्रुप बनाकर एससी आरक्षण का पुनर्वितरण किया था। राज्य सरकार ने इसके लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज शमीम अख्तर की अध्यक्षता में एक कमीशन गठित किया था। वहीं हरियाणा में नायब सिंह सैनी की सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट मीटिंग में एससी और एसटी कोटे में आंतरिक वर्गीकरण का फैसला लिया गया।

**सुप्रीम कोर्ट ने पलटा 20 साल पुराना फैसला:** 1 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए राज्यों को अनुसूचित जातियों और जनजातियों के भीतर सब-क्लासिफिकेशन का अधिकार दे दिया। सात जजों की संविधान पीठ ने 6:1 के बहुमत से यह फैसला सुनाया और 2004 में आए ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश केस के फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि एससी जातियों को आंतरिक तौर पर विभाजित नहीं किया जा सकता। नए फैसले का उद्देश्य सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ी जातियों तक आरक्षण का लाभ सही तरीके से पहुंचाना है।

### तीन ग्रुप बनाए गए...

मिलेगा। वहीं ग्रुप-3 में माला, अदि आंध्र और पंचमा जैसी जातियों को शामिल किया गया है, जिन्हें 7.5% आरक्षण का लाभ मिलेगा।

### खेल को केवल...

शिव कुमार मेमोरियल स्टेडियम परिसर में तीसरी अखिल भारतीय शिव कुमार स्मृति बास्केटबॉल प्रतियोगिता का बतौर मुख्यातिथि विधिवत शुभारंभ करने उपरांत उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा खरखौदा के विधायक पवन खरखौदा,मेयर राम अवतार वाल्मीकि सहित अन्य गणमान्य नागरिक व बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे। उन्होंने शिव कुमार स्मृति स्टेडियम के कार्यों के लिए 21 लाख रुपए की धनराशि, गांव में शीघ्र महिला चौपाल का निर्माण तथा गांव की विभिन्न मांगों को शीघ्र पूर्ण करवाने की भी घोषणा की। सैनी ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने व खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रोजगार सुनिश्चित करने के लिए 'हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021' बनाये गए हैं। इसके तहत खेल विभाग में 550 नए पद बनाये गये। इसके अलावा, 224 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी है। खिलाड़ियों के लिए क्लास-वन से क्लास-थ्री तक के पदों की सीधी भर्ती में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। हरियाणा देश का पहला राज्य है, जो पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सबसे अधिक नकद पुरस्कार देता है। प्रदेश में अब तक खिलाड़ियों को 593 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार दिए हैं। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 298 खिलाड़ियों को मानदेय भी दिया जा रहा है। प्रदेश में बचपन से खिलाड़ियों को तराशने के लिए संचालित की जा रही 1489 खेल नर्सरियां श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले तथा पदक जीतने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। वर्ष 2014 से अब तक 29 हजार से अधिक छात्रों को 53 करोड़ 45 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। खेल विभाग द्वारा 15 हजार 634 खिलाड़ियों को उपकरण प्रदान किये जा चुके हैं। खिलाड़ियों को बचपन से ही तराशने के लिए 1,489 खेल नर्सरियां संचालित की जा रही है, जिनमें 37 हजार 225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन नर्सरियों में नामांकित 8 से 14 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को 1500 रुपये तथा 15 से 19 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को 2000 रुपये प्रति माह दिये जाते हैं।

### कांग्रेस शासित राज्यों...

ऐसा मॉडल है जो किसी के गले से नीचे नहीं उतर रहा है।" उन्होंने कहा कि "नेशनल हेराल्ड को 1938 में पंडित नेहरू ने शुरू किया था, लेकिन समय के साथ चल नहीं पाया। 2008 में इसे फिर से शुरू करने के लिए 'एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड' यानी एजेएल को एक नई संस्था के अधीन लाने की कोशिश की गई। इसके लिए 'यंग इंडिया' नाम से एक नई कंपनी बनाई गई, जिसमें एक परिवार की 76 प्रतिशत हिस्सेदारी तय की गई। कांग्रेस पार्टी ने यंग इंडियन को बनाने के लिए 50 लाख रुपये का ऋण दिया, जिसका उद्देश्य एजेएल को खरीदना था। एजेएल पर कांग्रेस द्वारा दिए गए करीब 90 करोड़ रुपये का कर्ज था, जबकि उसकी संपत्ति का मूल्य लगभग 2000 करोड़ रुपये की थी। मात्र 50 लाख रुपये के निवेश के बदले यंग इंडिया को 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति मिल गई और बाकी 89.5 करोड़ रुपये का कर्ज कांग्रेस पार्टी ने खुद ही माफ करदिया। क्या कांग्रेस पार्टी किसी कंपनी को ऋण दे सकती है और अगर दिया गया तो उस पर ब्याज लिया गया या नहीं? इसके अलावा, नेशनल हेराल्ड अब कोई दैनिक समाचार पत्र नहीं है, वह एक साप्ताहिक अखबार के रूप में काम करता है। सवाल यह है कि क्या यह अख़बार छपता भी है? क्या आज कोई पत्रकार नेशनल हेराल्ड से जुड़ा है या कोई पाठक इसे पढ़ता भी है? अखबार वैसे तो कागज पर छपता है, लेकिन कुछ अखबार केवल कागजी होते हैं। जो छपते भी नहीं, बिकते भी नहीं, बंटते भी नहीं, दिखते भी नहीं और पढ़े भी नहीं जाते। वैसा ही अखबार की श्रेणी में है-नेशनल हेराल्ड।

ठाकुर ने कहा कि "कांग्रेस शासित राज्यों केमुख्यमंत्री इस अखबार को चंदा नहीं, बल्कि विज्ञापन के रूप में पैसा देते हैं। आखिर ये विज्ञापन किस आधार पर दिए जाते हैं? दैनिक अखबार, जिनके कई जिलों में संस्करण निकलते हैं, उन्हें चवन्नी मिलती है, जबकि एक साप्ताहिक अखबार नेशनल हेराल्ड को चांदी के सिक्के दिए जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में बड़े-बड़े दैनिक अखबारों को चवन्नी दी जाती है, जबकि नेशनल हेराल्ड को चांदी के सिक्के दिए जाते हैं।"

### एयर होस्टेस...

जिसके बाद आरोपित का पता चला। आरोपित पर आईसीयू में वेंटिलेटर पर पड़ी एयर होस्टेस के साथ डिजिटल रेप करने के आरोप हैं।

**आज कोर्ट में पेश किया जाएगा :** गुरुग्राम के डीसीपी (हेडक्वार्टर) डॉ. अर्पित जैन ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि आरोपित को शनिवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। जिसके बाद एयर होस्टेस के यौन उत्पीड़न के बारे में पूछताछ की जाएगी।

**एयर होस्टेस ने 14 अप्रैल को दी शिकायत :** बंगाल की रहने वाली एयर होस्टेस ने 14 अप्रैल को गुरुग्राम पुलिस को शिकायत दी थी कि उसके साथ मेदांता अस्पताल में डिजिटल रेप हुआ है। 6 अप्रैल की रात 9 बजे जब वह वेंटिलेटर पर थी, तब आईसीयू में उसके निजी अंगों के साथ छेड़छाड़ की गई। इस हाईप्रोफाइल मामले देखते हुए गुरुग्राम के थाना सदर में तुरंत केस दर्ज कर लिया। इसके बाद पुलिस मेदांता अस्पताल पहुंची। जहां से सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त की गई। आईसीयू और छेड़छाड़ के समय ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों का ड्यूटी रजिस्टर भी जब्त किया गया।

**स्वास्थ्य मंत्री आरती राव भी सक्रिय :** इस मामले में हरियाणा सरकार भी एक्टिव हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने गुरुग्राम की सीएमओ से एयर होस्टेस के इलाज से लेकर डिस्चार्ज होने तक की सारी रिपोर्ट मांगी है। जिसके बाद गुरुग्राम सेहत विभाग डॉक्टरों के बोर्ड के जरिए सोमवार को एयर होस्टेस की मेडिकल जांच करेगा। वहीं सीएमओ ने मेदांता अस्पताल से पूरी रिपोर्ट तलब कर ली है।

## धर्म बदल लेंगे 118 परिवार

### झारखंड में 11 गांव के लोगों ने दी चेतावनी

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर में 118 परिवारों ने सामाजिक बहिष्कार पर बड़ा निर्णय लेने की तैयारी कर ली है। डुमरिया प्रखंड के 11 गांवों के 118 परिवारों का ग्राम प्रधान ने सामाजिक बहिष्कार कर दिया है। इससे पीड़ित ग्रामीणों ने गुरुवार को डीसी ऑफिस पहुंचकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। न्याय नहीं मिलने पर उन्होंने धर्म परिवर्तन की चेतावनी दी है।इन सभी के ग्राम प्रधानों ने अलग-अलग कारणों से इन्हें बहिष्कृत कर दिया है। ये सभी इस मामले में न्याय के लिए पहले सांसद और फिर सांसद की चिट्ठी लेकर उपायुक्त से मिलने पहुंचे थे। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी थीं। उपायुक्त की अनुपस्थिति में उन्होंने जिला योजना पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई।

## कहीं पेड़ गिरे, कहीं फसल चौपट

# बिहार में आंधी-बारिश से तबाही का मंजर, दो लोगों की गई जान



एजेंसी ⏭ पटना

बिहार में बीते 24 घंटे के भीतर तेज आंधी और बारिश की वजह से कई जगहों पर तबाही का मंजर देखने को मिला है। धूल भरी आंधी और तेज हवाओं के चलते कई जगहों पर पेड़ धराशायी हो गए। इससे वैशाली और मुंगेर में दो लोगों की मौत हो गई। कुछ जगहों पर बरसात के साथ ओले भी गिरे। मौसम खराब होने की वजह से खेतों में खड़ी किसानों की फसल चौपट हो गई। इससे उनके चेहरे मायूस हो गए हैं। सारण, सीवान, वैशाली, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया, बांका समेत अन्य जिलों में जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया।

बिहार के जिलों में गुरुवार रात से ही तेज हवाओं के साथ मेघगर्जन और बारिश का दौर शुरू हो गया। आंधी चलने से भागलपुर शहर में रात को बिजली व्यवस्था चरमरा गई। जिले में कई जगहों पर पेड़ जमीन पर गिर पड़े, जिससे बिजली के तार टूट गए। मुजफ्फरपुर में भी कमोबेश यही हाल देखा गया। वैशाली जिले में जगह-जगह आंधी की वजह से नुकसान देखने को मिला।

### मुंगेर में महिला की मौत

सदर प्रखंड क्षेत्र के नवागढ़ी वार्ड नंबर 4 में गुरुवार की देर रात तेज हवा के साथ हुई बारिश और ठनका के दौरान घर पर महोगनी का पेड़ गिरने से 43 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। खपरेल के घर पर पेड़ गिरने के कारण मृत महिला के पति सहित परिवार के अन्य सदस्यों को आंशिक चोट आई है। मृत महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार को सदर अस्पताल लाया गया।

## बाघ के 18 नाखून- 17 दांत के साथ पकड़ा गया आरोपी

पुलिस की सहायता से तस्कर को पकड़ने में जुटा वन विभाग

# वन विभाग की एक लापरवाही और कस्टडी से फरार हो गया तस्कर

एजेंसी ⏭ लखीमपुर खीरी

बाघ के नाखून व दांतों के साथ पकड़े गए दो वन्यजीव तस्करों में से एक वन विभाग की कस्टडी से फरार हो गया। शुक्रवार सुबह शौच के बहाने से तस्कर भागीराम रेंज कार्यालय से वनकर्मी को धक्का देकर भागा। उसने वनकर्मी को चोटिल भी कर दिया है। वनकर्मी अब पुलिस की मदद से उसे पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के साथ सभी चौराहों व उसके रिश्तेदारों के घरों पर तथा नेपाल सीमा पर पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। बरेली एसटीएफ व वन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर गुरुवार देर शाम एक नेपाली सहित दो वन्यजीव तस्करों को पकड़ा था। वनकर्मियों ने दोनों तस्करों से बाघ के 18 नाखून व 17 दांत तथा जबड़े की तीन हड्डियां बरामद की थीं।

▶ पकड़े गए एक नेपाली तस्कर का वन विभाग ने चालान भेजा



### दोनों से पूछताछ करने के बाद उन्हें रेंज कार्यालय में रखा गया था

दोनों से पूछताछ करने के बाद उन्हें रेंज कार्यालय में रखा गया था। बताया गया है कि आज उन्हें कोर्ट में पेश किया जाना था, जिसकी तैयारी की जा रही थी। इसी बीच आरोपित भागीराम निवासी ग्राम मकनपुर ने शौच जाने की इच्छा जताई जिसपर एक वनकर्मी उसे लेकर गया तो वह वनकर्मी को धक्का देकर भागने लगा। वनकर्मी ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो उसने उसे घायल कर दिया और भाग गया। जब यह जानकारी वनकर्मियों व अधिकारियों को मिली तो पुलिस को भी सूचना दी गई। इसके विपरीत इसके अलावा भागीराम के भागने की बात लखीमपुर ले जाते समय व रेंज हवालात से भागने की भी चर्चा है।



पूरी दुनिया में 700 मिलियन से एक बिलियन कुत्ते हैं।



शुतुरमुर्ग की आंखें उसके मस्तिष्क से भी बड़ी होती हैं।

# स्पेस साइंस में बेहतर करियर के लिए करें ये कोर्स



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के कारण आज नए-नए कॅरियर विकल्प युवाओं के लिए खुल रहे हैं, इन्हीं में से एक है स्पेस साइंस। क्या अनंत आकाश आपको अपनी ओर आकर्षित करता है, क्या आपमें ब्रह्माण्ड के रहस्य सुलझाने का जज्बा है, क्या धैर्य और बुद्धि आपके प्लस पॉइंट हैं। यदि हां, तो अंतरिक्ष विज्ञान आपको पुकार रहा है। देश के सैटेलाइट लॉन्चिंग का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में धाक जमने लगी है, जिसके कारण यहां के युवा वैज्ञानियों के के लिए भारतीय व विदेशी अंतरिक्ष विज्ञान के दरवाजे खुलने लगे हैं। इस समय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो न केवल भारत के उपग्रह अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर रहा है।

## आसमान का संसार

अंतरिक्ष विज्ञान वह शाखा है, जिसके अंतर्गत पृथ्वी से परे करोड़ों ग्रहों, उपग्रहों, तारों, धूमकेतुओं, आकाशगंगाओं एवं अन्य अंतरिक्षीय पिंडों का अध्ययन किया जाता है। इसके अलावा अंतरिक्ष विज्ञान के अंतर्गत उन नियमों एवं प्रभावों का भी अध्ययन किया जाता है, जो इन्हें संचालित करते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में करियर उन हजारों रहस्यों से पर्दा उठाने का अवसर भी होता है, जो अभी तक अनसुलझे हैं। यह न केवल वैज्ञानिक स्वभाव की परीक्षा होती है, बल्कि आपकी जिज्ञासाएं भी स्तर-दर-स्तर शांत होती जाती हैं। इसे अपना करियर चुनने वाले जहां देश के बेस्ट ब्रेन कैटेगरी में शुमार किए जाते हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बुद्धिजीवी के रूप में उनकी विशिष्ट पहचान बनती है।

### क्या है स्पेस साइंस

स्पेस साइंस या स्पेस टेक्नोलॉजी बहुत बड़ा क्षेत्र है। इसके तहत एस्ट्रोनॉमी व एस्ट्रोफिजिक्सए प्रामेट्री एटमॉस्फियर और एयरोनॉमीए अर्थ साइंसेस और सोलर सिस्टम की पढ़ाई आती है। आज के दौर में स्पेस साइंस की कई सब-ब्रांचेज भी हैं। इनमें से मुख्य है कॉस्मोलॉजी, स्टेलर साइंस, प्लेनेटरी साइंस, एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोलॉजी आदि। साइंस और इंजीनियरिंग की ये शाखाएं अंतरिक्ष के चारों तरफ घूमती हैं।

## जरूरी योग्यताएं

अंतरिक्ष विज्ञान में करियर बनाने के लिए सबसे पहले आपको 11वीं कक्षा में गणित विषय लेना होगा, 12वीं गणित में उत्तीर्ण करने के बाद आपको बीएससी की डिग्री लेनी होगी, जहां आपके विषयों में फिजिक्स एवं गणित भी होना जरूरी है। साइंस से स्नातक होने के बाद आप एस्ट्रोनॉमी थ्योरी या एस्ट्रोनॉमी ऑब्जर्वेशन कोर्स चुन सकते हैं। वहीं मास्टर्स डिग्री के बाद विशिष्ट कोर्सेज में प्रवेश लिया जा सकता है। यदि आप बारहवीं के बाद इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन में बीई करते हैं, तो आप इंस्ट्रूमेंट एस्ट्रोनॉमी या एक्सपेरिमेंटल एस्ट्रोनॉमी के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ने पर आगे एस्ट्रोनॉमी में पीएचडी भी कर सकते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में देश में केवल मास्टर स्तर व पीएचडी प्रोग्राम ही विश्वविद्यालयों में सामान्यत उपलब्ध हैं। वहीं एक वर्षीय ज्वॉइंट एस्ट्रोनॉमी प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरू चलाती है। यह प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, रमण रिसर्च इंस्टीट्यूट और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई के साथ मिलकर चलाया जाता है। कोर्स की समाप्ति के बाद आपको इन्हीं इंस्टीट्यूट्स में से एक में पीएचडी की भी ऑफर दी जाती है।

### एस्ट्रोनॉट बनने के लिए यह गुण जरूरी

एस्ट्रोनॉट बनने के लिए कई गुण बहुत जरूरी है, उसमें से एक है आकाश में तारों के पैटर्न, उनकी हलचल आदि का अध्ययन करना। यह बहुत लंबा और समय लेने वाला पेचीदा काम है। इसलिए धैर्य इस पेशे का पहला व सबसे जरूरी गुण भी है। वहीं अगली बेहद जरूरी विशेषता आपका जिज्ञासु होना है। इस फील्ड में पूरे आत्मविश्वास और उत्साह से रहस्यमयी प्रश्नों के उत्तर तलाशने होते हैं। आपमें चीजों के प्रति साइंटिफिक एप्रोच के अलावा प्रोग्रामिंग स्किल भी बेहतरीन होनी जरूरी है।

## स्पेस साइंस में ये करियर ऑप्शन

### एस्ट्रोनॉमी

स्पेस सांइस में एक एस्ट्रोनॉमी का कार्य आउटर स्पेस का रिसर्च करना होता है। इसमें सौर मंडल, तारे, आकाशगंगा, ग्रह आदि शामिल होता है। जिस पर ये जमीन से ही रिसर्च कर यहां पर होने वाली विभिन्न घटनाओं का पता लगाते हैं।

### एस्ट्रोनॉट

एस्ट्रोनॉट के बारे में लगभग सभी लोग जानते हैं, ये वो लोग होते हैं, जो अंतरिक्ष में चहलकदमी कर अपने सपनों को पूरा करते हैं। इनका कार्य स्पेस स्टेशन पर रहकर रिसर्च करना है। इन्हें स्पेस स्टेशन में महीनों रहना पड़ता है।

### स्पेस टेक्नोलॉजी

इस फील्ड में स्पेस टेक्नोलॉजी का करियर भी काफी शानदार माना जाता है। इसमें सेटेलाइट, स्पेस स्टेशन, स्पेसक्रॉफ्ट, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर इक्यूमेंट को डिजाइन करने का कार्य किया जाता है।

### स्पेस इंजीनियरिंग

स्पेस इंजीनियर का सबसे प्रमुख कार्य होता है। ये किसी भी स्पेस अभियान से जुड़े सभी इक्यूमेंट को डिजाइन करते हैं। यहां पर एयरोस्पेस, रोबोटिक्स, मटेरियल साइंस, कंप्यूटर इंजीनियरिंग के साथ ही मैकेनिकल और टेलीकॉम इंजीनियरिंग जैसे कई फील्ड में इंजीनियर कार्य करते हैं।

### स्पेस रिसर्च

इस काफी व्यापक फील्ड माना जाता है। स्पेस रिसर्च में अलग-अलग फील्ड के विशेषज्ञ शामिल होते हैं। जैसे- एस्ट्रोफिजिसिस्ट, बायोलॉजिस्ट, बायोकैमिस्ट और बायोफिजिसिस्ट, जियोलॉजिस्ट और एस्ट्रोबायोलॉजिस्ट। ये सभी अपनी विशेषता के अनुसार कार्य करते हैं।

### स्पेस लॉ

आंतरिक्ष के क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों को नियंत्रित करने वाला लॉ है। इसमें देशों व कंपनियों के बीच समझौतों, संधियों, सम्मेलनों और संगठनों के नियमों की जानकारी हासिल की जाती है। आज के समय में जिस तरह स्पेस में भीड़ बढ़ रही है, उसे देखते हुए स्पेस लॉ में अच्छा करियर ऑप्शन बन सकता है।

### स्पेस टूरिज्म

स्पेस के फील्ड में यह सबसे तेजी से उभरता हुआ फील्ड है। इसमें अब कई नई प्राइवेट कंपनियां आ रही हैं। यहां पर युवाओं के लिए करियर बनाने का शानदार मौका है। आज के समय में स्टेस टूरिज्म के क्षेत्र में वर्जिन गेलेक्टिक, ब्लू ओरिजिन, ओरियन, स्पेसएक्स, ओरियन स्पैन और बोइंग जैसी कंपनियां लगी हुई हैं।

---

हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है इस फील्ड को

# हॉस्पिटल मैनेजमेंट का कोर्स कर कॅरियर को दें नई उड़ान, इस फील्ड में होगी लाखों की कमाई

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

कोरोना महामारी के बाद हेल्थ सेक्टर में कई बड़े बदलाव हुए हैं। साथ ही कॅरियर के तौर पर भी कई ऑप्शन सामने आए हैं। बता दें कि पहले नर्सिंग और एमबीबीएस कर मेडिकल सेक्टर में कॅरियर बनाया जा सकता था। लेकिन अब इस सेक्टर में मेडिकल की डिग्री के बिना भी आप अपना कॅरियर बना सकते हैं। इन्हीं में से एक कॅरियर ऑप्शन हॉस्पिटल मैनेजमेंट का है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इस सेक्टर से जुड़े लोगों के अनुसार, स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं के विस्तार के अलावा हॉस्पिटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी काम बढ़ रहा है। आइए जानते हैं आप कैसे इस सेक्टर में अपना कॅरियर शुरू कर सकते हैं।

### जानिए क्या है हॉस्पिटल मैनेजमेंट



बता दें कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के क्षेत्र में आता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है। इसके अलावा इसका काम यह सुनिश्चित करना है कि हॉस्पिटल आने वाले मरीजों और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो। हॉस्पिटल मैनेजमेंट टीम इन व्यवस्थाओं को सुनियोजित करने का काम भी करती है।

### अहम है यह फील्ड

हॉस्पिटल मैनेजमेंट के तहत हॉस्पिटल में चलने वाली कैंटीन से लेकर लिफ्ट तक का कार्यभार ही आता है। किसी भी संचालन में कमी और अस्पताल में होने वाले हादसों की जिम्मेदारी भी हॉस्पिटल मैनेजमेंट की होती है। एक सर्वे के मुताबिक भारत में साल 2025 तक 10 लाख से ज्यादा हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत होगी।

### हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

कई संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट में बैचलर की डिग्री देते हैं। यह कोर्स 3 साल का होता है। इसके अलावा आप इसमें प्रोफेशनल कोर्स में मास्टर्स डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान समय में हॉस्पिटल मैनेजमेंट के कोर्स में एमबीए वालों को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं प्राइवेट संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स डिप्लोमा सर्टिफिकेट भी देते हैं।

## इस क्षेत्र में काम तेजी से बढ़ रहा



### क्या चाहिए क्वालिफिकेशन

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के लिए स्टूडेंट का 12वीं कक्षा साइंस स्ट्रीम के साथ पास होना आवश्यक होता है। यह कोर्स करने के लिए छात्र के 12वीं में बायोलॉजी में न्यूनतम 50% अंक होने जरूरी है। कुछ शैक्षणिक संस्थान इंटरव्यू और टेस्ट के आधार पर भी इस कोर्स में दाखिला देते हैं।

### यहां से करें हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट, कोलकाता

आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

एम्स, नई दिल्ली

**हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है।**

### 40 से 50 हजार रुपये सैलरी

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के बाद उम्मीदवार 40 से 50 हजार रुपये प्रतिमाह कमाने का मौका मिलता है। इसके अलावा सरकारी संस्थान में एक से डेढ़ लाख रूपए महीने की सैलरी उठा सकते हैं। समय और अनुभव बढ़ने के साथ ही सैलरी में भी बढ़ोतरी होती जाएगी। यह एक ऐसा फील्ड है जिसमें आने वाले समय में करियर बनाने के काफी स्कोप है। आज के आधुनिक समय में लोगों को किसी भी बीमारी का सामना करना पड़ता है तो लोग तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती होते हैं। कोरोना के दौरान जब लाखों की संख्या में लोग अस्पतालों में भर्ती हुए तो उस समय मैनेजमेंट सिस्टम पूरी तरह चरमरा गया था

---

कर सकते हैं फुल टाइम वर्क भी

# 12वीं के बाद करें गेम डिजाइनिंग का कोर्स, कॅरियर ग्रोथ के साथ मिलेगा लाखों रुपये का पैकेज

**अगर आप भी** 12वीं के बाद किसी ऐसे कोर्स की तलाश में हैं, जहां पर आपके कॅरियर ग्रोथ के साथ अच्छा पैसा कमा सकें। तो बता दें कि आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक बेहतरीन कॅरियर आप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गेमिंग इंडस्ट्री के बारे में जरूरी जानकारी देने जा रहे हैं। बता दें कि इस फील्ड में आने के बाद आपको किस तरह का कॅरियर ग्रोथ मिलेगा। इस फील्ड में आने के लिए क्या क्वालिफिकेशन चाहिए होती है, इन सारे सवालों के जवाब आपको इस आर्टिकल में मिलेंगे। ऐसे में अगर आप भी 12वीं के बाद किसी बेहतरीन फील्ड की तलाश में हैं, तो गेमिंग फील्ड आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। वर्तमान समय की बात करें तो देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा लोग फुल टाइम वर्क कर रहे हैं। जिसमें से 30 फीसदी लोग प्रोग्रामर और डेवलपर के तौर पर काम कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022-23 में यह फील्ड 20-30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करेगा। वहीं इस फील्ड में डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों की संख्या में जॉब्स पैदा होने की संभावनाएं हैं।

### गेम डिजाइनर

गेम डिजाइनर गेम के कैरेक्टर्स, गेम के लेवल के अलावा तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर उसे इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। वहीं गेम राइटर डायग्राम आदि बनाकर उसके अलग-अलग वर्जन को तैयार करते हैं। गेम डिजाइनर को टेक्निकल नॉलेज होने के साथ ही सोच में क्रिएटिविटी भी होनी चाहिए। गेम तैयार करने के लिए उसकी डिजाइन, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल की टीम एक साथ वर्क करती है।

### क्वालिफिकेशन

- छात्र ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो।
- कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना जरूरी होता है।
- गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश भाषा पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है।
- इस फील्ड में आप गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, आर्ट, एनिमेशन, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर ग्राफिक्स, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स कर सकते हैं।

### जरूरी स्किल्स

- गेमिंग फील्ड में कॅरियर बनाने वाले स्टूडेंट्स के पास कैरेक्टर डिजाइन, एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए।
- इस फील्ड में 2 डी गेम डेवलपर्स, 3 डी गेम डेवलपर्स और जावा आदि में अपार संभावनाएं हैं।
- इस फील्ड में डिजाइनिंग के साथ 2डी सॉफ्टवेयर और 3डी मॉड्यूलिंग की नॉलेज होना बहुत जरूरी है।
- ऑडियो इंजीनियर के लिए युवाओं के पास साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होना बेहद जरूरी है।

### जॉब प्रोफाइल

इस फील्ड में युवा एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, मैनेजर्स, कास्टर्स, ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर अपना कॅरियर बना सकते हैं।

---

# नकली समाचार का खतरा और युवाओं का डिजिटल मंचों की ओर झुकाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के डिजिटल युग में सूचना का प्रवाह इतना तेज है कि सही और गलत जानकारी के बीच अंतर करना मुश्किल हो गया है। नकली समाचार, जिसे अंग्रेजी में "फेक न्यूज" कहा जाता है, युवाओं के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। यह न केवल उनकी सोच को प्रभावित करता है, बल्कि उनकी मानसिक और भावनात्मक स्थिति पर भी असर डालता है। यही कारण है कि आज की युवा पीढ़ी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी बनाकर डिजिटल मंचों की ओर अधिक आकर्षित हो रही है। इस लेख में हम नकली समाचार के खतरों, युवाओं के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी बनाने के कारणों और पढ़ाई में बेहतर करने के लिए प्रेरणा के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

## गलत और भ्रामक जानकारी दी जा रही

नकली समाचार का युवाओं पर प्रभाव

नकली समाचार ऐसी जानकारी होती है जो जानबूझकर गलत या भ्रामक होती है। यह सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, और अन्य डिजिटल मंचों के माध्यम से तेजी से फैलती है। युवा, जो अपने विचारों को आकार देने के लिए सूचनाओं पर निर्भर रहते हैं, अक्सर ऐसी खबरों का शिकार हो जाते हैं। इसके कुछ प्रमुख प्रभाव हैं:

**गलत धारणाएं बनना:** नकली समाचार युवाओं में गलत विश्वास पैदा करते हैं, जैसे किसी समुदाय, व्यक्ति या घटना के प्रति नफरत या गलत धारणा।

**मानसिक तनाव:** भ्रामक खबरें डर, चिंता और अविश्वास को बढ़ावा देती हैं, जिससे युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

**समय की बर्बादी:** ऐसी खबरों को पढ़ने और उन पर बहस करने में युवा अपना कीमती समय खो देते हैं, जो उनकी पढ़ाई और करियर पर असर डालता है।

**सामाजिक विभाजन:** नकली समाचार समाज में विभाजन पैदा करते हैं, जिससे युवा अपनी एकता और सामाजिक मूल्यों को खोने लगते हैं।

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी क्यों?**

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, जैसे टीवी न्यूज चैनल, अक्सर सनसनीखेज और अतिशयोक्तिपूर्ण खबरें दिखाते हैं। ये खबरें दर्शकों का ध्यान खींचने के लिए बनाई जाती हैं, लेकिन इनमें सच्चाई की कमी होती है।

## टीवी पर एकतरफा कवरेज

**विश्वास की कमी:** युवा न्यूज चैनलों पर भरोसा नहीं करते, क्योंकि उन्हें लगता है कि ये चैनल पक्षपातपूर्ण या प्रायोजित हैं।

**डिजिटल मंचों की स्वतंत्रता:** सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर युवाओं को अपनी पसंद की सामग्री चुनने की आजादी मिलती है, जो उन्हें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से ज्यादा आकर्षक लगती है।

**सूचना की अधिकता:** डिजिटल मंचों पर युवा कई स्रोतों से जानकारी ले सकते हैं और तुलना कर सकते हैं, जबकि टीवी पर एकतरफा कवरेज मिलता है।

**मनोरंजन का विकल्प:** डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मनोरंजन, शिक्षा और समाचार एक साथ उपलब्ध हैं, जो युवाओं को अधिक उपयोगी लगता है।

यहां कुछ तरीके दिए गए हैं, जिनसे युवा खुद को प्रेरित कर सकते हैं:

**लक्ष्य निर्धारित करें:** छोटे और बड़े लक्ष्य बनाएं, जैसे रोजाना एक नया टॉपिक पढ़ना या सप्ताह में एक कौशल सीखना। यह प्रगति का अहसास दिलाएगा।

**सूचना सत्यापन:** हर खबर को बिना जांचे स्वीकार न करें। विश्वसनीय स्रोतों जैसे किताबें, शैक्षिक वेबसाइट्स और विशेषज्ञों की राय पर भरोसा करें।

**समय प्रबंधन:** सोशल मीडिया और न्यूज देखने का समय सीमित करें।

---

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से उस यंत्र का नाम बताइए जो कम्प्यूटर को टेलीफोन लाइनसे जोड़ता है
(ए) स्कैनर
(बी) मॉडेम
(सी) सी.डी.रोम
(डी) प्रिंटर

**2.** कम्प्यूटर सिस्टम के किस भाग को भौतिक रूप से स्पर्श किया जाता है
(ए) डाटा
(बी) ओएस
(सी) हार्डवेयर
(डी) सोफ्टवेयर

**3.** डॉट मेट्रिक्स किसका एक प्रकार है
(ए) टेप
(बी) डिस्क
(सी) प्रिंटर
(डी) बस

**4.** सीडी-रोम है एक?
(ए) सेमीकंडकटर मेमोरी
(बी) मैग्नेटिक मेमोरी
(सी) मेमोरी रजिस्टर
(डी) इनमे से कोई नही

**5.** एकछोटे सिलिकॉन चिप पर ट्रांजिस्टरों और अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के साथ पोर्न इलेक्ट्रोनिक सर्केट को.....कहते है
(ए) वर्क स्टेशन
(बी) सीपीयू
(सी) मैग्नेटिक डिस्क
(डी) इंटिग्रेटेड सर्किट

**6.** ....कम्प्यूटर को बताती है की इसके उपकरणों का प्रयोग कैसे करण चाहिए
(ए) यूटिलिटी
(बी) नेटवर्क
(सी) एप्लीकेशन
(डी) ओपी

**7.** सी, बेसिक, केबोल और जावा ...... भाषाओं के उदहारण है
(ए) लो लेबल
(बी) कम्प्यूटर
(सी) सिस्टम प्रोग्रामिंग
(डी) हाई लेबल

उत्तर 1.(बी) 2.(सी) 3.(सी) 4.(बी) 5.(डी) 6.(डी) 7.(डी)

नीमच स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर में सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को केंद्रीय गृह मंत्री ने किया संबोधित

# केंद्रीय मंत्री शाह का ऐलान-वर्ष 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा संपूर्ण देश



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने ऐलान किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वर्ष 2026 तक देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। इस प्रण को पूरा करने में सीआरपीएफ की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सीआरपीएफ ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराए।

कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक जहां जरूरत होती है, सीआरपीएफ के जवान सदैव कर्तव्य पथ पर तत्पर रहते हैं। देश का जब भी स्वर्णिम इतिहास लिखा जाएगा, उसमें सीआरपीएफ के शहीदों के नाम स्वर्ण अक्षरों से लिखे जाएंगे। शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा में सीआरपीएफ कर्मियों के अदम्य साहस और समर्पण की सराहना की। उन्होंने सीआरपीएफ की आतंकवाद और उग्रवाद विरोधी गतिविधियों, शांति स्थापना के कार्यों में निभाई गई भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि 'जहां सीआरपीएफ है, वहां चिंता करने की कोई बात नहीं'। केंद्रीय गृह मंत्री शाह गुरुवार को नीमच स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर में सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी मौजूद थे।

### आतंकवाद-उग्रवाद विरोधी गतिविधियों में निभाई मुख्य भूमिका



### अब महिलाओं की भर्ती, आयुष्मान कार्ड का लाभ भी

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि आज सीआरपीएफ के 3 लाख जवान देश में कानून-व्यवस्था और शांति स्थापित करने के लिए कार्य कर रहे हैं। देश की संसद पर आतंकी हमले और श्रीराम जन्मभूमि पर हमले जैसी मुश्किल समय में कई बार सीआरपीएफ जवानों ने वीरता का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर करते हुए बलिदान दिया। उन्होंने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के शहीद जवानों को नमन करते हुए कहा कि सीमा क्षेत्रों से लेकर अंदरुनी इलाकों तक देश की सुरक्षा में सीआरपीएफ के योगदान को कोई भुला नहीं सकता। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा सीआरपीएफ कर्मियों को आयुष्मान कार्ड और आवास योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सीआरपीएफ में अब महिलाओं की भी भर्ती हो रही है। उनके लिए भी आवास सुविधा विकसित की जा रही है। सीआरपीएफ को आधुनिक बनाए रखने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से उत्कृष्ट सुविधा प्रदान की जा रही है। सीआरपीएफ को 2708 वीरता पदक प्राप्त हुए हैं, जो अद्भुत वीरता के परिचालक हैं।

### सरदार पटेल ने इसी दिन प्रदान किया था ध्वज

86वीं सीआरपीएफ दिवस परेड इस वर्ष 17 अप्रैल को विस्तारित समारोहों के अन्तर्गत आयोजित की गई। सामान्यतः सीआरपीएफ दिवस प्रतिवर्ष 19 मार्च को मनाया जाता है, क्योंकि 1950 में इसी दिन भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने सीआरपीएफ को ध्वज प्रदान किया था। इस वर्ष नीमच में आयोजन का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि यहीं 27 जुलाई 1939 को ब्रिटिश शासन के दौरान 'क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस' की स्थापना हुई थी। स्वतंत्रता के बाद 28 दिसंबर 1949 को सरदार पटेल ने इसे 'केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ)' नाम दिया। आज सीआरपीएफ देश की आंतरिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है हर चुनौतीपूर्ण मोर्चे पर अग्रिम पंक्ति में डटे रहकर, 'सेवा और निष्ठा' के अपने मूल मंत्र को चरितार्थ कर रहा है। नीमच में आयोजित आज के कार्यक्रम में जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया, सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिह, सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर सहित जिले के तीनों विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

सहकारिता एक्ट और गाइडलाइन अध्ययन के लिए कमेटी का गठन

## केंद्र सरकार की गाइडलाइन अनुसार रूपरेखा करें निर्धारित: मंत्री सारंग



भोपाल। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन में दिए गए निर्देशों के परिपालन में सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंत्रालय में गुरूवार को उच्च स्तरीय बैठक ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की गाइडलाइन अनुसार रूपरेखा निर्धारित कर कार्य-योजना बनाई जाए। सारंग ने कहा कि कमेटी गठित कर सहकारिता एक्ट और गाइडलाइन का अध्ययन किया जाए। यह कमेटी अपनी अनुशंसा उच्च स्तर पर प्रस्तुत करेगी। बैठक में कमेटी के सदस्यों में आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक मनोज पुष्प, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक मनोज गुप्ता, अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य पीएस तिवारी, संयुक्त आयुक्त केके द्विवेदी और एचएस बघेला को शामिल किया गया है।

### सहकारिता अधिकारी समझेंगे सीपीपीपी मंत्री

मंत्री सारंग ने को-ऑपरेटिव पब्लिक प्रायवेट पाटनरशिप मॉडल पर एक वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश भी दिए। वर्कशॉप में देशभर के सहकारिता से जुड़ें अधिकारियों को मॉडल का प्रजेटेंशन दिया जाएगा। 20 जून को यह प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सारंग ने सहकारी क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। इस मॉडल के तहत सहकारी संस्थाओं को सशक्त बनाने के साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### 'निवेश विंग आई डब्ल्यू'

*बैठक में बताया ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उच्च स्तर से निर्णय के बाद सहकारिता क्षेत्र में निवेशकर्ताओं को सभी आवश्यक सुविधाएं एक स्थान पर सुनिश्चित करने के लिए 'निवेश विंग आई डब्ल्यू' बनाई गई है। इसमें अम्बरीष वैद्य को नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक मनोज गुप्ता और प्रबंध संचालक बीज संघ महेन्द्र दीक्षित समन्वय अधिकारी होंगे।*

---

6 लाख, 11 नग लेपटॉप, 11 विस्फोटक बरामद

## जवानों को मिली बड़ी सफलता नक्सली कैम्प पर किया कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मुठभेड़ के बाद जवानों ने नक्सलियों के कैम्प पर कब्जा कर लिया है। जहां से 6 लाख रुपये नगद,11 नग लेपटॉप 11 समेत विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ है। नारायणपुर पुलिस द्वारा संचालित संयुक्त नक्सल विरोधी माड़ बचाव अभियान के तहत यह बड़ी सफलता मिली है। नारायणपुर के अबूझमाड़ थाना कोहकामेटा क्षेत्र के कसोड़-कुमुरादी के जंगल में माड़ डिवीजन के साथ मुठभेड़ हुई। इस दौरान हथियारबंद सीनियर कैडर नक्सली अपने दैनिक उपयोगी सामग्री छोड़ कर भागे। मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने और घायल होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं सुरक्षाबलों की कड़ी करवाई में नक्सलियों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है। छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत को 1 करोड़ रुपये विकास कार्यों के प्रोत्साहन देने की योजना है। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 40 लाख पचास हजार रूपये का ईनाम घोषित था। नक्सलियों को आत्मससमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में जिला बल, डीआरजी सुकमा, रेंज फिल्डटीम (आरएफटी) कोंटा, सुकमा, सीआरपीएफ की विशेष भूमिका रही है।

### बड़ी संख्या में नक्सली कर रहे सरेंडर

*वहीं सुकमा जिले में कुल 22 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। जिनमें एक नक्सल दम्पति भी शामिल है। सभी नक्सली माड़ डिवीजन एवं नुआपाडा डिवीजन के सदस्य हैं। शासन के नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत के अभियान के तहत 22 नक्सलियों को सरेंडर कराने में बड़ी सफलता मिली है। आत्मसमर्पण करने वालों में 9 महिलाएं और 13 पुरुष शामिल हैं। छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर नक्सली लगातार आत्मसमर्पण कर रहे हैं। साथ ही अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापना से बढ़ते पुलिस के प्रभाव से भी नक्सली घबराये हुए हैं। सरेंडर करने वाले नक्सलियों पर 1 पुरुष, 1 महिला नक्सली पर 08-08 लाख, 1 पुरुष, 1 महिला नक्सली पर 5 - 5 लाख, 2 पुरुष, 5 महिला 2- 2 लाख, 1 पुरुष नक्सली पर 50 हजार, कुल 40 लाख 50 हजार रूपये के ईनाम घोषित है।*

---

दोनों घायल, एक की हालत गंभीर

## तेज रफ्तार कार ने दो युवकों को मारी टक्कर



**बिलासपुर।** तोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत महमंद-सिरगिट्टी बायपास पर एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो युवक घायल हो गए। जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों की पहचान गोपी निषाद और रोहित निषाद के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, गोपी निषाद और रोहित निषाद महमंद के रहने वाले हैं। महमंद-सिरगिट्टी बायपास पर दोनों पैदल जा रहे थे। इस दौरान सफेद रंग की एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि चालक सरसिवा भटगांव से सिरगिटी जा रहा था। इसी दौरान उसे नींद की झपकी आ गई। जिस वजह से उनसे गाड़ी से नियंत्रण खो दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर लिया है और चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं, घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

भोपाल लोकायुक्त टीम की कार्रवाई

## बीआरसी 5 हजार की रिश्वत लेते धराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकायुक्त भोपाल की टीम ने गुरुवार को नर्मदापुरम जिले में विकास खंड स्त्रोत समन्वयक, बीआरसी को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। बीआरसी ने क्षेत्र के स्कूलों से मध्याह्न भोजन और कंटीजेंसी फंड के ऑडिट के नाम पर रिश्वत की डिमांड की थी। पूरा मामला यह है कि, देवेंद्र पटेल प्राथमिक शिक्षक के पद पर प्राथमिक शाला सोमुखेड़ा में पदस्थ हैं। तहसील केसला में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कृष्णकुमार शर्मा मध्याह्न भोजन एवं कांटिंजेंसी फंड के ऑडिट के नाम पर आवेदक के स्कूल से 3000 रुपए रिश्वत मांग रहे थे। वहीं शिक्षक के सर्किल के 4 अन्य स्कूलों से भी प्रति स्कूल 3000 रुपए कुल 15000 रुपए रिश्वत के लिए दवाब बना रहे थे।

जिसकी शिकायत प्राथमिक शिक्षक द्वारा दुर्गेश कुमार राठौर एसपी लोकायुक्त भोपाल को की गई थी। सत्यापन में शिकायत सही पाये जाने पर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ने ट्रेप दल का गठन किया गया एवं टीम के द्वारा आरोपी बीआरसी कृष्णकुमार शर्मा को उसके कार्यालय कक्ष में आवेदक से 5000 रुपए. की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ ट्रेप किया गया। आरोपी से रिश्वत की राशि भी जब्त कर ली गई।


---

सीएम डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर बताई उपलब्धि

## मध्यप्रदेश में गिद्ध संरक्षण को मिल रही नई दिशा: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में वन्य जीव पर्यटन में नए आयाम जुड़ रहे हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों का संरक्षण न केवल जैव विविधता की रक्षा के लिए आवश्यक है, अपितु पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दृष्टि से भी अनिवार्य है। प्रदेश में गिद्ध संरक्षण को भी नई दिशा दी जा रही है।



भोपाल स्थित केरवा गिद्ध प्रजनन केन्द्र से 6 गिद्धों को बुधवार को पहली बार प्राकृतिक वातावरण में छोड़ा गया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि राज्य सरकार ने गिद्धों सहित अन्य पशु पक्षियों की संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए सतत प्रयास किए हैं। एशिया से लुप्त हो रहे चीतों के पुनर्वास के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका के देशों से चीते लाकर कूनो में उनका संरक्षण एवं संवर्धन किया गया। उन्होंने कहा कि गिद्धों पर जीपीएस ट्रैकर लगाए हैं, जिससे उनके व्यवहार एवं सुरक्षा की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

---

### कोई नया टैक्स नहीं लगेगा, 40 नए कार्य स्वीकृत

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर नगर पालिका की प्रथम परिषद बैठक आयोजित किया गया। इस वित्तीय वर्ष में 40 नए कार्य बजट में लिया गया है। जो 2250.00 लाख व्यय प्रस्तावित है, जिसके लिए नगरपालिका निकाय निधि व शासन से अनुदान प्राप्त किया जाएगा। नगरपालिका के बजट में इस वर्ष कोई नया टैक्स नहीं लगाए जाने पर सहमति बनी और किसी भी तरह के टैक्स में बढ़ोतरी भी नहीं की गई है। साथ ही एक नई पहल करते हुए टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है। कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या बता सकता है, जिसका निराकरण किया जाएगा। लोग घर बैठे अपना कार्य कर सकते हैं। नगर पालिका के अध्यक्ष कुसुम लता राजवाड़े और उपाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल ने बताया कि, नगर के विकास के लिए लगातार कार्य किया जाएगा। नगर पालिका सूरजपुर को एक अलग पहचान दिलाने के लिए इन पांच वर्षों में कार्य किए जाएंगे।

सार्वजनिक सूचना

आकाश हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड
CIN: U85100DL1994PTC063836
पंजीकृत कार्यालयः
हॉस्पिटल प्लॉट, रोड नंबर–201, सेक्टर–3, द्वारका, नई दिल्ली–110075
विषयः मेडिकल रिकॉर्ड्स को नष्ट करना

आकाश हेल्थकेयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, द्वारका, नई दिल्ली–110075 द्वारा **1 जनवरी 2020 से 31 दिसंबर 2021** तक की मेडिकल रिपोर्ट्स को नष्ट किया जाएगा।

यदि आप इस बारे में कोई जानकारी लेना चाहते हैं या अपनी मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त करना चाहते हैं, तो कृपया इस सूचना के समाचारपत्र में प्रकाशित होने के तीन महीने के भीतर नीचे दिए गए नंबरों पर संपर्क करें।

**मोबाइलः** +91 88000 15991
**लैंडलाइनः** +91 1143 388 888

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 19-04-2025

Sd/
डॉ. हरप्रीत कौर
चिकित्सा अधीक्षक

---

कुम्हारी थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही मामले की जांच

## बुजुर्ग की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कुम्हारी थाना क्षेत्र में देर रात एक बुजुर्ग की धारदार हथियार और लाठी डंडे से वार कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। घायल बुजुर्ग को रात में परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कुम्हारी थाना के रामपुर चोरहा गांव में उस समय सनसनी मच गई जब एक बुर्जुग की खून से लथपथ घायल अवस्था में घर के बाहर पड़ा हुआ था।

बुजुर्ग के घर शादी समारोह की तैयारी चल रही थी इस दौरान घर के बाहर बैठे बुजुर्ग पर अज्ञात लोगो ने धारदार हथियार और लाठी डंडे से वार कर फरार हो गए। परिजनों जब घर के बाहर आए जिसके बाद बुजुर्ग को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड दिया। मृतक भागवत मारकंडे के घर उसके बेटे की शादी 19 अप्रैल से शुरू होने वाली थी। जिसकी तैयारी परिजन कर रहे थे। बेटे की शादी की खुशी मातम में बदल गई। बुजुर्ग की मौत की जानकारी अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस घटनास्थल और अस्पताल पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव को पीएम के लिए भेज दिया है। छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि बुजुर्ग की हत्या की सूचना मिलने पर कुम्हारी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्ट बुजुर्ग की हत्या पारिवारिक विवाद जताई जा रही है पुलिस ने मृतक के चारो बेटो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वही पुलिस आसपास के लोगो से जानकारी ले रही है।

हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | प्रथम वर्ष हेतु निःशुल्क और 2 वर्ष के लिए लेबर दरों पर सिस्टम के ऑन/ऑफ और स्थल पर बदलने, रखरखाव सहित 3 वर्ष की निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी अवधि समेत वाणिज्यिक केन्द्र सेक्टर-9, बहादुरगढ़ की पार्किंग में 200डब्ल्यू एलईडी फ्लड लाइट्स सहित 12.5 मी. लम्बी हाई मास्ट का प्रावधान + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.04.2025 | 31.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 [illegible]@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34015/I/88/7 दि. 18.04.25

हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

घोषणा

नीचे तालिका में वर्णित अनुसार पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप स्क्रीनिंग टेस्ट / विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षाओं की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संगीत (वोकल) विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 58/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 25.04.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 2. | संगीत (इंस्ट्रयूमेंटल) विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 57/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |
| 3. | दर्शनशास्त्र विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 59/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |
| 4. | पर्यटन विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 66/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |
| 5. | फाइन आर्ट्स विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 50/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 25.04.2025 (सायंकालीन सत्र) |
| 6. | शारीरिक शिक्षा विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 60/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 27.04.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 7. | डिफेंस स्टडीज विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 46/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 27.04.2025 (सायंकालीन सत्र) |
| 8. | मास कम्यूनिकेशन विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 55/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |
| 9. | पंजाबी विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 64/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 21.04.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 18.04.2025 हस्ता/- उप सचिव
संवाद-1156/13/315/2026/34023/88/7 दि. 18.04.25 हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

---

बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल सीएम से मिला

## सीएम के आश्वासन के बाद हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार 18 अप्रैल को नया रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। यह मुलाकात पिछले 126 दिनों से सेवा, सुरक्षा एवं समायोजन की मांग को लेकर चल रहे धरना- प्रदर्शन के संबंध में हुई। सीएम श्री साय से आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन स्थगित कर दिया गया है।

बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई है, रिक्त पदों पर भर्ती की आश्वासन देने के बाद आंदोलन सशर्त स्थगित कर दिया गया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, प्राइमरी स्तर के बच्चों को पढ़ाने के लिए ऊ.ए अनिवार्य है। इसके चलते इ.ए डिग्रीधारियों को अयोग्य करार देते हुए बर्खास्त कर दिया गया था. हालांकि, इससे पहले राज्य सरकार ने इन शिक्षकों की सशर्त नियुक्ति दी थी, जिसमें स्पष्ट तौर पर कहा गया था कि, उनकी नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले पर निर्भर रहेगी।




### बर्खास्त शिक्षकों के खाली पद भरने की उम्मीद

बर्खास्त सहायक शिक्षकों ने कहा है कि, हमने लोकतांत्रिक प्रणाली में विश्वास रखते हुए पिछले चार महीनों से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को सरकार तक पहुँचाया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि, छत्तीसगढ़ की जनकल्याणकारी सरकार इस विषय पर शीघ्र निर्णय लेकर हजारों प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों और उनके परिवारों को राहत प्रदान करेगी। बैठक में यह बात सामने आई कि सहायक शिक्षक (विज्ञान) के हजारों पद रिक्त हैं और इन्हीं पदों पर बर्खास्त शिक्षकों की पुनर्नियुक्ति की जाने की संभावना है।

### प्रतिनिधि मंडल के दिया सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा

*मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को सहानुभूतिपूर्वक सुना और बी.एड. प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समायोजन की दिशा में सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन का सम्मान करते हुए समस्त बी.एड. प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने आंदोलन को सशर्त स्थगित करने का निर्णय लिया है। सहायक शिक्षकों ने कहा कि हम समस्त प्रशिक्षित सहायक शिक्षकगण, मुख्यमंत्री श्री साय एवं उनके मंत्रिमंडल से पुनः निवेदन करते हैं कि हमारी सेवा, सुरक्षा और समायोजन से संबंधित कार्यवाही को शीघ्र प्रारंभ किया जाए ताकि हम शिक्षा के क्षेत्र में पुनः समर्पित भाव से अपनी भूमिका निभा सकें।*

## चिंतन

# राष्ट्रपति पर सुप्रीम निर्देश से कार्यक्षेत्र पर बहस तेज

इस देश में आजादी के बाद से ही राज्यपाल का या तो केंद्र के द्वारा दुरूपयोग होता रहा है या राज्यपाल खुद केंद्र के प्रति निष्ठा जताने के लिए अपने पद व अधिकार का दुरूपयोग करते रहे हैं। यह टकराव तब अधिक देखा गया है जब केंद्र व राज्य में अलग-अलग दल की सरकार हो। कई राज्यपाल अपनी संवैधानिक शक्ति से बाहर जाकर काम करते दिखे और एक चुनी हुई सरकार के फैसले पर कुंडली मारकर बैठते दिखे। तमिलनाडु में सरकार बनाम राज्यपाल का मामला ऐसा ही है, जिसमें राज्यपाल ने 12 विधेयकों को लंबे समय तक अटका दिया। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। विधेयक को लेकर सुप्रीम आदेश में राज्यपाल के साथ राष्ट्रपति के लिए भी समय सीमा निर्धारित किए जाने पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा उठाए गए सवाल के बाद से न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका के कार्यक्षेत्र चर्चा में हैं। उच्चतम न्यायालय ने 12 विधेयकों के अटके रहने के तमिलनाडु सरकार बनाम तमिलनाडु राजभवन मामले में संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत प्रदत्त अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए निर्देश दिया कि राष्ट्रपति को राज्यपालों द्वारा भेजे गए विधेयकों पर फैसला लेने के लिए एक समय सीमा तय करनी चाहिए। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल को लेकर सख्त निर्देश दिया कि विधानसभा से पास विधेयक को राज्यपाल असीमित समय तक नहीं लटका सकते, समय सीमा में उस पर फैसला होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल के लिए एक माह से तीन माह (विशेष परिस्थिति में) का समय निर्धारित किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस मुद्दे पर कहा कि अब राष्ट्रपति को भी समयबद्ध तरीके से काम करने के लिए कहा जा रहा है। ऐसा लगता है कि अब न्यायपालिका एक 'सुपर संसद' की तरह व्यवहार करेगी। इसके बाद से देश में नई बहस तेज हो गई है कि क्या सुप्रीम कोर्ट को अपने विशेष अधिकार का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति के लिए दिशानिर्देश जारी करना चाहिए? राष्ट्रपति सर्वोच्च संवैधानिक पद है, इसलिए न्यायपालिका की ओर से दिशानिर्देश पर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि संविधान के अनुच्छेद-142 सुप्रीम कोर्ट को यह शक्ति देता है कि पूर्ण न्याय करने के लिए वह कोई भी निर्देश, आदेश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी से भी जुड़ा मामला हो। संविधान में कहा गया है कि इस अनुच्छेद की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ऐसी डिक्री पारित कर सकता है या ऐसा आदेश दे सकता है, जो उसके समक्ष लंबित किसी मामले में पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हो। यह आदेश पूरे देश पर लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इसी शक्ति का प्रयोग करते हुए चंडीगढ़ में मेयर चुनाव का पूरा फैसला पलट दिया था। फिर भी राष्ट्रपति पद की गरिमा सुनिश्चित होनी चाहिए। इसका ध्यान लोकतंत्र के सभी स्तंभों को रखना चाहिए। राष्ट्रपति कार्यालय को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्यपाल राजनीतिक निष्ठा से परे होकर अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करें। राज्यपाल अगर अपनी शक्तियों को समझकर राज्य के हित में काम करेंगे और विधानसभा से पारित विधेयकों के कानून बनने में अपनी भूमिका निभाएंगे तो टकराव की स्थिति पैदा नहीं होगी और न ही मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचेगा। राज्यपालों की 'केंद्रीय निष्ठा' देश में संघवाद को कमजोर करती है। क्या राज्यपाल संवैधानिक रूप से जवाबदेह नहीं हैं कि आखिर चुनी हुई सरकार को अपनी ही विधानसभा से पारित विधेयक को लागू करने के लिए अदालत का दरवाजा क्यों खटखटाना पड़ रहा है?



सहकारी यूनिवर्सिटी
बालासुब्रमण्यम अय्यर

# सहकार से समृद्धि का विजन होगा साकार

भारत दुनिया के सबसे बड़े सहकारी आंदोलन का घर है, जिसमें 800,000 से ज्यादा सहकारी समितियां और 287 मिलियन सदस्य शामिल हैं। रोटी, कपड़ा से लेकर मकान तक की जरूरतों के लिए लोगों के दैनिक जीवन में गहराई से समाहित सहकारी समितियां सिर्फ आर्थिक संस्थाएं नहीं हैं, वे समुदाय-संचालित विकास, आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय की अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना ने इस क्षेत्र के लिए एक नई राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का संकेत दिया, जिसका उद्देश्य इसकी पहुंच का विस्तार करना, इसकी दक्षता में सुधार करना और इसे समावेशी विकास की आधारशिला के रूप में एकीकृत करना है।

भारत के पहले राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी के लिए विधेयक का संसद में पारित होना भारतीय सहकारी आंदोलन की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इसका 2025 के अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान संपन्न होना इसके महत्व को और बढ़ाता है। जैसा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा, यह यूनिवर्सिटी "सहकार से समृद्धि" के दृष्टिकोण को साकार करने में एक शक्तिशाली माध्यम बनने के लिए तैयार है। भारत दुनिया के सबसे बड़े सहकारी आंदोलन का घर है, जिसमें 800,000 से ज़्यादा सहकारी समितियां और 287 मिलियन सदस्य शामिल हैं। रोटी, कपड़ा से लेकर मकान तक की जरूरतों के लिए लोगों के दैनिक जीवन में गहराई से समाहित सहकारी समितियां सिर्फ़ आर्थिक संस्थाएं नहीं हैं, वे समुदाय-संचालित विकास, आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय की अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना ने इस क्षेत्र के लिए एक नई राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का संकेत दिया, जिसका उद्देश्य इसकी पहुंच का विस्तार करना, इसकी दक्षता में सुधार करना और इसे समावेशी विकास की आधारशिला के रूप में एकीकृत करना है। सहकारिता मंत्रालय ने सराहनीय कदम उठाए हैं। 67,390 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए 2,516 करोड़ रुपये आवंटित करना, 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों को करने में पैक्स को सक्षम करने के लिए 32 राज्यों में मॉडल उपनियमों को लागू करना, 2 लाख नई बहुद्देशीय सहकारी समितियां बनाने का लक्ष्य रखना, 1,100 किसान उत्पादक संगठनों को समर्थन देना और 44,000 पैक्स को सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) में बदलना।

कर प्रोत्साहन, आसान ऋण और विकेंद्रीकृत भंडारण सुविधा सहकारी समितियों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं। बीज, निर्यात और जैविक उत्पादों के लिए तीन नए राष्ट्रीय महासंघों की स्थापना इस बात का संकेत है कि सहकारी समितियों को भारत के विकास के प्रमुख एजेंट के रूप में स्थापित किया जा रहा है परन्तु, अपने विस्तार और पहुंच के बावजूद, सहकारी क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण की अवरचना आंशिक, अविकसित और असमान रूप से वितरित है। प्रबंधकीय और प्रशासनिक से लेकर तकनीकी और परिचालन तक योग्य पेशेवरों की मांग आपूर्ति से कहीं अधिक है। मौजूदा कर्मचारियों और बोर्ड के सदस्यों की क्षमता निर्माण में निवेश करने की आवश्यकता भी महत्वपूर्ण है। इन कर्मचारियों में से कई के पास नियमित प्रशिक्षण या शिक्षा के अवसरों तक पहुंच नहीं है। मानकीकृत पाठ्यक्रम, गुणवत्ता आश्वासन और संस्थागत सामंजस्य के बिना, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का पूरी तरह से लाभ नहीं ले सकता है या अपने विकास को बनाए नहीं रख सकता है। सहकारी आंदोलन में नई और युवा पीढ़ियों को आकर्षित करने की भी सख्त जरूरत है। ऐसे व्यक्ति जो न केवल पेशेवर हों बल्कि सहकारी मूल्यों से प्रेरित हों और क्षेत्र में नवाचार करने के लिए आतुर हों। यहां, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकता है: शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए एक केंद्र के रूप में सेवा करके जो नई पीढ़ी के सहकारी नेताओं को



बढ़ावा देते हुए सभी स्तरों पर उनकी क्षमता का निर्माण कर सकेगा। अमूल मॉडल के वास्तुकार, दूरदर्शी त्रिभुवनदास पटेल के नाम पर और भारत की डेयरी सहकारी क्रांति के उद्गम स्थल आनंद में स्थित यह यूनिवर्सिटी एक प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि है, साथ ही यह एक रणनीतिक हस्तक्षेप भी है। ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आनंद का चयन - एक ऐसा संस्थान जिसने दशकों से सहकारी प्रबंधन शिक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई है, इस यूनिवर्सिटी की नींव के रूप में व्यावहारिक और प्रेरणादायक दोनों है। यह यूनिवर्सिटी सहकारी उद्यमों की चुनौतियों और अवसरों का समाधान करने के लिए सुसज्जित पेशेवरों को तैयार करने की एक मजबूत विरासत का निर्माण करेगी। यूनिवर्सिटी का विज़न सिर्फ़ औपचारिक प्रबंधन डिग्री तक सीमित न होकर काफी विस्तृत है। यह प्राथमिक और माध्यमिक सहकारी समितियों के बोर्ड सदस्यों, सहकारी क्षेत्र में कार्य कर रहे कर्मचारियों, और नैतिक, सस्टेनेबल और समावेशी व्यवसाय मॉडल में रुचि रखने वाले युवाओं की नई पीढ़ी तक अपनी पहुंच बढ़ाएगा। इसके लिए, यूनिवर्सिटी लचीले शिक्षण मॉड्यूल, प्रमाणन कार्यक्रम, डिग्री कार्यक्रम, डिजिटल पहुंच प्रदान करेगा और क्षेत्र-आधारित ऐसे शोध का जरिया बनेगा, जिनसे स्व-सहायता, लोकतांत्रिक नियंत्रण और पारस्परिक जिम्मेदारी के सहकारी मूल्यों का लाभ सभी को मिल सकेगा। त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी एक राष्ट्रीय ज्ञान मंच के रूप में भी काम कर सकता है, हितधारकों के बीच संवाद को सुविधाजनक बना सकता है, साक्ष्य-आधारित नीतिगत अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकता है और ग्रामीण वास्तविकताओं के अनुरूप नवाचारों का समर्थन कर सकता है। डेयरी, ऋण, आवास, मत्स्य पालन, कपड़ा जैसे विविध सहकारी परिदृश्य में, विश्वविद्यालय एक ऐसे केन्द्र के रूप में विकसित होगा जहां, शिक्षा, नीति निर्माता और सहकारिता से जुड़े विशेषज्ञ उन्नयन के नये पथ ईजाद कर सकेंगे। वैश्विक स्तर पर, सहकारी शिक्षा सहकारी आंदोलनों की सफलता का आधार रही है। 1844 में रोशडेल पायनियर्स के समय से ही, आचरण के मूल नियमों में मुनाफे का एक हिस्सा शिक्षा के लिए आवंटित करना शामिल था। पांचवां सहकारी सिद्धांत - शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना - आंदोलन का एक मुख्य स्तंभ बना हुआ है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सदस्य, नेता और समुदाय सहकारी मॉडल को समझें और उसका पालन करें। यह गहरी जड़ें जमाए बैठी शैक्षिक परंपरा ही है जो सहकारी शासन को बनाए रखती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और जवाबदेही को मजबूत करती है। इस संदर्भ में, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी केवल एक शैक्षणिक संस्थान से कहीं अधिक होगा, यह सहकारी विकास के लिए एक राष्ट्रीय और वैश्विक ज्ञान केंद्र बन सकता है, एक ऐसा स्थान, जहां प्रयोग और नीति का संगम हो और जहां नेतृत्व सीख से प्रेरित हो। नई दिल्ली में आयोजित आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024 में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत से सहकारी समितियों को एकजुट करने, साझा मंच बनाने, आम चुनौतियों से निपटने और सामूहिक रूप से आगे का रास्ता तय करने में वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने का आह्वान किया। भारत का सहकारी आंदोलन और अब इसका पहला सहकारी विश्वविद्यालय न केवल प्रेरणा बल्कि दिशा भी प्रदान करता है। नींव रखी जा चुकी है, अब समय आ गया है कि एक ऐसा संस्थान बनाया जाए जो उस दृष्टिकोण के योग्य हो जिसका वह प्रतिनिधित्व करता है, एक ऐसा संस्थान जो आने वाली पीढ़ियों को सहकारिता की अविनाशी शक्ति के माध्यम से शिक्षित, सशक्त और ऊर्जावान बनाएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि सहकारी समितियां सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करें।

(लेखक क्षेत्रीय निदेशक, इंटरनेशनल कोऑपरेटिव एलायंस एशिया एंड पैसिफिक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## मनोदशा
डॉ. मोनिका शर्मा



# भटकते किशोरमन को थामना जरूरी

इन दिनों खूब चर्चा पा रही मात्र चार एपिसोड की वेब सीरीज 'एडोलेसेंस' ने किशोर मन की दिशाहीनता को लेकर वैश्विक स्तर पर बड़ी चर्चा छेड़ दी है। वर्चुअल दुनिया की सामग्री से गुमराह होते मन से लेकर असल जीवन की उलझनों तक, बड़े होते बच्चों के बहकते मन को सामने रखती यह सीरीज पूरे परिवेश को कटघरे में खड़ा करती है। अभिभावकों संग संवाद की कमी हो या अनजान चेहरों के वर्चुअल कमेंट्स, किशोर बच्चों की मनःस्थिति को आपराधिक गतिविधियों की ओर मोड़ने वाली कड़वी सच्चाई को सामने रखती है। तकनीकी विस्तार और अपने-अपने कोने तक सिमटते जीवन के इस दौर में यह सीरिज जरूरी प्रश्न उठाती बल्कि भविष्य को लेकर चेताती भी है। यौनिक विकास के मोर्चे पर उलझता किशोरमन और वर्चुअल दुनिया में इससे जुड़े ताने-उलहाने मिलने से उपजी कुंठा समाज के भावी नागरिकों को कितना दिशाहीन कर सकती है? स्वयं को कमतर आंकने का मनोविज्ञान एवं कटुतापूर्ण परिवेश से टॉक्सिक सोच का ऐसा स्याह घेरा भी बना सकता है कि किशोर बच्चे किसी की जान लेने या अपनी जान देने जैसा कदम उठाने लगें। सबसे अहम बात जो यह सीरीज समझाती है वह यह कि स्मार्ट गैजेट्स के साथ बड़े हो रहे बच्चे बंद कमरे में भी अकेले नहीं होते। अपनों से अलग-थलग समय बिताते हुए पूरी दुनिया से जुड़े रहते हैं। अपने ही घर के एक हिस्से में मौजूद होने के बावजूद सुरक्षित नहीं रहते। स्क्रीन और सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से पूरा संसार उनके साथ रहता है। आमजीवन में चुप से रहने वाले किशोरों का परिचितों-अपरिचितों से हर तरह का संवाद होता है, जिसके चलते किशोर वर्चुअल संसार में भी बुलीइंग का शिकार बनते हैं। अपराध का रास्ता पकड़ने की दिशाहीन सोच आ जाती है। अपशब्द, नकारात्मक टीका-टिप्पणियां और अपेक्षाओं-उपेक्षाओं का एक अनदेखा घेरा बन जाता है। दुखद है कि सोशल मीडिया और वास्तविक संसार की बदलती रूपरेखा के बीच किशोर आक्रोश और अहंकार के शिकार हो रहे हैं। शारीरिक बदलावों और भावनात्मक उलझनों के इस पड़ाव में कहीं मर्दानगी की अजब-गजब परिभाषा सीख रहे हैं तो कहीं बदला लेने की विकृत मानसिकता से घिर रहे हैं। दरअसल, किशोरावस्था को मौज-मस्ती और मन का करने की उम्र मान लिया जाता है। अपने आप में खोये रहने वाली उम्र का पड़ाव समझा जाता है। ना तो छोटा बच्चा समझकर दिया जाने वाला संबल मिलता है और ना ही समझदार होने के आयुवर्ग में आने का स्वागत। ऐसे में मासूमियत भरे बचपने से समझ भरी उम्र की ओर बढ़ता किशोर-किशोरियों का दिलों-दिमाग कई उलझनों से जूझता है। ऊर्जा भरे इस पड़ाव पर भी अकेलापन और अवसाद तक घेरने लगता है। किशोरावस्था शब्द लैटिन शब्द 'एडोलेसयर' से बना है, जिसका अर्थ है 'परिपक्व होने के लिए बढ़ना'। समझदारी के पड़ाव की ओर बढ़ते '12 से 18 साल' के बच्चे किशोर माने जाते हैं। उम्र के इस दौर में सबसे ज्यादा जरूरत बड़ों के साथ सार्थक संवाद की होती है। किशोरों के लिए कई विषयों पर अपनों से कुछ कहना मुश्किल होता है, तो कई बार बड़े-बुजुर्गों के कहे को समझना भी कठिन लगता है। ऐसे में अभिभावकों द्वारा उनके बदलते मन को समझने के प्रयास आवश्यक हो जाते हैं। प्रत्यक्ष रूप से उनकी निर्भरता कम दिखती है पर इस आयुवर्ग में भी बहुत सी बातों से उलझता उनका मन अभिभावकों की ओर ही देखता है। चाइल्ड माइंड इंस्टीट्यूट के मुताबिक एंगजाइटी, बचपन और किशोरावस्था में सबसे आम मानसिक स्वास्थ्य विकार है। करीब 31.9 प्रतिशत लोग 18 साल की उम्र तक किसी न किसी तरह की फिक्र से जूझते हैं। बदलावों की इस उम्र में बहुत सी बातों को लेकर घबराहट भी होती है। सोशल मीडिया ने हमउम्र दोस्तों और सहपाठियों से तुलना के भाव को और बढ़ाया है। बच्चे शारीरिक बनावट से लेकर करीबी दोस्ती के मामले तक में एक-दूसरे से तुलना करने लगते हैं। शारीरिक मानसिक बदलाव भटकाव लाने वाले होते हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के मुताबिक आज 44 फीसदी स्कूली बच्चे तनाव और अवसाद का शिकार हैं। स्पष्ट है कि अकादमिक दबाव के अलावा किशोरों का मन आभासी दबाव भी झेल रहा है। यथार्थ से दूर वर्चुअल दुनिया में समय बिताते हुए नई तरह की मानसिक परेशानियों में फंस रहे हैं। ऐसे हालातों में जीवन से जुड़े हर पक्ष पर संवाद करना आवश्यक है। अपनी उलझनें कह देने का भरोसा देना जरूरी है। बातचीत के लिए सहज परिवेश और खुलापन न मिलने से किशोर बच्चों की मनःस्थिति भटकाव का शिकार हो जाती है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
## दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

# क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित
## प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहा: मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहा: बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहा: क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहा: तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहाँ हूँ और मैं एक नाई हूँ। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहा: नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा: अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### कब रुकेगा प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों का शोषण?

बाहर से देखो तो प्राइवेट स्कूल किसी फाइव स्टार होटल से कम नहीं लगते। एसी क्लासरूम, हाईटेक बोर्ड, इंग्लिश बोलते बच्चे और व्हाइट-ग्लव्स पहने बस अटेंडेंट्स। लेकिन अंदर झांको, वहां एक मास्टर साहब बैठा है, जो न वक्त पर चाय पी सकता है, न लंच कर सकता है। जो बच्चा होमवर्क न करे, उसकी शिकायत आए तो मास्टर की क्लास लगती है। जो बच्चा एग्ज़ाम में फेल हो जाए, तो मैनेजमेंट पूछता है- क्यों पढ़ाया नहीं ढंग से। तनख्वाह जो कागज़ पर है, जेब में नहीं। प्राइवेट स्कूलों में सैलरी का सिस्टम इतना गोपनीय है कि सीक्रेट एजेंसियां भी शरमा जाएं। - **प्रियंक शर्मा**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### हर भारतीय को बधाई



गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में शामिल करने पर हर भारतीय को बधाई। ये शास्त्र भारत के प्राचीन ज्ञान को दर्शाते हैं, जिसने अनादि काल से जीवन को अधिक सुंदर बनाने का प्रकाश दिखाया है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### विश्व विरासत दिवस



विश्व विरासत दिवस हमें अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत पर गर्व करने के साथ-साथ उसके संरक्षण का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। आइए, हम सभी अमूल्य धरोहरों को संजोने और सुरक्षित रखने में अपनी भागीदारी निभाएं।
- रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### राजनीतिक हथकंडों से बचें



सपा दलितों के वोटों के स्वार्थ की खातिर यहाँ किसी भी हद तक जा सकती है। अतः दलितों के साथ-साथ अन्य पिछड़ों व मुस्लिम समाज आदि को भी इनके किसी भी उग्र बहकावे में नहीं आकर इन्हें इस पार्टी के भी राजनीतिक हथकंडों का शिकार होने से ज़रूर बचना चाहिए।
- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### कठोर कार्रवाई करें



सिविल मामले को क्रिमिनल बनाकर पेश करना पुलिस के द्वारा क़ानून को तोड़ना है, इसके लिए आर्थिक दंड नहीं निलंबन करके कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# बुद्ध के दंत 16 वर्षों बाद श्रीलंका में दर्शन के लिए



**कोलंबो।** भगवान बुद्ध के पवित्र दंत अवशेष को 16 साल के अंतराल के बाद शुक्रवार को श्रीलंका के केंद्रीय शहर कैंडी में आम लोगों के दर्शन के लिए रखा गया। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान से मिली। श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि यह आयोजन 10 दिनों तक 27 अप्रैल तक जारी रहेगा तथा आम लोग अवशेष स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक देख सकते हैं। बयान के अनुसार, भारत सहित 17 देशों के राजदूतों के लिए एक विशेष व्यवस्था के तहत कैंडी तक उनके लिए ट्रेन से यात्रा का इंतजाम किया गया है। कैंडी स्थित पवित्र दंत मंदिर के वरिष्ठ भिक्षु महावेला रत्नपाल ने संवाददाताओं को बताया कि हजारों बौद्ध श्रद्धालुओं के इस अवशेष का दर्शन करने के लिए आने की उम्मीद है। यह दंत अवशेष इस द्वीपीय देश श्रीलंका के 74 प्रतिशत सिंहली बौद्ध बहुसंख्यकों के लिए विशेष आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। रत्नपाल ने कहा, ''हजारों लोग दो दिन पहले से मंदिर तक पहुंचने वाले तीनों मार्गों पर कतार में खड़े हैं।'' ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार, यह दंत अवशेष 1590 में कैंडी लाया गया था।

## ऑफ बीट

# इंडोर प्लांट का उपयोग दवा और खाना पकाने होता था



हजारों वर्षों से लोग घरों के भीतर पौधे उगाते आ रहे हैं। साक्ष्यों से पता चलता है कि मिस्र के लोग तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में पौधों को घर के अंदर लाए थे। पोम्पेई के पूर्व शहर के अवशेषों से पता चलता है कि 2,000 साल से भी पहले वहां 'इनडोर प्लांट्स' का इस्तेमाल किया जाता था और मध्ययुगीन इंग्लैंड में 'इनडोर प्लांट्स' का उपयोग दवा और खाना पकाने में किया जाता था। बीसवीं सदी के उत्तरार्ध में इनडोर प्लांट्स' को रखना दुनियाभर में व्यापक हो गया। यह प्रथा विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान काफी लोकप्रिय थी, संभवतः प्रकृति से जुड़ने की इच्छा के कारण, जब बाहरी हरित स्थानों तक पहुंच सीमित थी। 'इनडोर प्लांट्स' के लाभ प्रकृति से जुड़ाव से कहीं बढ़कर हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि वे सकारात्मक भावनाओं को बढ़ा सकते हैं, तनाव को कम कर सकते हैं, उत्पादकता बढ़ा सकते हैं और यहां तक कि दर्द जैसी शारीरिक परेशानी को भी कम कर सकते हैं। हालांकि, लोगों का अपने पौधों से जुड़ाव का स्तर अलग-अलग होता है।

जगदीप धनखड़ के बयान पर सिब्बल का पलटवार

# सुप्रीम कोर्ट को अनुच्छेद 142 की शक्ति संविधान ने दी है, सरकार ने नहीं उपराष्ट्रपति को किसी दल के प्रवक्ता की तरह बात नहीं करना चाहिएः सिब्बल

## उपराष्ट्रपति ने एक दिन पहले अनुच्छेद 142 को न्यूक्लियर मिसाइल करार दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को राज्यसभा प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट और संविधान के अनुच्छेद 142 पर विवादास्पद टिप्पणी की थी। उन्होंने अनुच्छेद 142 को न्यूक्लियर मिसाइल करार दिया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट सुपर संसद की तरह काम कर रहा है। इससे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर कुठाराघात हो रहा है। धनखड़ ने यह भी कहा कि न्यायपालिका संविधान से ऊपर नहीं हो सकती। राष्ट्रपति पर सवाल नहीं खड़े किए जा सकते। उपराष्ट्रपति के इस बयान की तीखी आलोचना करते हुए वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने इसे न्यायपालिका पर हमला करार देते हुए उपराष्ट्रपति को जमकर घेरा। उन्होंने जगदीप धनखड़ को याद दिलाते हुए कहा कि वर्ष 1975 में सुप्रीम कोर्ट की सिंगल बेंच ने प्रधानमंत्री रहते हुए इंदिरा गांधी की निर्वाचन को रद्द घोषित किया था। जिसे स्वीकार किया गया था। जब कि तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा दस विधेयकों को रोके जाने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए दो सदस्यीय पीठ ने फैसला दिया है।

■ धनखड़ ने कहा था राष्ट्रपति पर सवाल नहीं खड़े किए जा सकते



सिब्बल ने कहा कि आज के समय में अगर देश में कोई संस्था विश्वसनीय है, तो वह न्यायपालिका है। धनखड़ का बयान सुनकर उन्हें दुख और आश्चर्य हुआ। उन्होंने तर्क दिया कि जब सरकार को न्यायपालिका के फैसले पसंद नहीं आते, तो वह उस पर सीमा लांघने का आरोप लगाती है, लेकिन जब फैसले सरकार के पक्ष में होते हैं, तो वह कोर्ट की तारीफ करती है। सिब्बल ने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 142 संविधान ने सुप्रीम कोर्ट को दिया है, न कि सरकार ने। यह शक्ति पूर्ण न्याय के लिए है, और इसका उपयोग संवैधानिक मर्यादाओं के भीतर होता है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को कोर्ट के फैसले से आपत्ति है, तो वह अनुच्छेद 143 के तहत सलाह मांग सकता है या रिव्यू याचिका दायर कर सकता है, न कि सार्वजनिक रूप से कोर्ट की आलोचना करनी चाहिए।

सिब्बल ने उपराष्ट्रपति धनखड़ के इस दावे का खंडन किया कि सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दे सकता। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति और राज्यपाल टिट्यूलर हेड (नाममात्र के प्रमुख) हैं, जिनके पास कोई व्यक्तिगत अधिकार नहीं है। वे मंत्रिमंडल की सलाह पर काम करते हैं। उन्होंने तमिलनाडु मामले में कोर्ट के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि राज्यपाल बिलों को अनिश्चितकाल तक नहीं रोक सकते और राष्ट्रपति को भी समयबद्ध तरीके से फैसला लेना होगा।

### संवैधानिक मर्यादा का पालन करना चाहिए

सिब्बल ने कहा कि उपराष्ट्रपति को किसी राजनीतिक पार्टी के प्रवक्ता की तरह बात नहीं करनी चाहिए। उन्हें निष्पक्ष और संवैधानिक मर्यादा का पालन करना चाहिए। उन्होंने धनखड़ के बयान को राजनीतिक करार देते हुए कहा कि उन्होंने आज तक किसी राज्यसभा सभापति को इस तरह का बयान देते नहीं देखा। सिब्बल ने जोर देकर कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता लोकतंत्र की बुनियाद है। इस तरह के बयान कोर्ट को कमजोर करने और जजों को सबक सिखाने की कोशिश हैं, जो अस्वीकार्य है। उन्होंने वीरास्वामी मामले में धनखड़ के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मुख्य न्यायाधीश ही तय करते हैं कि ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई होगी, जैसा कि सुप्रीम कोर्ट के वीरास्वामी फैसले में स्थापित है। सिब्बल ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज के घर से नकदी बरामदगी के मामले में धनखड़ के एफआईआर के सवाल पर कहा कि यह मामला मुख्य न्यायाधीश के अधिकार क्षेत्र में है, और उपराष्ट्रपति को इस तरह कोर्ट की प्रक्रिया पर सवाल नहीं उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि अगर कार्यपालिका अपना काम नहीं कर रही, तो न्यायपालिका को हस्तक्षेप करने का पूरा अधिकार है।

## खबर संक्षेप

### गुड फ्राइडे दयालुता के लिए प्रेरित करता है



**नई दिल्ली।** गुड फ्राइडे ईसाई धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। इसी दिन ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शांति, करुणा और भाईचारे का संदेश दिया। मोदी ने लिखा, गुड फ्राइडे के दिन हम ईसा मसीह के बलिदान को याद करते हैं। यह दयालुता, करुणा और हमेशा उदार हृदय रखने की प्रेरणा देता है।

### अंतिम संस्कार के डेढ़ माह बाद वह जिंदा लौटा



**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। एक युवक की दुर्घटना के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी। परिजन डीएमसीएच पहुंचकर अपहत पुत्र भोला कुमार राम के रुप में पहचान कर चुके थे। 1 मार्च को दाह संस्कार भी कर दिया। युवक गुरुवार को जिंदा मिल गया है।

### नासिक में धर्मस्थल गिराने पर मांगी रिपोर्ट

**नासिक।** यहां धार्मिक स्थल को नगर निगम ने ध्वस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम के नोटिस पर अंतरिम रोक लगाई। याचिका को सूचीबद्ध न करने बॉम्बे हाईकोर्ट से रिपोर्ट से मांगी है। नगर निगम ने 15-16 अप्रैल को काठे गली इलाके में अनधिकृत सतपीर बाबा दरगाह को हटा दिया था।

मुर्शिदाबाद में हिंसा को लेकर राज्यपाल बोस ने सख्त रुख अपनाया

# महिलाएं शिविरों में रहने को मजबूर, हम इस हिंसा को किसी तरह बर्दाश्त नहीं करेंगे

## लोगों को सुरक्षा देना राज्य सरकार की पहली जिम्मेदारी, भेजेंगे रिपोर्ट



एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद/मालदा

मालदा में हिंसा पीड़ित लोगों से की मुलाकात और बोल मालदा मुर्शिदाबाद। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा से अब भी पूरे प्रदेश में जमकर सियासत गरम है। प्रदेश के राज्यपाल सीवी आनंद बोस हिंसा पीड़ितों से मिलने मालदा पहुंचे। वे ट्रेन से गए। बोस ने हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों से मुलाकात से पहले यह बयान दिया। मुर्शिदाबाद में हिंसा को लेकर बोस ने सख्त रुख अपनाया है। हिंसा प्रभावित लोग शिविरों में रहने को मजबूर हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल में जगह-जगह हिंसा अपना भयानक रूप दिखा रही है।

बोस ने कहा कि हमें हिंसा के रास्ते को खत्म करना होगा और उसके ताबूत में आखिरी कील ठोंकनी होगी। यह शांति और सौहार्द्र के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा है कि मुर्शिदाबाद या मालदा में हुई हिंसा को कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। बोस ने हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों से मुलाकात से पहले यह बयान दिया। राज्यपाल मालदा पहुंच चुके हैं और वे स्थिति का आकलन करने के बाद केंद्र सरकार को रिपोर्ट भेजेंगे।दोनों जगहों पर हिंसा पीड़ितों से मुलाकात के बाद राज्यपाल ने प्रभावित क्षेत्रों का जायजा भी लिया। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों से स्थिति सामान्य करने को लेकर चर्चा भी की।

**हिंसा के रास्ते को खत्म करेंगे, ताबूत में आखिरी कील ठोंकेंगे**

### केंद्र को भेजूंगा सिफारिशें

मालदा से निकले बोस ने कहा कि वे पीड़ितों से मिले और इसकी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेंगे। मैं पीड़ितों से मिलने और प्रभावित क्षेत्र से प्राप्त सूचनाओं की पुष्टि करने गया था। मैं अस्पतालों, पीड़ितों के आवासों और राहत शिविरों में गया। अपनी सिफारिशें भेजूंगा।



### हिंसा के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे

राज्यपाल बोस ने कहा कि मुर्शिदाबाद और मालदा जैसी घटनाएं कभी नहीं होनी चाहिए। बंगाल की सड़कों पर कई जगहों पर मौत का तांडव चल रहा है। इस तरह की हिंसा को कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा करने और लोगों की भावनाओं को जानने के बाद उनके पास एक कार्ययोजना होगी, जिस पर मिशन मोड में काम किया जाएगा। किसी भी कीमत पर हिंसा के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी।

### राज्य की राजनीति में फैल रहे 2 कैंसर

राज्य बंगाल की स्थिति पर बात करते हुए राज्यपाल ने कहा है कि बंगाल में हिंसा का मामला नया नहीं है और यह एक सतत मुद्दा है। बोस ने कहा कि बंगाल की राजनीति में दो चीजें कैंसर की तरह बढ़ रही है, हिंसा और भ्रष्टाचार। हमें इसकी जड़ों को खत्म करना होगा।

### घटनाओं को 'मौत का नाच' बताया

मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में हिंसा से बड़ी संख्या में महिलाएं प्रभावित हुई हैं। पीड़ितों से मुलाकात करने के बाद हबोस ने घटनाओं को 'मौत का नाच' बताया। उन्होंने कहा कि हिंसा का रास्ता अपनाने वाली मानसिकता को जड़ से खत्म किए जाने की जरूरत है।

### राज्य सरकार ने लापरवाही की

राज्यपाल ने कहा कि कानून व्यवस्था को बनाए रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। अगर राज्य को मदद की जरूरत है, तो हम केंद्रीय बल भेजने के लिए तैयार हैं। बंगाल में हिंसा की घटनाएं लंबे समय से हो रही हैं। राज्य सरकार हिंसा को रोके।

मालदा में एनएचआर ने प्रभावित लोगों से की बात

### 3 सप्ताह में विस्तृत जांच रिपोर्ट पेश की जाए



राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के एक दल ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मालदा पहुंचकर उन लोगों से मुलाकात की जिन्होंने मुर्शिदाबाद जिले के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से भागकर एक अस्थायी शरणार्थी शिविर में शरण ली है। एनएचआरसी ने हाल में मुर्शिदाबाद में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में भड़की हिंसा का स्वतः संज्ञान लिया। एनएचआरसी सदस्यों ने लालपुर हाई स्कूल में शिविर में रह रहे प्रभावित परिवारों के सदस्यों से बात की।

मुर्शिदाबाद में पीड़ितों से मिली एनसीडब्ल्यू

### महिलाएं बहुत डरी हैं, उन पर अत्याचार हुए



एनसीडब्ल्यू प्रमुख विजया रहाटकर मुर्शिदाबाद में हुई हालिया हिंसा की जांच का नेतृत्व करने के लिए गुरुवार शाम कोलकाता पहुंचीं। इस बीच राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने वहां के हालातों पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार किए गए हैं। महिलाओं के खिलाफ बहुत अत्याचार हुए हैं। यहां महिलाएं भी डरी हुई हैं।

कर्नाटक में फिर नया बवाल

# सीईटी परीक्षा में छात्रों से जनेऊ व कलावा उतरवाए



*आदि चुनचुनगिरी पीयू कॉलेज परिसर में ऐसी करतूत की*

एजेंसी ▶▶ विमोग्गा

कर्नाटक के शिवमोग्गा में कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) के दौरान एक विवाद खड़ा हो गया। कुछ छात्रों से परीक्षा केंद्र में जनेऊ और हाथों में बंधे कलावे को उतारने के लिए कहा गया और यही विवाद की जड़ बन गय। घटना आदि चुनचुनगिरी पीयू कॉलेज परिसर की है।

परीक्षा देने आए 3 छात्रों को परीक्षा केंद्र पर रोका गया और उनके शरीर पर बंधे जनेऊ और हाथों में बंधा रक्षा सूत्र (कलावा) हटाने को कहा गया। गेट पर मौजूद गाड्र्स ने दो छात्रों से जनेऊ और बंधा रक्षा सूत्र उतरवा दिए, लेकिन तीसरा छात्र जनेऊ न उतारने पर अड़ गया। घटना 16 अप्रैल की है। छात्र को 15 मिनट तक गेट पर रोका गया। गाड्र्स ने उसके रक्षा सूत्र उतरवा लिया। जनेऊ के साथ परीक्षा देने की इजाजत दी।

### मामले ने पकड़ा तूल, कार्रवाई हो

अब मामला तूल पकड़ चुका है। अखिल कर्नाटका ब्राह्मण सभा ने जिलाधिकारी से मिलकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया है और दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। पीड़ित छात्र अभिज्ञान के मामा ने बताया कि मेरा भांजा पीयू कॉलेज गया, वहां गार्ड ने टी शर्ट के अंदर पहने जनेऊ और हाथों में पहने रक्षा सूत्र को उतारने को कहा। भांजे ने साफ कह दिया कि वह भले ही परीक्षा देगा लेकिन जनेऊ नहीं उतारेगा। उसे जनेऊ के साथ परीक्षा देने की अनुमति दी गई, लेकिन कलावा निकालकर उसे डस्टबिन में डाल दिया गया। इससे पहले 2 बच्चों का जनेऊ भी उतरवा दिया गया था।

### उच्च शिक्षा मंत्री बोले-तो कार्रवाई होगी

कर्नाटक के उच्च शिक्षा मंत्री एमसी सुधाकर ने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। अगर ऐसा हुआ है और जैसा दावा किया गया है तो ये निंदनीय है। मैंने एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर से रिपोर्ट मांगी है। एग्जाम के लिए कुछ सेट प्रोटोकॉल होते हैं, उसका पालन हर संस्थान करता है, लेकिन उनमें जनेऊ उतरवाने की बात नहीं है। अगर जांच में ये बात सही साबित होती है तो दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही होगी।

# रोहित वेमुला एक्ट कड़ाई से लागू कर शिक्षण संस्थानों से जातिगत भेदभाव करें खत्म

## दबे कुचलों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिले, सिद्धारमैया को राहुल की पाती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने रोहित वेमुला एक्ट के कड़ाई से पालन और उच्च शिक्षा में जातिगत भेदभाव को रोकने की मांग की। इस पत्र की जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया के माध्यम से दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि उनसे कुछ एससी, एसटी, पिछडे वर्ग के छात्र मिलने आए थे। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों में अपने साथ हो रहे भेदभाव पर विस्तार से बात की थी। उसके बाद राहुल गांधी ने पत्र का जिक्र करते हुए लिखा कि छात्र, छात्राओं के साथ बातचीत के आधार पर उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिक्षा संस्थानों से भेदभाव खत्म करने के लिए रोहित वेमुला एक्ट सख्ती से लागू करने को कहा था। राहुल गांधी ने पत्र में रोहित वेमुला की आत्महत्या (2016) का जिक्र किया, जो हैदराबाद विश्वविद्यालय में दलित छात्र के रूप में भेदभाव का शिकार हुए थे। इस घटना ने देशभर में दलित अधिकारों और शिक्षा में समानता पर बहस छेड़ी थी। पत्र में राहुल ने कर्नाटक सरकार से मांग की कि वह रोहित वेमुला एक्ट को प्रभावी ढंग से लागू करे, ताकि शैक्षणिक संस्थानों में दलित, आदिवासी, और पिछड़े वर्गों के छात्रों और शिक्षकों के साथ जातिगत भेदभाव को रोका जा सके। उन्होंने जोर दिया कि भारत का हर बच्चा समानता का हकदार है, और जातिवाद के कारण किसी भी तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।

### क्या है रोहित वेमुला एक्ट

यह प्रस्तावित कानून उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव को रोकने के लिए बनाया गया है। यह दलित, आदिवासी, और अन्य पिछड़े समुदायों के छात्रों के अधिकारों की रक्षा करने और उनके लिए सुरक्षित शैक्षिक वातावरण सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। राहुल ने पत्र में इस कानून के कड़ाई से पालन की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि भविष्य में रोहित वेमुला जैसी घटनाएं न हों।

वीर विनय चौराहा पर लगाए बड़े आरोप

# बलरामपुर में भाजयुमो ने राहुल-सोनिया का जलाया पुतला, जमकर की नारेबाजी

## नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के बड़े नेताओं पर चार्जशीट

एजेंसी ▶▶ बलरामपुर

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का नाम आने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने वीर विनय चौराहा पर दोनों नेताओं का पुतला जलाया। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी भी की। भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र के नेतृत्व में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अटल भवन कार्यालय तुलसीपार्क से नारेबाजी करते हुए वीर विनय चौराहा पहुंचे। रवि ने कहा कि कांग्रेस घोटाले पर घोटाला करती आ रही है। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी,सैम पित्रोदा व सुमन दुबे का नाम अपनी चार्ज शीट में शामिल किया है।



### कांग्रेस सरकार ने देश को लूटा

नेशनल हेराल्ड के मामले में कांग्रेस ने सिर्फ घोटाला किया है। मोदी सरकार में जांच एजेंसियां सही ढंग से कार्य कर रही हैं। अब कांग्रेस कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हो रहा है। नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया एवं राहुल अंतरिम जमानत पर हैं। अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य एकता जायसवाल ने कहा कि युवा मोर्चा की ओर से पूरे देश में नेशनल हेराल्ड मामले में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार ने देश को लूटने का कार्य किया है।

### भ्रष्टाचार को छुपाने देश को गुमराह कर रही कांग्रेस

कांग्रेस नेता राहुल व सोनिया के नाम से 661 करोड़ मनी लॉन्ड्रिंग घोटाला किया गया है। जांच करवाई प्रभावित करने के लिए कांग्रेस झूठ का प्रपंच रच रही है। जिलाध्यक्ष संदीप वर्मा ने कहा कि ईडी ने नेशनल हेराल्ड केस में यंग इंडिया की 751.9 करोड़ की संपत्ति अटैच की थी। इस कंपनी में सोनिया व राहुल की 76 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कांग्रेसी भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए देश को गुमराह कर रहे हैं।

चौहान ने ब्रिक्स देशों को 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2025' और 'वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंटरटेनमेंट समिट' में भाग लेने के लिए किया आमंत्रित

# भारत के लिए कृषि करोड़ों परिवारों के लिए आजीविका, भोजन और गरिमा का स्रोतः चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक में भारत ने समावेशी, न्यायसंगत और सतत कृषि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। केंदीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस अवसर पर छोटे और सीमांत किसानों के कल्याण को वैश्विक कृषि रणनीति के केंद्र में रखने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया और स्पष्ट किया कि कृषि भारत के लिए केवल एक आर्थिक गतिविधि नहीं बल्कि करोड़ों परिवारों के लिए आजीविका, भोजन और गरिमा का स्रोत है। भारत ने कहा कि जब तक छोटे किसानों को संरक्षित और सशक्त नहीं किया जाएगा, तब तक वैश्विक खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण विकास का लक्ष्य अधूरा रहेगा। चौहान ने ब्रिक्स देशों को 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2025' और 'वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंटरटेनमेंट समिट 2025' में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने इस बात पर बल दिया कि दुनिया के 510 मिलियन छोटे किसान वैश्विक खाद्य प्रणाली की रीढ़ हैं और जलवायु परिवर्तन, मूल्य अस्थिरता तथा संसाधनों की कमी के बीच वे सबसे अधिक संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा

### छोटे और सीमांत किसानों के कल्याण को वैश्विक कृषि रणनीति के केंद्र में रखें




बैठक में कृषि व्यापार को न्यायसंगत बनाने, वैश्विक मूल्य अस्थिरता को नियंत्रित करने और छोटे किसानों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। श्री चौहान ने सार्वजनिक खाद्य भंडारण व्यवस्था, न्यूनतम समर्थन मूल्य, और छोटे किसानों को सीधे जोड़ने वाले मूल्य श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता को दोहराया। श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोविड संकट के दौरान भारत की खाद्य भंडारण क्षमता को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया, जिसके माध्यम से 80 करोड़ नागरिकों तक मुफ्त राशन पहुंचाया गया।

### जलवायु परिवर्तन के खिलाफ साझा लड़ाई लड़ेंगे

बैठक के दौरान जलवायु परिवर्तन के खिलाफ साझा लड़ाई के लिए चौहान ने अपने कार्यक्रमों एनएमएसए, एनआईसीआरए, वेस्ट टू वेल्थ, सर्कुलर इकोनॉमी, जैव उर्वरक और पारंपरिक खेती को साझा करते हुए सहयोग को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस संदर्भ में, ब्रिक्स कृषि मंत्रियों ने "ब्रिक्स लैंड रिस्टोरेशन पार्टनरशिप" की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य भूमि क्षरण, मरुस्थलीकरण और मिट्टी की उर्वरता में कमी से निपटना है। उन्होंने इस पहल का समर्थन करते हुए कहा कि यह पारंपरिक ज्ञान और वैज्ञानिक नवाचारों के संगम से छोटे किसानों, आदिवासी समुदायों और स्थानीय कृषकों को लाभ पहुंचाएगी। घोषणा पत्र के अंतर्गत ब्रिक्स-देशों ने एकजुट होकर वैश्विक कृषि-खाद्य प्रणाली को न्यायसंगत, समावेशी, नवाचारी और सतत बनाने के संकल्प को दोहराया। इसमें खाद्य सुरक्षा, जलवायु अनुकूलन, महिलाओं और युवाओं का सशक्तिकरण, सतत मत्स्य पालन और पशुधन विकास, मिट्टी और भूमि पुनर्स्थापन, डिजिटल कृषि प्रमाणीकरण, और वैश्विक दक्षिण की कृषि अर्थव्यवस्थाओं के लिए वित्तीय एवं व्यापारिक तंत्र को बढ़ावा देने के संकल्प को प्रमुखता दी गई। भूमि क्षरण और मरुस्थलीकरण को रोकने हेतु 'ब्रिक्स लैंड रिस्टोरेशन साझेदारी' की घोषणा भी इस मीटिंग में की गई।

## विश्व व्यापार संगठन के समक्ष अपना रुख स्पष्ट किया

# इस्पात, एल्यूमिनियम पर शुल्क सुरक्षा कारणों से, बचाव उपायों के आधार पर नहीं : अमेरिका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका ने वैश्विक व्यापार निकाय विश्व व्यापार संगठन से कहा है कि इस्पात तथा एल्यूमिनियम पर शुल्क लगाने का निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लिया गया और इसे बचाव के लिए उठाया गया कदम नहीं माना जाना चाहिए।

भारत के 11 अप्रैल को अमेरिका के साथ डब्ल्यूटीओ के बचाव समझौते के तहत परामर्श का अनुरोध करने के बाद अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के समक्ष अपना रुख स्पष्ट किया है। भारत ने कहा था कि अमेरिका द्वारा इन उपायों को सुरक्षा उपाय बताए जाने के बावजूद ये मूलतः बचाव के लिए उठाए गए कदम हैं। इससे अमेरिका बचाव उपायों को लागू करने के निर्णय के बारे में बचाव समझौते (एओएस) के एक प्रावधान के तहत डब्ल्यूटीओ सुरक्षा समिति को सूचित करने में विफल रहा है।

### धारा 232 राष्ट्रीय सुरक्षा कानून है

अमेरिका ने कहा कि धारा 232 एक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून है तथा शुल्क को शुल्क एवं व्यापार पर सामान्य समझौते (जीएटीटी) 1994 के एक प्रावधान के तहत सुरक्षा अपवाद के तहत रखा जा रहा है। इसमें कहा गया है कि ये शुल्क 1974 के व्यापार अधिनियम के प्रावधान के तहत नहीं लगाए गए हैं, जिसके तहत अमेरिका बचाव उपाय लागू करता है।



- भारत ने कहा, अमेरिका इसे सुरक्षा उपाय बता रहा
- बावजूद ये मूलत: बचाव के लिए उठाए गए कदम हैं
- अमेरिका डब्ल्यूटीओ सुरक्षा समिति को सूचित करने में विफल रहा

### 12 मार्च 2025 से हुआ प्रभावी

इस वर्ष 10 फरवरी को अमेरिका ने इस्पात और एल्यूमिनियम वस्तुओं के आयात पर बचाव उपायों को संशोधित किया, जो 12 मार्च 2025 से प्रभावी हुए और इनकी अवधि असीमित है।




### अमेरिका ने व्यापार निकाय को भेजा था पत्र

अमेरिका ने 17 अप्रैल को व्यापार निकाय को भेजे एक पत्र में कहा, "अमेरिका ने पाया कि बचाव उपायों पर समझौते के अनुच्छेद 12.3 के तहत परामर्श के लिए भारत के अनुरोध का आधार यह है कि शुल्क बचाव के लिए उठाया गया कदम है... (अमेरिका के) राष्ट्रपति (डोनाल्ड ट्रंप) ने धारा 232 के तहत इस्पात तथा एल्यूमिनियम पर शुल्क लगाया, जिसके तहत राष्ट्रपति ने निर्धारित किया कि शुल्क इस्पात और एल्यूमिनियम वस्तुओं के आयात को समायोजित करने के लिए आवश्यक हैं जिससे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होने की आशंका है।"

### प्रावधान के अनुरूप कार्रवाई नहीं

अमेरिका ने कहा, " अमेरिका बचाव उपायों/आपात कार्रवाई प्रावधान के अनुरूप इन कार्रवाइयों को जारी नहीं रख रहा है... ये कार्रवाइयां बचाव में उठाया गया कदम नहीं हैं और इसलिए इन उपायों के संबंध में बचाव समझौते के तहत परामर्श करने का कोई आधार नहीं है।"

### भारत के मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार

इसमें कहा गया, तदनुसार, परामर्श के लिए भारत का अनुरोध...बचाव उपायों पर समझौते के तहत कोई आधार नहीं रखता है...फिर भी, हम भारत के साथ इस या किसी अन्य मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। अमेरिका ने आठ मार्च 2018 को इस्पात तथा एल्यूमिनियम के कुछ उत्पादों पर क्रमशः 25 प्रतिशत और 10 प्रतिशत मूल्यानुसार शुल्क की घोषणा की थी जो 23 मार्च 2018 से लागू हुए।

# निवेशकों की संपत्ति चार दिन में 25.77 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले चार कारोबारी सत्रों में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में छह प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। अमेरिका के शुल्क पर अस्थायी रोक, विदेशी निवेशकों की घरेलू बाजार में वापसी और दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी के कारण बाजार बढ़त में रहा है।

खुदरा मुद्रास्फीति के लगभग छह वर्ष के निचले स्तर पर पहुंचने से भी नीतिगत दर में और कटौती की उम्मीद बढ़ी है।पिछले चार कारोबारी दिनों में बीएसई सूचकांक 4,706.05 अंक यानी 6.37 प्रतिशत बढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 1,452.5 अंक यानी 6.48 प्रतिशत की तेजी रही। इसके साथ, पिछले चार दिन में निवेशकों की संपत्ति 25.77 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,19,60,046.14 करोड़ रुपये (4,900 अरब डॉलर) हो गई। शुक्रवार को 'गुड फ्राइडे' के कारण शेयर बाजार बंद हैं। मास्टर कैपिटल सर्विसेज के अनुसंधान एवं परामर्श के सहायक उपाध्यक्ष विष्णु कांत उपाध्याय के अनुसार, विदेशी कोष प्रवाह, अमेरिका के शुल्क पर अस्थायी रोक तथा आरबीआई द्वारा उदार मौद्रिक नीति रुख अपनाने जैसे कई कारकों ने वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के बावजूद भारतीय बाजारों में तेजी को बढ़ावा दिया है।



- सेंसेक्स और निफ्टी में छह फीसदी से अधिक तेजी आई
- विदेशी निवेशकों की घरेलू बाजार में हुई वापसी

*ब्याज दर में कटौती से धारणा हुई मजबूत : उपाध्याय ने कहा कि इसके अलावा, नौ अप्रैल को आरबीआई के ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती तथा इसके रुख को 'तटस्थ' से 'उदार' में बदलने से धारणा मजबूत हुई है।*

### एफआईआई ने एक अरब से अधिक के शेयर खरीदे

उपाध्याय ने कहा, "पिछले तीन कारोबारी सत्रों में, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने लंबे समय तक बिकवाली के बाद एक अरब डॉलर से अधिक मूल्य के भारतीय शेयर खरीदे हैं। इसके अलावा, अमेरिका के शुल्क पर अस्थायी रोक की घोषणा और दोनों देशों के साथ संभावित बातचीत से भी धारणा को बढ़ावा मिला।"

## अदाणी पोर्ट, आस्ट्रेलियाई टर्मिनल का करेगी अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी निजी बंदरगाह संचालक अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लि. एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए एक समूह से ऑस्ट्रेलिया में कोयला निर्यात टर्मिनल का अधिग्रहण करेगी। यह सौदा बिना नकद के 2.4 अरब डॉलर का है। कंपनी ने कहा, "अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लि. (एपीएसईजेड) के निदेशक मंडल ने 'कार्माइकल रेल एंड पोर्ट सिंगापुर होल्डिंग्स पीटीई लि. से एबॉट पॉइंट पोर्ट होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड (एपीपीएच), सिंगापुर के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी।

## रिजर्व बैंक ने तीन बैंकों पर लगाया जुर्माना

मुंबई। आरबीआई ने नियामकीय अनुपालन में कुछ खामियों के लिए कोटक महिंद्रा बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक पर जुर्माना लगाया है। कोटक महिंद्रा बैंक पर बैंक ऋण वितरण के लिए ऋण प्रणाली पर दिशानिर्देश' और ऋण और अग्रिम - वैधानिक और अन्य प्रतिबंध" पर कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 61.4 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एक अन्य बयान में, रिजर्व बैंक ने कहा कि "अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी)" के कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पर 38.6 लाख का जुर्माना लगाया गया है।

## मध्य प्रदेश में पतंजलि की कृषि क्रान्ति का शंखनाद



**रीवा।** जिला मऊगंज की बंजर और ऊसर भूमि अब किसानों की उपज के लिए व उनकी समृद्धि का द्वारा खोलेगी और विकसित विंध्य का एक नया अध्याय जोड़ेगी। इस बड़े कार्य के लिए मध्यप्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला जी और विभाग के अन्य अधिकारियों ने मऊगंज स्थित उक्त भूमि की रजिस्ट्री की कॉपी का स्थानांतरण पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी के माध्यम से पतंजलि योगपीठ को किया। इसके पश्चात आचार्य जी ने मऊगंज के डीएम संजय कुमार जैन के साथ स्थानीय भूमि का निरीक्षण कर भावी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर आचार्य जी ने कहा कि स्वामी जी के नेतृत्व में पतंजलि योगपीठ ने किसानों की समृद्धि के लिए जो स्वप्न देखा था, उसको साकार करने में पतंजलि का सेवा प्रकल्प शीघ्र ही साकार होगा। आचार्य जी ने कहा कि जब हम अपने राष्ट्रभाव व कर्तव्य को सामाजिकता के साथ जोड़कर लोकहित व लोक कल्याण के साथ कोई संकल्प लेते हैं तो निश्चित ही बहुत बड़ा कार्य किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पतंजलि ने विंध्य क्षेत्र के लिए औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन के तहत राज्य में किसानों की समृद्धि बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक व्यापक और समग्र योजना विकसित की है। इस योजना के अन्तर्गत मध्य प्रदेश के रीवा क्षेत्र, मऊगंज जिले के ग्राम घुरेहटा में औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन के अंतर्गत पतंजलि की औद्योगिक पार्क विकसित करने की योजना है। इस योजना का उद्देश्य न केवल आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना है।

- किसानों के हितार्थ फसल विविधीकरण, प्रशिक्षण केंद्र, बीज इकाइयां, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयां, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएँ होंगी शामिल : आचार्य जी

## टीटी ब्रांड की इनरवियर और आउटरवियर के कार्यक्रम में 300 होलसेलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने भाग लिया

**नई दिल्ली।** एनसीआर क्षेत्र के डीलर्स और होलसेलर्स ने ग्रैंड इम्पीरिया बैंक्वेट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान टीटी ब्रांड की इनरवियर और आउटरवियर कलेक्शन में विशेष रुचि दिखाई। करीब 300 होलसेलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने इस इवेंट में भाग लिया और टीटी ब्रांड की सराहना की। कंपनी को अपनी बिक्री और वितरण को और बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। डीलर मीट की शुरुआत संयुक्त प्रबंध निदेशक कुमारी मुस्कान जैन और जॉइंट एम.डी. श्रीमती ज्योति जैन के स्वागत भाषण से हुई। कार्यक्रम में टीटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री संजय के. जैन ने भी भाग लिया और डीलरों के साथ पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। टीटी ग्रुप के संस्थापक चेयरमैन रिखब चंद जैन ने बताया कि टीटी के उत्पाद दिल्ली-एनसीआर के लगभग हर दुकानदार के पास उपलब्ध हैं, वह भी उचित नाम और कीमत के साथ। कंपनी के कार्यकारी निदेशक हार्दिक जैन ने डीलरों की प्रतिबद्धता की सराहना की और समय पर भुगतान एवं आपसी विश्वास के साथ व्यापार संबंधों को और मजबूत करने पर बल दिया। कंपनी ने इस बैठक में भाग लेने वाले सभी डीलर्स और होजियरी डीलर्स एसोसिएशन के सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद किया। इस आयोजन में डब्ल्यूएचए (व्होलसेल होजियरी ऑर्गनाइजेशन) के पदाधिकारी और सदस्य भी उपस्थित रहे।



## जेयूएफटी, आईईईई छात्र शाखा ने आईईईई दिल्ली सेक्शन छात्र पुरस्कार समारोह 2025 में कई पुरस्कार जीते

**सोलन।** जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्रोलॉजी (जेयूआईटी) के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण में, आईईईई जेयूआईटी छात्र शाखा 12 अप्रैल को आयोजित आईईईई दिल्ली नेक्शन छात्र पुरस्कार समारोह 2025 में सबसे प्रतिष्ठित शाखाजों में में एक के रूप में उभरी आईईईई दिल्ली से कान छात्र गतिविधि समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूरे नेक्शन में छात्र सदम्यों, छात्र शाखाओं और शाखा परामर्शदाताओं द्वारा किए गए अनुकरणीय योगदान को पहचानना और पुरस्कृत करना था। इस वर्षे, आईईईई जेयूआईटी छात्र शाखा के कई सदस्यों को प्रतिक्षित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जो तकनीकी उत्कृष्टता, प्रभावशाली पहल और सामुदायिक सेवा के लिए शाखा की मजबूत प्रतिवद्धता की रेखांकित करता है। आईईईई जेयूआईटी छात्र शाखा के पुरस्कार विजेताः डॉ. जे.के. पाल मेमोरियल पुरस्कार उत्कृष्ट नेतृत्व और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने व वले छात्र सदस्यों को प्रदान किया गया। आईईईईउत्कृष्ट स्वयंसेवक पुरस्कार बीईई, गतिविधियों और छात्र जुड़ाव में अनुकरणीय सेवा और निरतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



## सोने का आयात मार्च में 192 प्रतिशत बढ़कर 4.47 अरब डॉलर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


सोने की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि से देश का सोना आयात मार्च में 192.13 प्रतिशत बढ़कर 4.47 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2024 में सोने का आयात 1.53 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।वित्त वर्ष 2024-25 में कुल मिलाकर आयात 27.27 प्रतिशत बढ़कर 58 अरब डॉलर हो गया जबकि 2023-24 में यह 45.54 अरब डॉलर था। आयात में वृद्धि से संकेत मिलता है कि निवेशकों का इस कीमती धातु पर भरोसा मजबूत है, क्योंकि यह एक सुरक्षित परिसंपत्ति है।

**सोने की बैंकों के ओर से बढ़ती मांग :** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सोने की ओर परिसंपत्ति का विविधीकरण, बैंकों की ओर से बढ़ती मांग और कीमतों में उछाल इसके अन्य कारण हो सकते हैं। राष्ट्रीय राजधानी में 17 अप्रैल को सोने की कीमत 70 रुपये बढ़कर 98,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। डॉलर के कमजोर होने, व्यापार युद्ध के बढ़ते तनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क घोषणाओं के बाद वैश्विक आर्थिक वृद्धि पर बढ़ती चिंताओं के कारण कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं। हालांकि, चांदी की कीमत 1,400 रुपये की गिरावट के साथ 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी।

# जीएसटी पंजीकरण करने के लिए सात दिन की समयसीमा तय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा कि कंपनियां सात दिनों के भीतर जीएसटी पंजीकरण प्राप्त कर सकती हैं। दूसरी ओर जोखिम भरे कारोबार के लिए आवेदनों को भौतिक सत्यापन के बाद 30 दिनों के भीतर प्रसंस्कृत किया जाएगा। यह पाया गया कि क्षेत्र में काम कर रहे कुछ अधिकारी विभिन्न सवाल उठाकर अनुचित दस्तावेज मांग रहे हैं। इसको देखते हुए सीबीआईसी ने दस्तावेजों की एक सांकेतिक सूची भी दी है, जो अधिकारी कंपनियों से ऑनलाइन मांग सकते हैं। जीएसटी पंजीकरण करने के लिए सीबीआईसी के संशोधित निर्देश में कहा गया है कि पंजीकरण आवेदन को प्रसंस्कृत करते समय अधिकारियों को इन दस्तावेजों की मूल भौतिक प्रति मांगते हुए सवाल नहीं उठाने चाहिए। इनमें से ज्यादातर शिकायतें अधिकारियों द्वारा द्वारा मांगे जा रहे स्पष्टीकरण की प्रकृति और अतिरिक्त दस्तावेजों की मांग से जुड़ी हैं। संशोधित निर्देश के मुताबिक व्यवसाय के मुख्य स्थान (पीपीओबी) के संबंध में आवेदक को कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा - नवीनतम संपत्ति कर रसीद या नगरपालिका खाता या मालिक के बिजली बिल की प्रति, या कोई अन्य सरकारी दस्तावेज जैसे पानी का बिल, जो स्पष्ट रूप से परिसर के स्वामित्व को स्थापित करता हो।




- आवेदन भौतिक सत्यापन के बाद 30 दिनों में प्रसंस्कृत होंगे

*अधिकारी कोई संभावित प्रश्न न पूछे*

*सीबीआईसी ने कहा, "पंजीकरण आवेदनों को प्रसंस्कृत करने वाले अधिकारियों को आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों या सूचना से संबंधित कोई भी संभावित प्रश्न नहीं पूछना चाहिए।*

## इंडियनऑयल के एक्सट्रापावर फ्लीट कार्ड लॉयल्टी प्रोग्राम ने स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 जीता




**नई दिल्ली।** इंडियनऑयल के एक्सट्रापावर फ्लीट कार्ड लॉयल्टी प्रोग्राम को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन - बिजनेस प्रोसेस ट्रांसफॉर्मेशन श्रेणी में स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार 100वें स्कॉच शिखर सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत किया गया । यह पुरस्कार परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और ग्राहक-केंद्रित डिजिटल समाधान प्रदान करने में इंडियनऑयल के निरंतर प्रयासों को मान्यता देता है। इस कार्यक्रम ने एक सुरक्षित, निर्बाध और प्रौद्योगिकी-सक्षम मंच के माध्यम से फ्लीट ऑपरेटरों के लिए ईंधन प्रबंधन बड़ा बदलाव लाया है। यह पुरस्कार टीम इंडियनऑयल को स्कॉच डेवलपमेंट फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री समीर कोचर द्वारा प्रदान किया गया। स्कॉच पुरस्कार भारत की सबसे प्रतिष्ठित सम्मान में से एक है, जो शासन, वित्त, प्रौद्योगिकी और सामाजिक प्रभाव में उत्कृष्टता को पहचान देता है। इंडियनऑयल का चयन एक कठोर बहु-चरणीय मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद हुआ, जिसका समापन 11 मार्च, 2025 को अंतिम प्रस्तुति के साथ हुआ। इस वर्ष के पुरस्कारों में बैंकों, सरकारी संस्थानों, प्रौद्योगिकी फर्मों और निजी क्षेत्र के संगठनों की मजबूत भागीदारी देखी गई। एक्स्ट्रा पावर फ्लीट कार्ड प्रोग्राम पूरे भारत में लाखों फ्लीट ऑपरेटरों के लिए एक विश्वसनीय समाधान बना हुआ है, जो ईंधन खरीद और संचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए वास्तविक समय पर नियंत्रण, पारदर्शिता और मूल्यवर्धित लाभ प्रदान करता है।

## राशिफल

**मेष** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में हुआ इजाफा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया कि लगातार छठे सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। चार अप्रैल को समाप्त पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 89.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर बढ़कर 574.98 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 63.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 79.99 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार 60 लाख करोड़ डॉलर घटकर 18.36 अरब डॉलर रहा।

### आईएमएफ में भारत का आरक्षित भंडार बढ़ा

केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 4.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.50 अरब डॉलर हो गया।

## शब्द पहेली - 5841




**बाएँ से दाए**


1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

**शब्द पहेली - 5840 का हल**








# 17 साल में 258 मैच : 8,252 रन बनाकर किंग बने कोहली, विकेट लेने में बादशाह हैं चहल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 18 अप्रैल को अपना 18वां जन्मदिन मना रहा है। इस टूर्नामेंट, जिसने क्रिकेट में क्रांति ला दी और खेल के परिदृश्य को हमेशा के लिए बदल दिया। जैसा कि लीग अपने 18वें सीजन में है, विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। सिर्फ एक फ्रेंचाइजी, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व करते हुए कोहली ने 258 मैच में आठ शतक और 58 अर्द्धशतक सहित 8,252 रन बनाए हैं।

लीग की शुरुआत कुछ कम नाटकीय नहीं थी। कोलकाता नाइट राइडर्स के ब्रेंडन मैकुलम ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ सिर्फ 73 गेंद पर दस चौकों और तेरह छक्कों की मदद से अविस्मरणीय 158* रन बनाकर धूम मचा दी थी। उस एक पारी ने क्रिकेट के उत्सव के आगमन की घोषणा कर दी थी।



## दूसरे नंबर पर हैं धवन

कोहली के ठीक पीछे अनुभवी भारतीय ओपनर शिखर धवन हैं, जिन्होंने 222 मैच में 6,769 रन बनाए हैं। कोहली के विपरीत, धवन ने पांच फ्रेंचाइजियों के लिए खेला है। इसमें मुंबई इंडियंस, डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली कैपिटल्स, और पंजाब किंग्स शामिल है।

## रोहित के नाम 6,710 रन

पांच बार आईपीएल जीतने वाले कप्तान रोहित शर्मा 263 मैच में 6,710 रन बनाकर इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने दो टीमों, डेक्कन चार्जर्स और मुंबई इंडियंस के लिए खेला है और दोनों ही टीमों के साथ ट्रॉफी जीती है, जिससे लीग के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है।

## चहल के नाम सर्वाधिक विकेट



गेंदबाजी में बात करें तो युजवेंद्र चहल 166 मैच में 211 विकेट लेकर चार्ट में सबसे आगे हैं। उनका आईपीएल सफर मुंबई इंडियंस के साथ शुरू हुआ, लेकिन वह आरसीबी में ही थे जहां उन्होंने सही मायने में तरक्की की। बाद में, उन्होंने राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व किया। अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला 192 मैच में 192 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर हैं। सूची में तीसरे स्थान पर केकेआर के दिग्गज सुनील नरेन हैं। 2012 में फ्रेंचाइजी में शामिल होने के बाद से, नरेन बल्ले और गेंद दोनों से खेल को बदलने वाले खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने 2012 में केकेआर की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी, जब उन्होंने 24 विकेट लिए थे और 2014 में, जब उन्होंने 21 विकेट लिए थे।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 6 | 5 | 1 | 10 |
| पंजाब | 7 | 5 | 2 | 10 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| बैंगलुरु | 7 | 4 | 3 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| राजस्थान | 7 | 2 | 5 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप

### कठिन विकेटों के अनुकूल ढलना होगा : विटोरी

**मुंबई।** अपने बल्लेबाजों से कठिन पिचों के अनुरुप शैली में बदलाव का आग्रह करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि हर पिच बल्लेबाजों की मददगार नहीं हो सकती और उन्हें अपने खेल में बदलाव करना होगा। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम पर सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हराया। मुंबई के आफ स्पिनर विल जैक्स ने 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। विटोरी ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि पिच पर किसी का नियंत्रण नहीं है तो यह तकदीर की भी बात है कि हमें ऐसे विकेट मिल रहे हैं जो हमें रास नहीं आ रहे।'



### श्रियांका 50 मीटर राइफल 3 पोजिशंस से बाहर

**लीमा।** पेरिस ओलंपिक खे चुकी श्रियांका साडंगी आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप के तीसरे दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में आठवें स्थान पर रही। वह विश्व कप व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रही लेकिन 45 शॉट के फाइनल में स्टैंडिंग पोजिशन दौर के दस शॉट के बाद बाहर हो गई। पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता अमेरिका की सागेन मडालिना ने स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों के थ्री पोजिशंस फाइनल में भारत का कोई भी निशानेबाज फाइनल में नहीं पहुंच सका।



### आरती ने एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स में दूसरा कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली।** फर्राटा धाविका आरती ने सऊदी अरब के दम्माम में शुक्रवार को लड़कियों की 200 मीटर स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल करते हुए एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। इससे पहले बुधवार को लड़कियों की 100 मीटर स्पर्धा में पोडियम पर जगह बनाने वाली भारतीय खिलाड़ी ने 24.31 सेकंड का समय निकालकर यूएई की मरियम करीम (23.99 सेकंड) और जापान की शिबाता मिसाटो (24.16 सेकंड) से पीछे रहीं। इस स्पर्धा में अन्य भारतीय धावक प्रिशा मिश्रा ने 25.16 सेकंड का समय लेकर आठवां स्थान हासिल किया।

## चहल, यानसन, अर्शदीप और बरार को 2-2 विकेट, टिम डेविड की फिफ्टी

# पंजाब ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से आरसीबी को हराया

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

पंजाब किंग्स ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बारिश से प्रभावित इंडियन प्रीमियर लीग के 14 ओवर के मैच में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पांच विकेट से हराया। टिम डेविड के शानदार अर्धशतक के बावजूद आरसीबी की टीम नौ विकेट पर 95 रन ही बना सकी। पंजाब किंग्स ने 12.1 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाकर जीत दर्ज की। पंजाब की यह सात मैचों में पांचवीं जीत है और टीम 10 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी। आरसीबी सात मैचों में आठ अंक के साथ चौथे स्थान पर है। पंजाब के लिए नेहल वढेरा ने 19 गेंद की नाबाद पारी में तीन छक्के और इतने ही चौकों की मदद से 33 रन बनाये। हेजलवुड आरसीबी के सबसे सफल गेंदबाज रहे उन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि भुवनेश्वर कुमार को दो सफलता मिली। बारिश और बूंदाबांदी के कारण मैच सवा दो घंटे की देरी से रात 9:45 बजे शुरू हुआ और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने पहले गेंदबाजी करने में संकोच नहीं किया। तेजी से रन बनाने के दबाव और पंजाब किंग्स की चतुर गेंदबाजी के आरसीबी की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। विकेटों के पतन के बीच डेविड ने 26 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके और तीन छक्के जड़ 50 रन बनाये। उन्होंने आखिरी विकेट के लिए हेजलवुड के साथ 14 गेंद में 32 रन की अटूट साझेदारी की। 'प्लेयर ऑफ द मैच' डेविड ने आखिरी ओवर में हरप्रीत बराड़ के खिलाफ हैट्रिक छक्का जड़ टीम के स्कोर को 90 रन के पार पहुंचाया। डेविड के अलावा केवल कप्तान रजत पाटीदार (18 गेंद में 23 रन) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। पंजाब के लिए अर्शदीप सिंह, मार्को यानसेन, युजवेंद्र चहल और हरप्रीत बराड़ ने दो-दो जबकि जेवियर बार्टलेट ने एक विकेट लिया। चहल और यानसेन काफी किफायती रहे। उन्होंने तीन ओवर में के अपने-अपने कोटे में क्रमशः 11 और 10 रन ही दिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रियांश आर्य (16) ने यश दयाल तो वहीं प्रभसिमरन (13) ने भुवनेश्वर के खिलाफ चौके जड़े। प्रभसिमरन हालांकि भुवनेश्वर की गेंद पर आकाशीय शॉट खेल कर डेविड को कैच दे बैठे। आर्य ने अगले ओवर में हेजलवुड की गेंद को दर्शकों के पास भेजा ने इस अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई ने अतिरिक्त उछाल वाली गेंद पर उन्हें फंसा लिया।



### बादशाहत पर दिल्ली और गुजरात की नजर, मैच आज

**अहमदाबाद।** डैथ ओवरों में गेंदबाजी का मिचेल स्टार्क का हुनर और मोहम्मद सिराज की सटीकता का सामना होगा जब शानदार फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस आईपीएल में श्रेष्ठता के मुकाबले में शनिवार को आमने सामने होंगी। कैपिटल्स छह मैचों में दस अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि टाइटंस छह मैचों में आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराकर दिल्ली के हौसले बुलंद है। दिल्ली ने एक बार फिर दबाव में जीत दर्ज की और उसके शिल्पकार रहे स्टार्क।

### रॉयल्स को जाइंट्स के खिलाफ जीत की जरूरत

**जयपुर।** प्रदर्शन में निरंतरता के लिए जूझ रही राजस्थान रॉयल्स लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में लगातार तीन हार के सिलसिले को तोड़ने के इरादे से उतरेगी। सात मैचों में महज दो जीत के बाद रॉयल्स तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले मैच में उसे दिल्ली कैपिटल्स ने सुपर ओवर में हराया था। रॉयल्स को इस हार को भुलाकर अब ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ टीम पर जीत के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करनी होगी।

खास खबर

## वीर और अनहत ने विश्व स्क्वाश के सेमीफाइनल में बनाई जगह



**कुआलालंपुर।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वीर चोटरानी और अनहत सिंह ने शुक्रवार को यहां अलग अलग अंदाज में अपने मुकाबले जीतकर विश्व चैंपियनशिप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त चोटरानी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मलेशिया के मोहम्मद सयाफिक कमाल पर 9-11, 11-6, 11-6, 11-7 से जीत दर्ज की। वहीं महिलाओं के क्वार्टर फाइनल में 17 साल की पांचवीं वरीय अनहत ने दबदबे भरा प्रदर्शन करते हुए जापान की अकारी मिडोरिकावा को 11-1, 11-7, 11-5 से मात दी। अब वह शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त हांगकांग की हेलेन तांग से भिड़ेंगी जिन्होंने भारत की तन्वी खन्ना को शिकस्त दी। तन्वी 5-11, 6-11, 12-10, 9-11 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। खन्ना ने पिछले मैच में हांगकांग की एन चिंग चेंग को हराया था।

## लय में रोहित, जल्द ही खेलेंगे बड़ी पारी



**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर का मानना है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा आईपीएल में लय में लौट रहे हैं। रोहित इस सत्र में छह मैचों में अर्धशतक नहीं बना सके। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गुरुवार को 26 रन का स्कोर उनका सर्वोच्च स्कोर है। मुंबई इंडियंस के पूर्व मुख्य कोच बाउचर ने आईपीएल प्रसारकों से कहा, 'हमने इस मैच में रोहित शर्मा की शैली के बड़े छक्के देखे। मुझे उसके तेवर पसंद आए। उसने गेंदबाजों पर दबाव बनाया और रन बनाने के मौके तलाशे। वह जल्दी ही बड़ी पारी खेलेगा।'

## पेगुला, गाफ की स्टटगार्टओपन में शानदार जीत



**स्टटगार्ट।** तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने मेगडालिनी फ्रेच को 6-1, 6-1 से हराकर पोर्शे ग्रां प्री के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस महीने चार्लेसटन ओपन जीतने वाली पेगुला ने पोलैंड की अपनी प्रतिद्वंद्वी को सिर्फ 59 मिनट में हराया। अमेरिका की पेगुला का सामना अब एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को 6-3, 6-2 से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने एला सीडेल को 6-1, 6-1 से हराया। अब वह पांचवीं वरीयता प्राप्त जैसमीन पाओलिनी से खेलेंगी जिन्होंने जूली नीमीर को 6-1, 7-5 से मात दी।

क्रिकेट

## सहायक कोच के लिए पहली पसंद नहीं थे अभिषेक नायर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर को सहयोगी स्टाफ के एक महत्वपूर्ण सदस्य के साथ अनबन की अटकलों के बीच हटा दिया गया है। उनका कार्यकाल महज आठ महीने में समाप्त हो गया। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि नायर पर भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खराब प्रदर्शन के कारण यह कार्रवाई हुई है।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद हुई बैठक में सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य ने अभिषेक नायर की ड्रेसिंग रूम में मौजूदगी पर सवाल खड़े किए थे। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, सितांशु कोटक के सहयोगी स्टाफ में शामिल होने के बाद से नायर को बाहर करने की बात चल रही थी। बीसीसीआई से जुड़े सूत्र ने कहा- ऑस्ट्रेलिया दौरे के ठीक बाद बीसीसीआई ने समीक्षा बैठक की। इसमें सचिव देवजीत सैकिया और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला समेत बोर्ड के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे।

साथ ही भारतीय टीम से जुड़े अहम सदस्य और राष्ट्रीय चयनकर्ता भी मौजूद थे। बैठक के दौरान सहयोगी स्टाफ के एक प्रभावशाली सदस्य ने नायर की उपस्थिति को लेकर अपनी आशंकाएं व्यक्त कीं और कहा कि ड्रेसिंग रूम में उनका रहना प्रतिकूल साबित हो रहा है। सूत्र ने आगे कहा, बीसीसीआई ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की लेकिन उन्होंने सौराष्ट्र के पूर्व रन-संग्रहकर्ता कोटक को शामिल कर लिया। यह चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान नायर को दरकिनार करने का एक तरीका था।

### नायर नहीं थे पहली पसंद

इससे एक चीज साफ है कि अभिषेक नायर बतौर सहायक कोच बीसीसीआई की पहली पसंद नहीं थे। उन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा के बीच दूरियां कम करने के लिए नियुक्त किया गया था। हालांकि, अब तक यह नहीं पता चला है कि रोहित शर्मा को नायर और टी दिलीप को हटाने के फैसले की जानकारी दी गई थी या नहीं।

## गुरुग्राम के गोल्फर तपेंद्र ने जीता कैलेंस ओपन

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम के गोल्फर तपेंद्र घई ने कैलेंस ओपन गोल्फ के आखिरी दिन शुक्रवार को यहां इवन-पार 70 के कार्ड खेलकर खिताब अपने नाम किया। इस 29 साल के गोल्फर ने एक करोड़ रुपये वाले इस टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद चार शॉट की बढ़त बना ली थी। उन्होंने चौथे चरण में पार कार्ड खेलने के बाद कुल 17-अंडर 263 (64-67-62-70) के स्कोर के साथ सप्ताह का समापन किया। उन्होंने कुतुब गोल्फ कोर्स में अंतिम चरण में तीन बर्डी और तीन बोगी लगाई। यह पीजीटीआई पर 2018 के बाद उनका दूसरा खिताब है। इस जीत से घई को 15 लाख रुपए का चेक मिला जिसने उन्हें पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 53वें से 15वें स्थान पर पहुंचा दिया। दिल्ली के गोल्फर अर्जुन प्रसाद (67-68-67-62) ने अंतिम दिन सबसे कम आठ अंडर 62 का कार्ड खेला। वह कुल 16 अंडर के स्कोर के साथ 10 स्थान की छलांग लगाकर हनी बैसोया (64-68-65-67) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे दौर में 60 के कार्ड के साथ कोर्स रिकॉर्ड बनाने वाले क्षितिज नावेद कौल ने शुक्रवार को 64 का कार्ड खेला जिससे वह 15 अंडर 265 के स्कोर के साथ चौथे पायदान पर रहे।




# भारत ने एशियाई चैंपियनशिप के लिए भेजा 56 सदस्यीय दल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने जोर्डन के अम्मान में आयोजित होने वाली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए 56 सदस्यीय दल भेजा है। यह एशियाई मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहली प्रतियोगिता है जिसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' दोनों का समर्थन प्राप्त है।

अंडर-17 लड़कों की टीम में साहिल दुहान और देवांश शामिल हैं जिन्होंने 2024 एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते थे। वहीं टीम में चुने गए टीकम सिंह एसजीएफआई 2024 स्वर्ण पदक विजेता हैं। लड़कियों के वर्ग में समीक्षा सिंह, अंशिका और खुशी चंद 2024 एशियाई स्कूल मुक्केबाजी चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियों की) में पदक विजेताओं में शामिल थीं। अंडर-15 दल में 2024 में एशियाई स्कूल चैंपियनशिप (लड़कों) के कांस्य पदक विजेता रवि सिहाग के साथ-साथ 2024 की सब-जूनियर राष्ट्रीय बालिका मुक्केबाजी चैंपियन (64-67 किग्रा) तृष्णा मोहिते शामिल हैं।



टीम का चयन विश्व मुक्केबाजी द्वारा गठित अंतरिम समिति द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष अजय सिंह ने की। शुरूआती दौर शनिवार को शुरू होंगे।

## तीन सीजन में ही घरेलू क्रिकेट और लड़कियों पर साफ दिखने लगा असर

# महिला खिलाड़ियों को सशक्त कर रही डब्लूपीएल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पिछले छह साल में महिला क्रिकेट के लिए काफी काम किया है। पुरुषों की इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर शुरू हुई महिला प्रीमियर लीग निश्चित रूप से युवा खिलाड़ियों को सशक्त कर रही है।

मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने डब्लूपीएल खिताब अपनी झोली में डाला था जो आरसीबी की कैबिनेट में एकमात्र ट्रॉफी है। महाराष्ट्र के सांगली जिले की इस स्टार क्रिकेटर का कहना है कि अभी तो डब्ल्यूपीएल के तीन चरण ही खेले गए हैं लेकिन इसका असर घरेलू क्रिकेट और लड़कियों पर साफ दिखने लगा है। उन्होंने कहा, 'अंडर-19 टीम की खिलाड़ियों में बड़ा बदलाव आया है, उन्हें इतनी सारी चीजें पता हैं जो हम अपने दिनों में नहीं जानते थे। इसलिए लीग के आने से काफी विकास हुआ है। अब टीवी पर भी महिला क्रिकेट का प्रसारण होता है, सब भारतीय महिला टीम को जानते हैं। बीसीसीआई ने पिछले छह साल में महिला क्रिकेट के लिए बहुत काम किया है।' मंधाना ने दुबई में 'सिटी क्रिकेट अकादमी' के लांच के मौके पर चुनिंदा मीडिया से वर्चुअल बातचीत में कहा, 'पिछले तीन वर्षों में डब्लूपीएल किस तरह से आगे बढ़ा है, इसे देखने के लिए कितनी सारी लड़कियां आ रही हैं, आप स्पष्ट बदलाव देख सकते हैं। छोटी छोटी लड़कियां भी हमारे पास आ रही हैं और वे क्रिकेटर बनना चाहती हैं जो बहुत अच्छी चीज है। काफी माता-पिता अपनी बच्चियों को अकादमी में भेज रहे हैं ताकि वे डब्ल्यूपीएल में खेल सकें।'



### अकादमी शुरू करने की बना रही योजना

मंधाना काफी समय से खुद की अकादमी बनाने पर विचार कर रही थीं लेकिन अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण ऐसा नहीं कर पा रही थीं। फिर इस बारे में असम के पूर्व क्रिकेटर और ब्रिटेन में बसे मशहूर कोच डॉन भगवती से भी उनकी बातचीत हुई जिन्होंने लीस्टर में बहुत साल पहले अपनी अकादमी शुरू की थी। अब दुबई के बाद भगवती की योजना भारत में भी इसी तरह की अकादमी शुरू करने की है। अकादमी में युवा प्रतिभाओं को तराशने में डॉन की पत्नी का अनुभव भी काम आता है जो इंग्लैंड की क्रिकेटर रह चुकी हैं।

## पीएम नरेंद्र मोदी और एलन मस्क की फोन पर हुई बातचीत

# दोनों ने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में आपसी साझेदारी बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क के साथ फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग को बढ़ाने के बारे में चर्चा की। पीएम ने कहा हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर बातचीत की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट किया कि एलन मस्क से बात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें इस साल की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान उठे विषय भी शामिल थे। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर बातचीत की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पीएम मोदी ने कहा कि एलन मस्क के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें इस साल की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान उठे विषय भी शामिल थे। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर बातचीत की

**भारत और अमेरिका उभरते क्षेत्रों में करेंगे सहयोग**

**फरवरी में पीएम मोदी के यूएस दौरे पर मस्क मिले थे**



### नवीकरणीय उर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्र में भी सहयोग की आशा

पीएम मोदी और मस्क दोनों ने इससे पहले इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे उभरते क्षेत्रों में भविष्य के सहयोग के बारे में आशा व्यक्त की थी पीएम मोदी और मस्क की इससे पहले फरवरी में पीएम मोदी की अमेरिका की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान मुलाकात हुई थी। दोनों ने इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे उभरते क्षेत्रों में भविष्य के सहयोग के बारे में आशा व्यक्त की थी।

### भारतीय अधिकारियों से बात कर रही टेस्ला

यह बातचीत मस्क की कंपनियों– विशेष रूप से टेस्ला और स्टारलिंक की भारतीय बाजार में बढ़ती दिलचस्पी के बीच हुई है। टेस्ला देश में मैन्युफैक्चरिंग बेस स्थापित करने के लिए भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत कर रही है। वहीं मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो ने मार्च में भारत में स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं लाने के लिए मस्क की स्पेसएक्स के साथ एक समझौते की घोषणा की थी। टेलीकॉम टाइकून सुनील भारती मित्तल की भारती एयरटेल ने भी स्पेसएक्स के साथ इसी तरह की साझेदारी की है। मस्क को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन में सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक माना जाता है। मस्क सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं जिसका उद्देश्य सरकारी व्यय में कटौती एवं संघीय कार्यबल को कम करना है।

## अमेरिकी उप राष्ट्रपति की यात्रा से मिलेंगे अच्छे परिणाम

**मानेसर।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की अगले सप्ताह भारत यात्रा से पहले इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को इस यात्रा से 'सकारात्मक परिणाम'




मिलने की उम्मीद जताई। वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज के एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इसके बहुत सकारात्मक परिणाम होंगे, क्योंकि हमने इस मामले को बहुत ही व्यावहारिक और सक्रिय तरीके से लिया है तथा हम इसमें लगातार लगे हुए हैं। वैष्णव ने कहा कि समय के साथ भारत एक बहुत ही विश्वसनीय देश के रूप में उभरा है, क्योंकि पीएम नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से विदेश नीति का संचालन किया है, उससे आज हमारे देश के प्रति जो विश्वास उत्पन्न हुआ है, वह हम सभी के लिए एक बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण कारक होने वाला है।

## खबर संक्षेप

### इटली में केबल कार दुर्घटना में 4 की मौत

**रोम।** इटली में नेपल्स के दक्षिण में एक केबल कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन पर्यटकों सहित चार



लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक ब्रिटिश और एक इजराइली महिला भी शामिल है। विको इक्वेन्स के मेयर के प्रवक्ता मार्को डी रोजा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को हुई दुर्घटना में मारे गए तीन विदेशी पर्यटकों में से केवल दो की ही पहचान हो पाई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक 'ट्रैक्शन केबल' के टूटने की वजह से यह दुर्घटना हुई। इतालवी अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### रास ईसा बंदरगाह पर हमले में 38 की मौत

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को दावा किया कि तेल बंदरगाह को निशाना बनाकर किए



गए अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 74 हो गई है जबकि 171 अन्य घायल हैं। यमन की राजधानी सना में विद्रोहियों के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी में रात भर किए गए हमलों से हुई तबाही का उल्लेख किया गया है, जिसमें ईंधन ट्रकों में आग लग गई और रात के समय आसमान में आग के गोले धधक उठे। यह हमला 15 मार्च से जारी हमलों में सबसे घातक था।

### विमान के अपहरणकर्ता को यात्री ने गोली मारी

**मेक्सिको सिटी।** अमेरिका के एक पूर्व सैन्यकर्मी ने बेलीज में एक छोटे यात्री विमान का अपहरण कर



लिया जिसके बाद वह एक यात्री द्वारा चलाई गई गोली लगने से मारा गया। बेलीज पुलिस ने अपहरणकर्ता की पहचान अकिनयेला टेलर के रूप में की है। उसने जिस 'ट्रिपोक एयर' विमान का अपहरण किया था उसमें 14 यात्री और चालक दल के दो सदस्य सवार थे। बेलीज के पुलिस आयुक्त चेस्टर विलियम्स ने बताया कि टेलर ने विमान में सवार दो यात्रियों और एक पायलट पर चाकू से वार किया। टेलर एक यात्री द्वारा चलाई गई गोली लगने से मारा गया।

## शिकायत के साथ शुरू हुई बांग्लादेश और पाक के बीच 15 साल बाद विदेश सचिव स्तर की बैठक

# 1971 के अत्याचारों के लिए सरेआम माफी मांगे पाकिस्तान, दे 4.3 अरब डॉलर का मुआवजा

एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच 15 साल बाद विदेश सचिव स्तर की बैठक हुई, जिसमें बांग्लादेश ने कई पुराने और संवेदनशील मुद्दे उठाए। बांग्लादेश ने पाकिस्तान से 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान ऑपरेशन सर्चलाइट का भी जिक्र किया जिसमें पाकिस्तानी सेना द्वारा बंगालियों के खिलाफ किए गए अत्याचारों के लिए औपचारिक माफी मांगने को कहा है। इतना ही नहीं उसने पाकिस्तान की परिसंपत्तियों में अपना हिस्सा मांगते हुए इस्लामाबाद से बांग्लादेश को बकाया 4.5 अरब डॉलर का मुआवजा अदा करने को भी कहा है। बांग्लादेश और पाकिस्तान ने गुरुवार को पद्मा स्थित स्टेट गेस्ट हाउस में विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) आयोजित किया। बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन और पाकिस्तान के समकक्ष आमना बलूच ने एफओसी में अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस बातचीत में दोनों देशों के बीच अब भी कई मुद्दे अनसुलझे हैं। वहीं इसके जवाब में पाकिस्तान ने भी इन मुद्दों पर बातचीत जारी रखने की इच्छा जताई है, हालांकि पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं दी है। हालांकि दोनों देशों ने आपसी रिश्तों को बेहतर बनाने की इच्छा भी जताई और व्यापार, कनेक्टिविटी व आपसी सहयोग जैसे विषयों पर चर्चा की। बता दें, बलूच ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन से भी अलग-अलग मुलाकात की और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की।

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस बातचीत में दोनों देशों के बीच अब भी कई मुद्दे अनसुलझे हैं। वहीं इसके जवाब में पाकिस्तान ने भी इन मुद्दों पर बातचीत जारी रखने की इच्छा जताई है, हालांकि पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं दी है



### ऑपरेशन सर्चलाइट

बांग्लादेश कई संवेदनशील मुद्दों को भूल नहीं पाया है और समय-समय पर माफी की मांग करता रहा है। खासतौर पर 1971 में पाकिस्तान सेना द्वारा किए गए अत्याचारों का जिक्र करते हुए बांग्लादेश ने कहा कि इन घटनाओं के लिए पाकिस्तान को आधिकारिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। बता दें, ऑपरेशन सर्चलाइट के दौरान पाकिस्तानी सेना ने अनुमानित 30 लाख बंगालियों को मार डाला और 10 लाख से अधिक महिलाओं के साथ बलात्कार किया था।

### पुराने मामलों का हल जरूरी

मामले में बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन ने बताया कि पाकिस्तान के साथ अच्छे और स्थायी रिश्ते बनाने के लिए पुराने मामलों का हल जरूरी है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश ने 4.32 अरब डॉलर के अपने वित्तीय दावे के साथ-साथ अन्य मुद्दों को भी सामने रखा। इसमें 1971 के युद्ध के दौरान बांग्लादेश छोड़ने में असमर्थ 'फंसे हुए पाकिस्तानियों' की वापसी और 1970 के चक्रवात में मिली विदेशी मदद के पैसे की बात भी शामिल थी।

### भोला चक्रवात की सहायता राशि नहीं दी

रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान ने 1970 के भोला चक्रवात के बाद बांग्लादेश को विदेशी सहायता में 200 मिलियन डॉलर का अपना हिस्सा आवंटित नहीं किया। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, 1970 का चक्रवात भोला दुनिया का सबसे घातक उष्णकटिबंधीय चक्रवात था, जिसने वर्तमान बांग्लादेश में 5 लाख लोगों की जान ले ली थी।

### 27-28 अप्रैल को डार का दौरा

जशीम उद्दीन ने कहा कि पाकिस्तान के उप पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार 27-28 अप्रैल को बांग्लादेश की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। यह 2012 के बाद किसी पाकिस्तानी विदेश मंत्री की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। बांग्लादेश का मानना है कि अगर पाकिस्तान इन मुद्दों पर गंभीरता से बात करे, तो दोनों देशों के रिश्ते एक नए और बेहतर रास्ते पर बढ़ सकते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच सीधी उड़ानें जल्द ही शुरू की जाएंगी।

## एफबीआई को मिली बड़ी कामयाबी

# 14 धमाकों का मास्टरमाइंड आतंकी हरप्रीत गिरफ्तार




एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका में रहने वाले आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया को गिरफ्तार कर लिया है। एफबीआई और अमेरिकी इमिग्रेशन विभाग ने उसे अपने शिकंजे में ले लिया है। वह पिछले छह महीनों में पंजाब में 14 आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार है। आतंकी भारत के सबसे वांछित आतंकियों में से एक है। उस पर 5 लाख रुपये का इनाम था। वह अभी आईसीई (इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट) की हिरासत में है। सूत्रों के मुताबिक, हैप्पी पासिया ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और बब्बर खालसा इंटरनेशनल के साथ मिलकर आतंकी हमलों को अंजाम दिया। हैप्पी पासिया ने पंजाब के पुलिस प्रतिष्ठानों पर कई आतंकी हमले किए और सोशल मीडिया पर उनकी जिम्मेदारी ली।

### एनआईए की चार्जशीट में था हैप्पी का नाम

इससे पहले 23 मार्च को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2024 चंडीगढ़ ग्रेनेड हमला मामले में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) आतंकवादी संगठन के चार आतंकवादी गुर्गों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। आरोप पत्र दायर करने वाले आरोपियों में पाकिस्तान स्थित नामित व्यक्तिगत आतंकवादी हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा और अमेरिका स्थित हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया शामिल हैं। दोनों आतंकवादी हमले के पीछे मुख्य संचालक और साजिशकर्ता थे। उन्होंने ग्रेनेड हमले को अंजाम देने के लिए चंडीगढ़ में भारत स्थित जमीनी गुर्गों को रसद सहायता, आतंकी फंड, हथियार और गोला-बारूद मुहैया कराया था। सितंबर 2024 के हमले का मकसद पंजाब पुलिस के एक सेवानिवृत्त अधिकारी को निशाना बनाना था।

### हरप्रीत के प्रत्यर्पण की मांग: डीजीपी

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने शुक्रवार को गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया की अमेरिका में गिरफ्तारी को 'आतंकवाद के खिलाफ युद्ध की सफलता में एक बड़ी उपलब्धि' बताया और कहा कि पंजाब पुलिस ने इस मामले को केंद्र सरकार के समक्ष उठाया है और उसके प्रत्यर्पण के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। यादव ने कहा कि आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल के अमेरिका स्थित प्रमुख गुर्गा और पाकिस्तानी आतंकवादी रिंदा के करीबी सहयोगी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया की गिरफ्तारी आतंकी नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई में एक बड़ी उपलब्धि है।

# भारत-ब्रिटेन रक्षा परामर्श समूह की 24वीं बैठक संपन्न हुई

भारत की तरफ से रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह हुए शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत और ब्रिटेन के बीच लंदन में हुई वार्षिक रक्षा परामर्श समूह की 24 वीं बैठक संपन्न हो गई है। जिसमें रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने वार्ता की सह-अध्यक्षता की और उनके साथ लंदन के रक्षा मामलों के स्थायी उप सचिव डेविड विलियम्स शामिल हुए। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि बीते 16 से 17 अप्रैल के बीच हुई इस वार्ता में दोनों पक्षों के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर उभरते हुए भू-राजनीतिक परिदृश्य



की समीक्षा की गई। साथ ही रक्षा संबंधों को सशक्त बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई गई। दोनों देशों के बीच हुई इस बैठक का संबंध दरअसल 2021 में भारत-ब्रिटेन के बीच हुई रणनीतिक साझेदारी और 2030 के रोडमैप से जुड़ा हुआ है।

### ब्रिटेन के एनएसए से मिले सिंह

मंत्रालय ने बताया कि बैठक के साथ ही रक्षा सचिव ने ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जोनाथन पावेल से मुलाकात की। जिसमें दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं के बीच सैन्य संबंधों को आगे बढ़ाने और रक्षा उद्योगों के बीच सहभागिता मजबूत बनाने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। राजेश कुमार सिंह ने भारत-ब्रिटेन रक्षा उद्योग गोलमेज सम्मेलन को भी संबोधित किया। उन्होंने नौसेना प्रणालियों, ड्रोन, निगरानी, रक्षा अंतरिक्ष और विमानन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअप की बढ़ती क्षमताओं का जिक्र किया। साथ ही ब्रिटिश कंपनियों से इनमें साझेदारी की संभावनाएं तलाशने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, भारत भविष्य में रक्षा उद्योग जगत की भागीदारी को दिशा देने के लिए औद्योगिक सहयोग रोडमैप विकसित करने के उद्देश्य से ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। रक्षा सचिव ने ब्रिटेन की कंपनियों को भारत के तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश के विशेष रक्षा गलियारों में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया।

## छत्तीसगढ़ में लाल आंतक को झटका, सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता

# 33 नक्सलियों ने किया सरेंडर, आधों पर था कुल 49 लाख रुपए का इनाम

एजेंसी ⏭ सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में लाल आतंक को करारा झटका लगा है। शुक्रवार को सुरक्षाबलों को उस वक्त बड़ी सफलता मिली जब 11 महिलाओं समेत कम से कम 33 नक्सलियों ने उनके सामने आत्मसमर्पण कर दिया, इनमें से लगभग आधे यानी 17 पर 49 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इस बारे में जानकारी देते हुए सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि 9 महिलाओं समेत 22 नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल



(सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष हथियार डाले, जबकि बाद में 2 महिलाओं समेत 11 अन्य नक्सलियों ने भी पुलिस अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली सुरक्षा बलों पर कई हमलों में भी शामिल रह चुके हैं। चव्हाण ने बताया कि हथियार डालने वाले माओवादियों में माड़ डिवीजन के तहत पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) कंपनी नंबर 1 में डिप्टी कमांडर मुचाकी जोगा (33) और उसी दस्ते की सदस्य व उसकी पत्नी मुचाकी जोगी (28) शामिल हैं, जिन पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था। अन्य नक्सलियों में किकिद देवे (30) और मनोज उर्फ दुधी बुधरा (28) शामिल हैं, जो कि माओवादियों के एरिया कमेटी के सदस्य हैं और जिन पर 5-5 लाख का इनाम था। 7 अन्य नक्सलियों पर 2-2 लाख का इनाम था, जबकि एक अन्य नक्सली पर 50,000 रुपए का इनाम था।

## चीन से हाथ मिलाने की तैयारी में यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

# मेलोनी संग बैठक में बोले- ईयू संग टैरिफ डील को लेकर कोई हड़बड़ी नहीं

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

ट्रंप ने अब चीन से हाथ मिलाने की तैयारी की है। उन्होंने चीन के साथ अच्छे व्यापार समझौते पर पहुंचने का विश्वास व्यक्त किया। व्हाइट हाउस में इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कहा कि हम एक सौदा करने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि हम चीन के साथ एक बहुत अच्छा सौदा करने जा रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को यूरोपीय संघ या किसी और के साथ टैरिफ को लेकर सौदा करने में बहुत कम समस्या होगी। इसलिए कोई हड़बड़ी नहीं है। ट्रंप ने जवाबी टैरिफ पर 90-दिवसीय रोक समाप्त होने से पहले यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौते पर पहुंचने का विश्वास भी व्यक्त किया।

### टैरिफ के खिलाफ कैलिफोर्निया ने किया केस



कैलिफोर्निया सरकार ने संघीय अदालत में ट्रंप के खिलाफ सान फ्रांसिस्को की कोर्ट में याचिका दायर की। इसमें गवर्नर न्यूसम ने कहा, ट्रंप के टैरिफ से न सिर्फ कैलिफोर्निया, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को भी क्षति पहुंची है। इससे कारोबार पर बुरा असर पड़ा है। ट्रंप द्वारा विदेशी आयात पर लगाए गए व्यापक टैरिफ के खिलाफ अमेरिका में कैलिफोर्निया ऐसा पहला राज्य बन गया है।

### सुप्रीम कोर्ट से डोनाल्ड ट्रंप को झटका

ट्रंप को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। अदालत ने ट्रंप के जन्म से नागरिकता प्रतिबंधों पर रोक लगा दी है। हालांकि, अदालत ने दलीलें सुनने पर सहमति जताई है। इस मुद्दे पर मई में दलीलें सुनी जाएंगी। अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले लोगों के बच्चों के लिए जन्म से नागरिकता समाप्त करने के ट्रंप के कार्यकारी आदेश को देश भर की तीन जिला अदालतों ने रोक दिया है।

## आईओएस सागर पहल के तहत रक्षा मंत्री ने 5 अप्रैल को युद्धपोत को कर्नाटक के कारवार से किया था रवाना

# नकाला बंदरगाह पहुंचा आईओआर के निगरानी मिशन पर निकला 'सुनयना'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हिंद महासागर के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में समुद्री गश्त के साथ वहां पड़ने वाले विशिष्ट आर्थिक जोन (ईईजेड) की संयुक्त निगरानी के लिए 5 अप्रैल को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा भारत के कारवार (कर्नाटक) से रवाना किया गया सुनयना युद्धपोत अपने दूसरे पड़ाव यानी मोजाम्बिक के नकाला बंदरगाह पर पहुंच गया है। जहां मोजाम्बिक के चीफ ऑफ कमीशन ने युद्धपोत पर सवार भारत समेत 9 देशों के नौसैन्य कर्मियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उनका नौसैन्य बैंड भी उस वक्त पर मौजूद था। नौसेना ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि भारतीय युद्धपोत को हिंद महासागर जहाज सागर (आईओएस) पहल के तहत इस अभियान पर भेजा गया है। 17 अप्रैल को मोजाम्बिक पहुंचने से पहले उसने तंजानिया के दार-एस-सलाम में हुए भारत-अफ्रीका समुद्री भागीदारी युद्धाभ्यास अकेयम-25 के उद्घाटन सत्र में भाग लिया था।



### महीनेभर से अधिक की होगी यात्रा

यहां बता दें कि सुनयना युद्धपोत पर भारत के साथ ही अफ्रीका महाद्वीप के 9 देशों (कोमोरोस, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स, श्रीलंका और दक्षिण-अफ्रीका) के कुल 44 कर्मी एक साथ सवार हैं। यह सभी कुल 33 दिनों तक आईओआर की इस यात्रा में साथ रहेंगे। युद्धपोत के 8 मई को कोच्चि पहुंचने के साथ ही भारत वापसी होगी। नौसेना ने कहा कि आईओएस सागर एक बेहद अनोखा मिशन है जो केंद्र सरकार की सागर पहल से जुड़ा हुआ है। इसे सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन के नाम से भी जाना जाता है। अभियान का उद्देश्य भारत और अफ्रीकी देशों के साथ वैश्विक सहयोग को मजबूती प्रदान करना है।

### नकाला के बाद इन जगहों पर होगा पड़ाव

मोजाम्बिक के नकाला बंदरगाह के बाद सुनयना युद्धपोत के बाकी समुद्री पड़ावों में मॉरीशस का पोर्ट लुईस बंदरगाह, सेशेल्स का पोर्ट विक्टोरिया बंदरगाह और अंत में मालदीव का माले बंदरगाह होगा। इसके बाद उसकी भारत वापसी होगी। सुनयना पोत के नकाला पहुंचने पर भारत और मोजाम्बिक की नौसेनाओं के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिलेगी। वहीं, मोजाम्बिक में बंदरगाह पड़ाव के दौरान कई तरह की गतिविधियां होंगी। जिनमें क्षमता विकास, रणनीतिक सामंजस्य, मोजाम्बिक की नौसेना के साथ सामुदायिक कार्यक्रम मुख्य हैं। संयुक्त प्रशिक्षण, खोज और जब्ती अभियान सहित आग बुझाने और नुकसान का नियंत्रण से जुड़ी प्रक्रिया भी इसमें शामिल है। समुद्री मित्रता के तहत जहाज के डेक पर स्थानीय अधिकारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के लिए रिसेप्शन दिया जाएगा। सामुदायिक मुलाकात के तहत युद्धपोत के चालक दल के लिए योग सत्र का आयोजन भी होगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109